राज्यसभाः सभापति ने मिमिक्री मामले ... पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 20 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-64 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### निलंबित आईएएस अफसर पूजा मामले में अगली सुनवाई 23 को



**रांची।** मनरेगा घोटाले में मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह खूंटी के तत्कालीन नजारत डीसी अभय नंदन अंबष्ठ से बर्खास्त कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा और कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश की ओर से जिरह किया गया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है।

### पश्चिमी सिंहभूम में दो आईईडी बम बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटातोरब और चिड़ियाबेड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान दो आईईडी बम बरामद किया गया है। बरामद आईईडी में 10 किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों के जरिये लगाये गये दो आईईडी बरामद किया गया है। दोनों आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सांगेन अगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर गत 10 अक्टूबर से पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है। नक्सलियों के खात्मे तक अभियान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि गत 18 दिसंबर को भी जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र से तीन आईईडी बम बरामद किए गए थे।

### रांची में पान मसाला कारोबारी सिंघानिया के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**रांची।** झारखंड के बड़े पान मसाला व्यापारी जय कुमार सिंघानिया के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापा मारा है। मंगलवार सुबह दो गाड़ियों से पहुंचे अधिकारियों की टीम राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित जय सिंघानिया के ठिकानों पर छानबीन कर रही है। इस कारोबारी के एक ठिकाने के बाहर आयकर विभाग की गाड़ी खड़ी है। साथ ही सुरक्षा में सीआरपीएफ के जवान भी तैनात हैं। किसी को भी अंदर से बाहर या बाहर से अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। बताया गया है कि टीम सिंघानिया के कार्यालय की लोकेशन की जानकारी भी जुटा रही है। वहां की लोकेशन मिलते ही दबिश दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने गुमला में 402 करोड़ की 105 योजनाओं का शिलान्यास व 64 करोड़ की 45 योजनाओं का किया उद्घाटन

# एक-एक पाई इकट्ठा कर देंगे आवास : हेमंत

- आपके द्वार आकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है सरकार, सभी को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा
- 1,45,091 लाभुकों के बीच 204 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण
- मुख्यमंत्री ने कुल 85 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा
- मुख्यमंत्री ने चैनपुर पंचायत के बिंदोरा गांव में लाभुकों से किया संवाद



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी गांव में बसती है। सरकार गठन से पूर्व मैंने कहा था हमारी सरकार का संचालन गांव और पंचायत से होगा। सरकार राज्यवासियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रखंड कार्यालय और जिला मुख्यालय नहीं बुलाएगी, बल्कि आपकी सरकार खुद आपके द्वार आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार तीसरी बार चरण का आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गांव और पंचायत में कर रही है। आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान और उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री जिले की कसीरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा इस तरह के उत्सव और त्योहार रूपी शिविर का आयोजन होता रहेगा। गांव को मजबूत किए बिना राज्य को सशक्त नहीं कर सकते। यही वजह है कि आपकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी। इसके लिए हम सब को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा।

**जरूरतमंदों को देंगे आवास :** मुख्यमंत्री ने कहा शेष पृष्ठ 11 पर

### ये जानना जरूरी है...

- गुमला में 625 करोड़ रुपये की लागत से 800 किमी ग्रामीण सड़क एवं पथ निर्माण विभाग के तहत 300 करोड़ रुपये की लागत से 200 किमी सड़क का निर्माण हो रहा है।
- नौ सिंचाई योजना का कार्य 242 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। 25 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने का लक्ष्य।
- विभिन्न पेंशन योजना के तहत 92225 लाभुकों को स्वीकृति पत्र।
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 25, 332 किशोरियों को लाभ।
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत 3804 लाभुकों को स्वीकृति पत्र।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकाए योजना के तहत 1050 लाभुकों को स्वीकृति पत्र।
- सामुदायिक वन पट्टा के 95.14 (एकड़) भूमि।
- साईकिल वितरण योजना के तहत 500 साईकिल का वितरण समेत अन्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

### बेहतर शिक्षा के लिए हो रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बेटियों की पढ़ाई नहीं छूटे, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। वहीं उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू किया गया है। सरकार इस योजना के तहत अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहयोग करेगी। राज्य सरकार यहां के दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक के बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। वर्तमान में गुमला के चार बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। पूरे राज्य में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय शुरू करने की योजना है। फिलहाल राज्य में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया है।

### पूर्वजों की लड़ाई व्यर्थ नहीं जाने दें

मुख्यमंत्री ने हड़िया, शराब निर्माण और बिक्री कार्य से जुड़ी महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे कार्य से जुड़ी महिलाएं अपने सर पर योजना की गठरी रखें। सरकार फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 50 हजार रुपये इस कार्य से जुड़ी महिलाओं को उपलब्ध करा रही है ताकि ये भी सम्मानजनक आजीविका से जुड़ सकें। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, गुमला विधायक भूषण तिर्की, सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक, उपायुक्त गुमला, आरक्षी अधीक्षक गुमला, जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण और लाभुक उपस्थित थे।

### हुनरमंद होना जरूरी है खेल में दिख रही है प्रतिभा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में जिला स्तर पर कौशल विकास हेतु संचालित प्रशिक्षण केंद्रों को प्रखंड स्तर पर शुरू किया गया है। बदलते समय और मांग के अनुरूप हुनरमंद होना जरूरी है। तकनीकी रूप से सशक्त होना होगा। ऐसा नहीं होने पर मानव की जगह मशीन शेष पृष्ठ 11 पर

# लोस में राहुल-सोनिया समेत कांग्रेस के 9 सांसद बचे

- लोकसभा में विपक्ष के मात्र 43 सांसद बचे
- लोकसभा में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 95 हुई
- लोकसभा में इंडिया गठबंधन पार्टियों की ताकत 138 थी
- अब मात्र 43 विपक्ष के सांसद सदन में बचे हुए हैं
- शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों में किसी को निलंबित नहीं किया गया



**नई दिल्ली।** लोकसभा में लगातार निलंबन के बाद, इंडिया गठबंधन ने शीतकालीन सत्र की अवधि के लिए अपनी दो-तिहाई से अधिक ताकत खो दी है। पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित प्रमुख विपक्षी कांग्रेस के केवल नौ सांसद ही सदन में बचे हैं। मंगलवार को, कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 49 विपक्षी सांसदों को बचे हुए सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जिससे लोकसभा में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 95 हो गई। लोकसभा में इंडिया गठबंधन पार्टियों की ताकत 138 थी, जिनमें से 43 सांसद अब सदन में बचे हुए हैं।

**विपक्षी गठबंधन का विरोध प्रदर्शन जारी :** आम आदमी पार्टी के एकमात्र लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू को भी निलंबित कर दिया गया है। अन्य इंडिया गठबंधन पार्टियों में, विपक्ष का समर्थन कर रहे चार में से फ्लोर लीडर सुप्रिया सुले सहित शरद पवार गुट से संबंधित तीन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला समेत तीन में से दो सांसदों को निलंबित कर दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों में से किसी को भी निलंबित नहीं किया गया है। 13 दिसंबर को संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान के लिए दबाव बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन शेष पृष्ठ 11 पर

# संसद सुरक्षा उल्लंघन जितना ही खतरनाक है उसका समर्थन : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संसद में विरोध प्रदर्शन को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वे हालिया विधानसभा चुनाव में हार से बौखला गए हैं और हताशा में संसद को बाधित कर रहे हैं। संसद पुस्तकालय भवन में भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए, मोदी ने यह भी कहा कि संसद में विपक्ष का आचरण सुनिश्चित करेगा कि 2024 के चुनावों में उसकी संख्या कम होगी और भाजपा को संख्या में लाभ होगा। विधानसभा चुनाव में हार से विपक्ष बौखला गया है और हताशा में संसद को बाधित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आईएनडीआई गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन का लक्ष्य हमारी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन हमारी सरकार का लक्ष्य देश के लिए शेष पृष्ठ 11 पर

# आईपीएल : बोकारो के कुशाग्र 7.2 व रांची के सुशांत 2.2 करोड़ में बिके





**रांची।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया जारी है। यह पहली बार है जब नीलामी भारत के बाहर हो रही है। टीमों की हिट लिस्ट में कई बड़े नाम लगातार आ रहे है। इसी कड़ी में बोकारो, झारखंड के 19 वर्षीय कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने 7.2 करोड़ में खरीदा, जबकि रांची के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने 2.2 करोड़ में खरीदा है। बताते चले कि वर्तमान में सुशांत मिश्रा दक्षिण पूर्व रेलवे में कार्यरत हैं। आईपीएल 2024 के लिए मंगलवार को दुबई में नीलामी जारी है। इस बार मिनी ऑक्शन है और 10 टीमें अपनी टीम को पूरी करने के लिए बोली लग रही है।

### मिचेल स्टार्क सबसे ज्यादा 24.75 व कमिंस 20.5 करोड़ में बिके



**नई दिल्ली।** आईपीएल नीलामी के 2024 में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का जलवा रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस को ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 करोड़ 50 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ लिया। इसके कुछ ही समय बाद केकेआर ने मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया इस तरह दोनों खिलाड़ी अब तक आईपीएल इतिहास में सबसे महंगा बिकने वाले खिलाड़ी हैं। कमिंस को खरीदने के लिए आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बिडिंग वॉर देखने को मिली।

ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये में बिकने के बाद पैट कमिंस का पहला रिएक्शन सामने आया है। सनराइजर्स हैदराबाद के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शेयर किए गए वीडियो में पैट कमिंस काफी खुश नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि मैं आईपीएल के अगले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ने के बाद काफी खुश हूं। मैंने ऑरेंज आर्मी के बारे में काफी सुना है। मैं हैदराबाद के लिए पहले भी खेल चुका हूं और हमेशा पसंद किया है। ट्रेविस हेड को टीम में देखना काफी सुखद है। मुझे लगता है हम इस सीजन काफी मजे करेंगे और सफलता हासिल करेंगे।

# यूनिवर्सल पेंशन की तरह हम लाएंगे यूनिवर्सल फूड सिक्यूरिटी : वित्त मंत्री

- दूसरे अनुपूरक बजट की आवश्यकता और कारण पर वित्त मंत्री ने सदन को दिया जवाब
- कहा-हम कर्ज लेने में नहीं रेवन्यू बढ़ाने में रखते हैं विश्वास
- भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति में सरकार को 8 हजार 111 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास



**रांची।** अपने चार साल के कार्यकाल में हेमंत सरकार का दूसरा अनुपूरक बजट मंगलवार को सदन से पास हो गया। भाजपा सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच 8,111 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन पास हुआ। आजसू, माले व अन्य निर्दलीय विधायकों ने इसका विरोध किया वहीं सत्ता पक्ष ने इसे जरूरी बताते हुए इसे सामान्य संवैधानिक प्रक्रिया बताया। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने अनुपूरक बजट पर कटौति प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस बीच सत्ता पक्ष एवं अन्य विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। सरकार की ओर से जवाब देते हुए वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार कर्ज लेने में नहीं बल्कि रेवन्यू बढ़ाने में विश्वास रखती है। हम कर्ज लेकर नहीं बल्कि रेवन्यू जेनरेट करके राज्य के लोगों का आंसू पोंछने और विकास का काम करना चाहते हैं। हमारी सरकार बहुत जल्द यूनिवर्सल पेंशन की तर्ज पर यूनिवर्सल फूड सिक्यूरिटी लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने जहां इतना कर्ज लिया कि राज्य कर्ज में ही डुब गया था, जबकि पिछले शेष पृष्ठ 11 पर

# सोशल मीडिया से फैलता राजनीतिक स्वार्थ का जहर



सुनील बादल

**संसद** पर हमले की बरसी पर जिस तरह पीले धुंएं के सहारे सोशल मीडिया पर राजनीतिक हवा बनाने की कोशिश हुई वह नई नहीं है । नब्बे के दशक में जब रंगीन टीवी और इसके सास बहू टाइप कार्यक्रमों के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जोरदार प्रवेश भारत में हो रहा था तो कई समाचार पत्रों में इसे सांस्कृतिक हमला बताया था क्योंकि तब इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रंगीन टीवी की चकाचौंध के बीच अपने उपभोक्ता उत्पादों के लिए बाजार बनाना था,जैसा इन्होंने यूरोपीय देशों में समाज की परंपरा के आगे सॉप ऑपेरा के माध्यम से एक नया बाजारवाद ही विकसित किया था और वही प्रयोग यहां भी होने वाला था ।बहुत से लोगों को लगा था कि टीवी चैनल जनता के मनोरंजन के लिए खुल रहे हैं पर यहां भी एक नए प्रकार का बाजारवाद और दिखावा भरे रहन-सहन की नींव रखी जा रही थी जो धीरे- धीरे गांवों तक पहुंच गई है ।तब कुछ भारतीय लड़कियों को मिस वर्ल्ड और यूनिवर्स चुनी गईं और बाद में यह क्रम रुक गया। आज भारतीय परिवार भारतीय परंपराओं के इतर और बोल्ड कथानक या दृश्यों वाले धारावाहिक या फिल्मों का आदी ही चुका है।

जब सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति का एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है ।आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता ।किसी भी घटना को मोबाइल में कैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता ।अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फसाद हुए ।हर हाथ में मोबाइल के इस नए युग में एक अनूठी बेलगाम गैर जिम्मेदार नए ढंग की पत्रकारिता में कोई संपादन नहीं होता और सबसे खतरनाक यह है कि इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे।

पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरों या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है ।जाति,धर्म,राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेजी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है ।इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो,वीडियो इंस्टा,फेसबुक,रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों,धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है।

इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं। इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट। झारखंड जैसा साफ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है ।गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक शेष पृष्ठ 11 पर

# 10 वर्षों के लिये बाघ संरक्षण योजना तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में 10 वर्षों के लिए बाघ संरक्षण योजना तैयार कर लिया गया है। यह योजना वर्ष 2023 से लेकर 2032 तक प्रभाव में रहेगी। योजना को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार एनटीसीए को भेज दिया गया है। अब इंतजार है वहां से स्वीकृति मिलने की। पीटीआर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने दिल्ली से दूरभाष पर राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष वार्ता में बताया कि 10 वर्षीय कार्य योजना को एक माह पहले ही एनटीसीए के पास भेज दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताते हुए बतलाया कि योजना को स्वीकृति मिलने के पूरे आसार हैं। बताते चलें कि मंगलवार से ही एनटीसीए की दो दिवसीय बैठक शुरू हुई है। इसमें भाग लेने वाले कुमार आशुतोष झारखंड के एकमात्र अधिकारी हैं। बैठक में देश के विभिन्न रिजर्वों में बाघों को समुचित आहार अथवा शिकार उपलब्ध कराने पर गंभीरता से शेष पृष्ठ 11 पर



### पीटीआर में तीन नर बाघों की पुष्टि

बताया जाता है कि एनटीसीए की यह बैठक पलामू टाइगर रिजर्व के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस गुजरते 2023 में तीन बाघों के इस टाइगर रिजर्व में पहुंचने की पुष्टि हो चुकी है। मार्च में पहुंचे पहले नर बाघ की तस्वीर कैमरा ट्रैप में भी कैद हो चुकी है। नवंबर माह में दो और नर बाघ पीटीआर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। क्षेत्र निदेशक ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व की मौजूदा स्थिति को इस उच्च स्तरीय बैठक रखा जायेगा।

## गागर में सागर

### बाइक दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाने के समीप अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से उस सवार तीन लोग घायल हो गये। जिसमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस टीम ने घायलों को पुलिस जीप में बैठाकर इलाज के लिए सीएचसी केंद्र ले जाया गया। जहां आन ड्यूटी डा. अरुण कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल गोलू कुमार यादव को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन सुविधा के अनुसार औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर चले गये। डा. अरुण कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल गोलू सहित सूरज यादव एवं कुंदन यादव बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला के बैजनाथ बिगहा गांव के रहने वाले हैं। एसआई रंजीत कुमार ने बताया कि तीनों बाइक से हरिहरगंज से अपने घर जा रहे थे।

### कचहरी परिसर में धरने को अधिवक्ता संघ का समर्थन

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय परिसर में राजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर धरना दे रहे संविधान बचाओ मोर्चा को डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ का भी समर्थन मिल गया है। धरना स्थल पर पहुंचे डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ भारत के राष्ट्रीय सह संयोजक अशोक कुमार ने कहा कि वे पूरी तरह से धरने का समर्थन कर रहे हैं। पलामू गौरव राजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा हर हाल में परिसर में लगनी ही चाहिये।

### लचर विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान

हरिहरगंज। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों विद्युत आपूर्ति की स्थिति बदतर हो गयी है। बीते एक सप्ताह से क्षेत्र में चौबीस घंटे में मात्र आठ से दस घंटे बिजली मिल रही है। इससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं। कई उपभोक्ताओं ने कहा कि शाम में बिजली गुल होने के बाद रात्रि दस बजे आती है। घंटे भर के बाद फिर से कट जाती है। विद्युत विभाग की भूमिका केवल बिल उगाही तक सीमित बना हुआ है। खस्ताहाल बिजली आपूर्ति के कारण घरेलू एवं व्यवसायिक कार्यो के निष्पादन में भी कठिनाइयां हो रही है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि इस संबंध में तत्काल समुचित कदम नहीं उठाया गया तो बिजली विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा।

### पूर्व जिप सदस्य अनुज राम को पितृशोक



**नावा बजार।** नावाबाजार प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह चनेया गांव निवासी अनुज राम के पिता 75 वर्षिय लक्ष्मण राम का निधन हो गया। मेदिनीनगर कोयल नदी स्थित श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। जहां बड़े पुत्र मनोज कुमार ने मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। मृतक मृदु भाषी व व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। पूर्व जिला परिषद सदस्य ने बताया कि पांच दिन पूर्व उनका ब्रेन हेमरेज हो गया था। मृतक सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी थे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही गांव सहित प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दाह संस्कार कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, पूर्व वार्ड सदस्य उपेंद्र कुमार दुबे उर्फ खदेरन दुबे, प्रिंस गौरव, राजहरा मुखिया चंदन कुमार, बसना मुखिया सुगंधा देवी, तुकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा, कंडा मुखिया नरेंद्र सिंह, श्रवण मिश्रा, राकेश सिंह, रघुवीर नारायण पांडेय, राजद प्रखंड अध्यक्ष पूर्व मुखिया रबदा वीरेंद्र भुईयां आदि शामिल हुए।

### पंचायत सचिव पर लगाया पेंशन स्वीकृति के लिये पैसा मांगने का आरोप

# अवैध उगाही के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन योजना में भी जमकर उगाही की जा रही है : ग्रामीण**

**आवास जांच के लिए चार सदस्यों की टीम का गठन किया गया है, लेकिन पंचायत सचिव कहते हैं कि वे जो कहेंगे वही होगा : प्रमुख**



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत के दर्जनों लोगों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता के खिलाफ सरकारी योजनाओं की स्वीकृति में पैसा मांगने का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा किया। पिपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, पंचायत समिति सदस्य दिनेश पासवान, सरैया मुखिया पति विकास तिवारी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन योजना में भी जमकर उगाही की जा रही है। इस संबंध में प्रमुख विक्रांत सिंह यादव तथा मुखिया पति विकास तिवारी ने कहा कि आवास जांच के लिए चार सदस्यों की टीम का गठन किया गया है, लेकिन पंचायत सचिव कहते हैं कि वे जो कहेंगे वही होगा। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ पिपरा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ अनीता केरकेट्टा से पंचायत सेवक को कार्य से मुक्त करने की गुहार लगायी है। वहीं ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है तो पंचायत के लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जायेंगे। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि आवास के नाम पर किसी को भी रिश्वत देने की जरूरत नहीं है। जो भी आपसे पैसे मांगता है उसकी शिकायत करें। वही पूछे जाने पर पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता ने कहा कि जो आरोप लगाया गया है वह निराधार है। वे किसी भी प्रकार की जांच के लिए तैयार हैं। उनके ऊपर गलत तरीके से कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसे वे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। मौके पर शंकर पासवान, नीतीश सिंह, सागर सिंह, भोला सिंह, नसीम अंसारी, प्रमोद सिंह, संजय राम, मनोज राम, गौरव कुमार, रूपदेव भुइंया, कपिलदेव सिंह, जितेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

### उपायुक्त के आदेश के बाद भी नगर पंचायत गंभीर नहीं

# कड़ाके की ठंड में भी शहर में चौराहों पर नहीं जले अलाव




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एक ओर क्षेत्र में जहां कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। वहीं दूसरी ओर अभी तक शहर में नगर पंचायत द्वारा अभी तक किसी भी चौक-चौराहों या सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि मौसम के बिगड़े मिजाज को देख उपायुक्त द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही जिले के सभी नगर पंचायत प्रशासकों को चौक-चौराहों पर अलाव जलवाने का आदेश जारी किया गया है। इसके बाद भी हुसैनाबार नगर क्षेत्र में कहीं भी इसका असर नहीं देखा जा रहा है। शाम होते ही ठंडी हवा से लोगों की कनकनी छूट रही है। स्थिति यह है कि बाहर निकलने पर गर्म कपड़े भी बेअसर साबित हो रहे हैं। चौराहों पर अलाव नहीं जलने के कारण रात के समय राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शनि ने बताया कि हुसैनाबाद सिटी में सभी चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करा दी गई हैं। मंगलवार शाम से ही अलाव जलने शुरू हो जायेंगे।

### विधायक कमलेश ने सदन में उठाया

# नव निर्मित डिग्री कालेज में पठन-पाठन शीघ्र प्रारंभ कराने का मामला



विधान सभा में बोलते कमलेश सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के नवनिर्मित डिग्री कालेज का भवन झारखंड राज्य भवन निर्माण लिमिटेड से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा हस्तगत कर पढ़ाई शुरू करने का मामला मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सदन में उठाया। उन्होंने पूछा कि डिग्री कालेज हुसैनाबाद का नवनिर्मित भवन थर्ड पार्टी निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन सहित कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग पलामू के द्वारा हस्तगत करने के लिये नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को पत्राचार किया गया है। मगर अब तक भवन को हस्तगत नहीं किया जा सका है। जिससे डिग्री कालेज शुरू नहीं हो पा रहा है। सरकार ने जवाब दिया कि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू द्वारा इस संबंध में प्रतिवेदन किया गया है। इसमें अवगत कराया गया है कि 9 सितंबर को भवन निरीक्षण के क्रम में महाविद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य अपूर्ण होने व कंप्यूटर उपलब्ध नहीं होने के कारण हस्तांतरण नहीं लिया गया है। संबंधित मंत्री ने अगले सत्र से हुसैनाबाद के डिग्री महाविद्यालय को शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

### आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का दिख रहा सकारात्मक असर

# पेंशन के लिए चक्कर लगा रहे पति-पत्नी को ऑन स्पॉट मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पंचयातों, नगर पंचायतों व नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं से जुड़े लोगों के

**कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पंचयातों, नगर पंचायतों व नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं से जुड़े लोगों के आवेदन लिए जा रहे हैं**

आवेदन लिए जा रहे हैं। वहीं कई लोगों का शिविर में ही ऑन स्पॉट पेंशन सहित कई कार्य निपटाये जा रहें है। कंबल वितरण किया जा रहा है। इससे कार्यक्रम का सकारात्मक असर दिखने लगा है। मंगलवार को छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड 14 में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वकील राम ने अपनी पत्नी चांदो देवी संग वृद्धा पेंशन का फॉर्म प्रस्तुत किया। जिसे ऑन स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गई। दम्पत्ति ने कहा कि पहले भी कई बार आवेदन दिये गये थे। परंतु पेंशन की स्वीकृति नहीं मिली। शिविर में तुरंत स्वीकृति मिल गई। इसी तरह नारायण यादव के साथ उनकी पत्नी अनरवा देवी का भी पेंशन ऑन स्पॉट स्वीकृत किया गया। इनके अलावे शिवपूजन साव व नंदलाल राम का भी पेंशन ऑन स्पॉट ही बनाया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में 18 बर्थ सर्टिफिकेट, 31 मृत्यु प्रमाण पत्र व 40 बच्चों के बीच स्कूली पोशाक का वितरण किया गया। जरूरतमंद वृद्ध व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में योजनाओं का लाभ पाने वालों ने कहा कि ब्लॉक या जिले पर जाकर वे ये लाभ नहीं पा पाते। सरकार ने घर आकर उनकी सुधि ली है। मौके पर छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो, सीओ नित्यानंद प्रसाद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह उपस्थित थे।



शिविर में उमड़े लोग

# सड़क दुर्घटना में क्षेत्र के युवक की बिहार में मौत, एक गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के एक युवक की बिहार में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद शहर के अंबेडकर नगर निवासी रामू राम का पुत्र बॉबी कुमार (22) वर्ष व रविदास नगर निवासी राहुल कुमार सोमवार को बाइक से सासाराम रोहतास बिहार अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी क्रम में डेहरी-रोहतास मुख्य पथ के तिलौथू के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बॉबी कुमार व राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तिलौथू थाना पुलिस ने दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भेजवाया। जहां सासाराम ले जाने के क्रम में बॉबी कुमार ने दम तोड़ दिया। घायल राहुल ने इसकी सूचना अपने घर वालों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिवार के लोग सासाराम पहुंचकर शव को लेकर घर वापस लौट आये। तिलौथू पुलिस ने घटना स्थल से बाइक को जब्त कर लिया है। मंगलवार को हड़ही नदी श्मशान घाट पर मृतक का दाह संस्कार किया गया। इस घटना पर हुसैनाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव, पवन चौधरी, अखबार विक्रेता प्रेमचंद्र चौधरी, जुल्फेकार अली, फरीद खान, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### हुसैनाबाद कर्नल कप फुटबाल टूर्नामेंट रोमांचक दौर में

# क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में बैरांव ने लपेया को हराया



टूर्नामेंट में प्रदर्शन करते खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल मुकाबले मंगलवार से शुरु हो गये हैं। इस बार क्वार्टर फाइनल मुकाबला ग्रुप वाइज खेलाया जा रहा है। क्वार्टर फाइनल में कुल 12 टीमें हैं। जिनको चार ग्रुपों में बांटा गया है। एक ग्रुप में तीन टीमें हैं। प्रत्येक टीम एक दूसरे के साथ दो-दो मैच खेलेगी और अपने ग्रुप में टॉपर टीम सीधा सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। मंगलवार को खेले गये ग्रुप ए के पहले मुकाबले में बैरांव ने लपेया को दो गोल से हराकर अपने ग्रुप में बढ़त बना ली है। मैच से पूर्व कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि पंचायत के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। ज्ञातव्य है कि कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के 24 टीमों ने भाग लिया है। मौके पर पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, जय प्रकाश, अभय सिंह, प्रह्लाद ठाकुर, सुधीर कुमार सिंह, मदन चौहान, बनारसी मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। 20 दिसंबर का मैच मोकहर कला बनाम बभंडी के बीच खेला जाएगा।

## झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत खरीफ विपणन मौसम 2023–24 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत किसानों से धान अधिप्राप्ति का कार्य शीघ्र प्रारंभ होना संभावित है। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से क्रय किये गए धान का उठाव/परिवहन एवं धान मिलिंग कार्य हेतु जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति के माध्यम से राईस मिलरों का चयन किया जाना है।
जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलरों के निबंधन/चयन में निम्न वर्णित मापदण्डों को ध्यान में रखा जाएगा :–
1.
क. पूर्व में कोई बकाया नहीं हो।
ख. मिल क्रियाशील हो।
ग. पर्याप्त मात्रा में भण्डारण क्षमता उपलब्ध हो।
घ. मिलिंग क्षमता पर्याप्त हो। मिलिंग क्षमता के अनुरूप कार्य आवंटित किया जायेगा।
2. अधिप्राप्ति केन्द्रों (लैम्पस/पैक्स इत्यादि) को निकटतम राईस मिलों के साथ टैग किया जायेगा।
3. जिला में पर्याप्त मात्रा मिलिंग क्षमता की कमी की स्थिति में अन्य जिलों/झारखण्ड राज्य से बाहर की राईस मिलों से मिलिंग करायी जा सकती है। झारखण्ड राज्य से बाहर स्थित राईस मिलों के साथ भी अधिप्राप्ति केन्द्रों (लैम्पस/पैक्स इत्यादि) की टैगिंग निकटतम दूरी के आधार पर की जायेगी।
4. सम्बद्ध राईस मिलरों को अग्रिम चावल (Advance CMR) अथवा समतुल्य राशि की बैंक गारण्टी अथवा गारण्टी/समतुल्य राशि प्राप्त किये मिल को धान उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
5. झारखण्ड कस्टम मिल्ड राईस (दायित्व एंव नियंत्रण) संशोधित आदेश, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य में अवस्थित समस्त राईस मिलरों द्वारा प्रत्येक सप्ताह अपने मिलिंग क्षमता का 50% (पचास प्रतिशत) मिलिंग कार्य पहले सरकारी कार्य हेतु की जायेगी, अन्यथा राईस मिलर के वाणिज्यिक कार्य पर रोक लगा दी जायेगी।

उक्त के आलोक में ईच्छुक ब्लेडिंग मशीन अधिप्राप्ति राईस मिलर दिनांक 27.12.2023 तक जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा, गढ़वा) में संबंधित आवश्यक दस्तावेज जमा करें, ताकि जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलर का चयन किया जा सके।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
–सह–
जिला प्रबंधक, रा0खा0नि0, गढ़वा

PR313846 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)23-24*D

## पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

**आवश्यक सूचना।**

इस कार्यालय का ज्ञापांक–821/र0का0, दिनांक–05.12.2023 के आलोक में PR.No.312766 Police(23-24):D के द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशित किया गया है। जिसमें निविदा समर्पित करने की तिथि दिनांक–21.12.2023 तक आमंत्रित किया गया था, परन्तु अपरिहार्यकारणों से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना को रद्द किया जाता है।

पुलिस उपाधीक्षक,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR 313788 (Police) 23-24 (D)

## कार्यालय नगर परिषद् बिश्रामपुर (पलामू)

Email ID :- nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक सं0:–........../न0प0/दिनांक–......../...../2023

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि शीतलहर के बढते प्रकोप एवं आने वाले कुछ दिनों इसका प्रभाव और बढने की संभावना को देखते हुए नगर परिशद् बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत सभी आम नागरिकों से अपील है कि शीत लहर खतरनाक साबित हो सकती है। इसके प्रभावको कम करने के लिए निम्नलिखित सावधानिया बरतने की आवश्यक है–

- घर के अंदर रहें।
- गर्म कपडें पहने तथा जब भी बाहर जायें तो ऊनी कपड़े पहने, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहने रहें।
- अपने घर को गर्म रखें, पर्दे, शटरका इस्तेमाल करें। रात में दरवाजा एवं खिड़कियां खुली न रखें।
- ठंड के समय कम से कम यात्रा करें तथा वाहन चलाते समय हेलमेट तथा हाथ में दास्ताने का उपयोग अवश्य करें।
- प्रर्याप्त भोजन करें, पानी को गुनगुना करके सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन करें, जैसे–मांस व मेवे, दाल जो शारीरिकतापको बढाते है।
- घर में बना खाद्य सामग्री को प्रयोग करें एवं भोजन को गर्म कर सेवन करें तथा शरीर को ठंड से बचने हेतु त्वचा पर तेल एव Moisture क्रीम लगायें।
- जहाँ तक संभव हो सुबह–शाम में घर से बाहर न निकलें तथा वृद्ध एवं बच्चों पर विशेश ध्यान दें।
- अपने घर में कोयले की अंगीठी/चूल्हा/हीटर आदि का प्रयोग करते समय सावधान रहें व कमरे को हवादार रखें, ताकि जहरीलें धुएँ से नुकसान न हो।
- पालतू जानवरों को घर के अंदर बांधे तथा शरीर ढकने के लिए टाट या बोरे का प्रयोग करें, जिस से ठंड से बचाव हो सके।
- ठंड में शराब का सेवन न करें, क्योकि शराब के सेवन से नसें सिकुड़ती हैं।
- अपने बच्चों का पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनाकर रखें।
- फसलों में हल्की सिंचाई कर दें, जिससे पाला का प्रभाव कम हो सके।
- खेती में मिश्रित फसलों का उपयोग करें तथा टमाटर, बैगन, सरसो, अरहर आदि कोपाला स बचाने हेतु खेत के किनारे धुआँ का इस्तेमाल करें।
- हवा की गति रोकने हेतु खेत के मेढ पर पौधों का रोपण करें, जोहवा की गति का कम करने में सहायक हो सकें।
- अगर तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से संर्पक करें।
- घर में ओ0आर0एस0 का पैकेट जरूर रखें तथा सभी को इस्तेमाल का तरीका बतायें।

**ठंड लगने पर क्या करें ?**

- ठंड लगे व्यक्ति को गर्म विस्तर में लिटा दें। अगर कपड़ें गीला हों, तो उन्हें हटा दें।
- ठंड लगे व्यक्ति को चाय एवं गर्म पेय पदार्थ पीने के लिए दें, जिससे शरीरका तापमान बढ सके।
- व्यक्ति का यदि कोल्डडायरिया हो जाय तोगर्म ओ0आर0एस0/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढा सके।
- ठंड लगे व्यक्ति की हालात में एक घंटे तक सुधारना हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थय केन्द्र में ले जाएं।
- पशुओं के चारे में पोशक तत्वों क मात्रा में वृद्धि करें तथा मौसम अनुरूप पशु शेड का निर्माण करें।

सावधानी बरतो, खुशहाली लाओ, आपदाओं से अपनी जान बचाओ।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR.NO.313757 District(23-24):D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 1621, 1622, 1623 दिनांक 05.10.2023, पत्रांक 1655 दिनांक 10.10.2023, पत्रांक 1694 दिनांक 17.10.2023 एवं पत्रांक 2214 दिनांक 22.11.2023 का पत्र जो सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (माध्यमिक शिक्षा), झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2783, 2784, 2785 दिनांक 12.10.2023, 3075, 3077 दिनांक 16.11.2023 एवं पत्रांक 3211 दिनांक 05.12.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा उर्दू एवं हिन्दी के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 12 (बारह) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग का कार्य राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 23.12.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं प्रमाण–पत्र की छायाप्रति दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(अनिल कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
पलामू

PR 313756 District(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-22/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम ईटा से भुजनिया जाने वाले पथ में भुजनिया नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,43,22,200.00 | 8,86,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.12.2023 से दिनांक 13.01.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.01.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 313802 Lohardaga(23-24)D

# गागर में सागर

## आयुक्त से मिले उपायुक्त , विकास पर चर्चा


आयुक्त से मुलाकात करते उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास (भा.प्र.से.) से शिष्टाचार मुलाकात की। उपायुक्त श्री रंजन आयुक्त कार्यालय पहुंचकर आयुक्त श्री दास से मिले। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच राजस्व वसूली की स्थिति एवं विकास योजनाओं को गति देने के साथ साथ राजस्व व विकास के मामले में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

## 92 सांसदों का निलंबन लोकतंत्र की हत्याः शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने लोकसभा की सुरक्षा में गंभीर चूक पर विरोध जता रहे विपक्षी पार्टी के भारी संख्या में सांसदों के निलंबन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा के लिये आवाज उठाने वाले जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों का निलंबन लोकतंत्र की जघन्य हत्या है। एक तरफ तो सरकार तानाशाही का प्रदर्शन करते हुये सांसदों का निलंबन कर रही है। दूसरी तरफ विपक्ष विहीन संसद में बगैर समुचित बहस के ही धड़ाधड़ विधेयकों को पास किया जा रहा है। यह संसदीय परंपरा के खिलाफ है।

## युवक की मौत की जिम्मेवार प्रशासन : रूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने होमगार्ड बहाली में दौड़ के दौरान रेड़मा निवासी अभ्यर्थी विकास तिवारी पिता मनोज तिवारी की मौत के लिये प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा व्यापक बेरोजगारी के कारण होमगार्ड में भर्ती के लिये अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूसरी तरफ जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में प्रशासन द्वारा बगैर स्वास्थ्य जांच के ही दौड़ करवाना जानलेवा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवक काफी मेहनतकश तथा घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उन्होंने उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर मृतक के परिजनों एवं आश्रितों को मुआवजा की मांग की है।

## युवक लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज पिपरा थाना क्षेत्र के लभरा गांव निवासी शिवनंदन राम के पुत्र रंजीत कुमार उम्र करीब 40 वर्ष 15 दिसंबर से अपने घर से लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चलने से परेशान परिजनों द्वारा पिपरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गयी है।

## भट्ठी मुहल्ले पर नजर डालें नगर आयुक्त : कमाल खान



**मेदिनीनगर।** झामुमो के जिला उपाध्यक्ष कमाल खान ऊर्फ पपू खान ने मंगलवार को मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शहर के भट्ठी मुहल्ला के नालों को ढंकवाने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने नगर आयुक्त को बताया है कि बरसात के दिनों में पूरा मुहल्ला नालों के गंदे पानी में डूब जाता है। मुहल्ले के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश होते हैं। इतना ही नहीं इस मुहल्ले में आज तक पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन पर मुहल्ले के करीब दो दर्जन निवासियों ने भी हस्ताक्षर किये हैं।

## 33 केवीए मेन लाइन का पोल गिरा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में करीब 48 घंटे से बिजली नहीं है। जानकारी के अनुसार बीमोड से नावा बाजार तक पहुंचने वाली 33 केवीए मेन लाइन का पोल गिर जाने के कारण आपूर्ति बाधित हो गया है। बिजली आपूर्ति कंपनी के कर्मियों ने बिजली बहाल करने को लेकर तेजी से काम शुरू नहीं किया है। इसके कारण आम उपभोक्ताओं में नाराजगी है।

## केचकी गोलीबारी मामले में की छापेमारी

**मेदिनीनगर।** पलामू और लातेहार जिला की सीमा पर स्थित केचकी पर्यटन स्थल पर रविवार को पिकनिक के दौरान हुई गोलीबारी मामले में बरवाडीह थाने की पुलिस ने मेदिनीनगर में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, आवास सहित अन्य स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस गिरफ्तारी के लिए शहर के दो-तीन होटल में भी छापेमारी की है। रविवार की शाम में भवन निर्माण के एक कनीय अभियंता के बेटे के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में केचकी में पिकनिक का आयोजन किया गया था। जन्मदिवस के उपलक्षय में भोज का आयोजन किया गया था। इसी दौरान विवाद होने के बाद गोलीबारी की गई है। भुक्तभोगी ने बरवाडीह थाने में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है।

### 23 वाहन जब्त, 68 वाहनों से 87 हजार जुर्माना वसूला

# डीटीओ ने की वाहनों की चेकिंग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने सोमवार की रात व मंगलवार को हरिहरगंज तथा छतरपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज में 40 वाहनों की जांच की गयी। इनमें 23 वाहनों को यातायात नियमों का पालन नहीं करने समेत अन्य कारणों से जब्त किया गया। इसी तरह छतरपुर में 68 वाहनों की जांच की कर विभिन्न आरोपों में वाहन चालकों से बतौर जुर्माना 87 हजार रुपये की वसूली की गयी। इस संबंध में डीटीओ श्री हुसैन ने कहा कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलाया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन मालिकों व संचालकों से वाहन की परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही वाहन का परिचालन करने की अपील की है।


हरिहरगंज में वाहनों की जांच करती पुलिस

### पलामू कप क्रिकेट ट्राफी का अनावरण, 23 दिसंबर को होगा फाइनल

# पलामू का लाड्र्स है जीएलए कालेज मैदान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू क्रिकेट कप का मंगलवार को भव्य अनावरण किया गया। फाइनल मुकाबला 23 दिसंबर को खेला जायेगा। जीएलए कॉलेज ग्राउंड में पलामू कप जीतने को लेकर टीमों की ललक बढ़ती दिखाई पड़ रही है। अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संरक्षक सोनू नामधारी, अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, समाजसेवी शैलेश पाण्डेय, आईवीन फाउंडेशन के अध्यक्ष राजू शुक्ला, प्रेमचंद कुमार गौतम, कमेंटेटर एपी लकी ने संयुक्त रूप से पलामू कप का अनावरण किया। सेवादार सोनू नामधारी ने कहा कि सर्द के दिनों को क्रिकेट का मौसम कहा जाता है। आयोजन समिति ने पलामू में क्रिकेट की दीवानगी को बढ़ाने का काम किया है। पलामू में जीएलए कॉलेज का मैदान लॉड्र्स के रूप में जाना जाता है। जहां से क्रिकेट के कई राज्यस्तरीय खिलायिों का उदय हुआ है। सन्नी शुक्ला व आशुतोष विनायक जैसे युवा पलामू के भविष्य हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा कि झारखंड की झामुमोनीत सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन का प्रयास खेल एवं खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि 20 एवं 21 दिसंबर को सेमीफाइनल मुकाबले के उपरांत 23 दिसंबर को फाइनल मुकाबला संपन्न होगा। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके पर उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, पूर्व सैनिक भास्कर दुबे, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुमित वर्मन, विनय सिंह, रंजीत कुमार, आलोक तिवारी, छोटू तिवारी, भीम तिवारी, शशि सिंह, रिंकू सिंह मौजूद थे।


पलामू कप का अनावरण करते आयोजन समिति के पदाधिकारी

### कचहरी परिसर में चर्चा का केंद्र बना बार एसोसिएशन का चुनाव

# स्टेट बार काउंसिल के निर्णय पर टिकी सभी की निगाहें


चुनाव परिणाम को लेकर मत्रणा करते अधिवक्ता

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव में अब सभी की निगाहें स्टेट बार काउंसिल के निर्णय पर टिकी हैं। कचहरी परिसर में इन दिनों बार चुनाव ही चर्चा का केंद्र बना हुआ है। बताते चलें कि काफी गहमागहमी के बीच बार एसोसिएशन के 16 विभिन्न पदों के लिये 16 दिसंबर को वोट डाले गये। 17 दिसंबर को निर्धारित समय पर मतगणना भी आरंभ किया गया। इसी दौरान मतगणना के अंतिम चरण में कतिपय उम्मीदवारों द्वारा अनियमितता का आरोप लगाते हुये हंगामा शुरू कर दिया गया। जिसके बाद काउंटिंग का कार्य रोक दिया गया। विवाद को देखते हुये अब गेंद स्टेट काउंसिल के पाले में चली गयी है। इससे मतगणना में आगे चलने वाले के साथ पीछे रहने वाले उम्मीदवार भी स्टेट काउंसिल के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। पूरे जिले में बार चुनाव इन दिनों राजनीतिक बहस का मुद्दा बना हुआ है।

### एहतियातन बैलेट पेपर पर होता है हस्ताक्षर : बीएन चौबे

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के रिटर्निंग आफिसर बैद्यनाथ चौबे ने कहा है कि अमूमन बार एसोसिएशन का चुनाव दो नियमों के आधार पर होते हैं। इसमें झारखंड स्टेट बार काउंसिल रुल्स का प्रयोग सिर्फ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में लागू होता है। राज्य के सभी जिलों के बार एसोसिएशन चुनाव के लिये झारखंड स्टेट बार काउंसिल माडर्न रुल्स प्रभाव में है। इसके सेक्शन-52 में स्पष्ट उल्लेख है कि जिला स्तर पर चयनित तीन सदस्यीय चुनाव समिति व स्टेट बार काउंसिल द्वारा नियुक्त दो आब्जर्वर डीबाए का चुनाव संपन्न करायेंगे। इसके आगे नियम मौन है। बैलेट पेप में हस्ताक्षर महज नकली बैलेट पेपर के प्रयोग की संभावना को रोकने के लिये एहतियातन किया जाता है।

### आब्जर्वर ने कहा जल्द होगा निर्णय

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव परिणामों की लंबित घोषणा पर शीघ्र निर्णय लिया जायेगा। इस संबंध में सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। यह बातें बार चुनाव के मुख्य पर्यवेक्षक बीपी सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष वार्ता के दौरान यह बाते कहीं। उन्होंने कहा समस्त मतदान व मतगणना प्रक्रिया की हार्ड व साफ्ट कापी चुनाव समिति से मांगी गयी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी मंगाये गये हैं। उसका विस्तृत अवलोकन कर मामले में यथाशीघ्र निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक माह पूर्व हजारीबाग बार एसोसिएशन चुनाव के दौरान भी ऐसी ही घटना घटित हुयी थी। जिसमें विस्तृत अध्ययन के बाद आठ दिनों के अंतराल में जिला प्रशासन के सहयोग से री-काउंटिंग करायी गयी थी। उन्होंने कहा कि पलामू के मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद जल्द से जल्द उचित निर्णय लिया जायेगा।

## लोगों को पर्यावरण धर्म की दिलायी शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर बाजार पार्क में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल व सीडीपीओ शीला कुमारी ने संयुक्त रूप से थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम व केरल के नारियल का पौधा रोपित किया। इस दौरान मौजूद लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत किया गया। आईएएस रवि कुमार व अन्य अतिथियों ने विश्व के पहले पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर व पार्क में लगाये गये 22 देशों के दुर्लभ प्रजाति के पौधों का अवलोकन किया। मौके पर सुचित कुमार जायसवाल, उप मुखिया नगीना खातून, विवेक कुमार, आकाश कुमार, महेजर यादव, अरविंद कुमार, चंदन सिंह, पंचायत सेवक प्रेमचंद दास, बीपीओ चंद्रशेखर दुबे, शैलेश कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी,जुबेर अंसारी उपस्थित थे।



## मेराल व काके पहुंची संकल्प यात्रा

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम मेराल एवं काके कला पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी निरंजन पासवान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री पासवान ने उपस्थित ग्रामीणों को यात्रा के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही संकल्प यात्रा का प्रमुख ध्येय है। मेराल में भाजपा कार्यकर्ता पूनम देवी,अशोक तिवारी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण की सुपर चेकिंग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर 76 -डालटनगंज एवं 78-छतरपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के मेदिनीनगर नगर निगम, चैनपुर एवं पाटन प्रखंड के अंतर्गत अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मतदान केन्द्रों में प्राप्त दावा -आपति सम्बन्धी प्रपत्रों का निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के स्तर से निष्पादित किये गए प्रपत्रों की सुपर चेकिंग की। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर नाम जोड़ने, विलोपन एवं सुधार सम्बन्धी प्रविष्टियो की जांच के लिए सम्बंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जांच कर पुनरीक्षण सम्बन्धी कार्यो के सम्बन्ध में संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 12 धराये, ठोंका जुर्माना

# अवैध रूप से रेल लाईन पार करने को लेकर रेलवे चौकस


खतरनाक ढंग से रेल लाईन पार करता युवक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेल लाइन पार करते हुये दुर्घटना में आये दिन लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इसे देखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा बढ़ते हादसे पर अंकुश के लिये विशेष चौकसी बरती जा रही है। वरीय अधिकारियों के निर्देशन में मंगलवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर अवर निरीक्षक डीपी सिंह व केएन उपाध्याय के नेतृत्व में आरपीएफ जवानों द्वारा अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल लाइन पार करने वालों 12 लोगों को पकड़ कर रेल न्यायालय में पेश किया गया। सभी से जुर्माना वसूल कर उन्हें छोड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि रेल यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है। रेलवे द्वारा निर्धारित स्थल से ही रेल लाइन पार करने के लिये लगातार चेतावनी जारी की जाती रही है। इसके बाद भी लोग नियमों की अवहेलना कर हादसों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने लोगों को स्टेशन पर सदैव फुट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करने की नसीहत दी। अधिकारियों ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

### केसीसी में शत प्रतिशत उपलब्धि दर्ज करने पर बल

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की सोमवार को उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में केंद्र प्रायोजित प्रधान मंत्री शिक्षित रोजगार सृजन योजना, मुद्रा लोन, केसीसी लोन को लेकर निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने पर बल दिया गया। उपायुक्त की अनुपस्थिति में उपविकास आयुक्त रवि आनंद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला साख योजना के लक्ष्य व उपलब्धियों प चर्चा की। बैठक में पलामू सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा ने माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के लोन के जाल में फंसने ग्रामीणों को बचाने के लिए कारगर पहल करने पर बल दिया।

# अलग-अलग हादसे में युवक-युवती घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर घटित सड़क हादसे में युवक व युवती घायल हो गये। पहली घटना में शहर थाना क्षेत्र के निमिया निवासी अरुण राम की पुत्री सिमरन कुमारी उम्र 21 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल के परिजनों ने बताया कि सिमरन सोमवार की शाम अपने भाई के साथ बाइक से जोड़ किसी काम से गयी थी। लौटने के क्रम में रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने से वह घायल हो गयी। उसका सदर अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। एक अन्य घटना में नावाजयपुर थाना क्षेत्र निवासी बनारसी भुइयां का पुत्र सोनू कुमार उम्र 18 वर्ष बाइक से गिरकर घायल हो गया। सोनू ने बताया कि वह अपनी बहन को बाइक से उसके ससुराल नावाजयपुर अखाड़ा टोला छोड़ने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। युवक का भी सदर अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार अंदरुनी चोट लगने के कारण रिकवरी में विलंब हो रहा है। हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।


घायल युवती

## भाकपा ने किया कंबल वितरण

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी व सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो ने सदर प्रखंड के सुआ गांव में गरीबों एवं असहायो के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि ठंड काफी बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को अविलंब सरकार द्वारा मिलने वाले कंबल का वितरण आम लोगों के बीच कर देनी चाहिए। इसके साथ ही छहमुहान, सदिक चौक, स्टेशन चौक, बैरिया चौक, शाहपुर चौक आदि स्थानों पर तत्काल अलाव का प्रबंधन करना चाहिये। मौके पर एआईएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, करीमन मांझी, दिलदार सिंह,नसीम राइन, आलोक कुमार तिवारी उपस्थित थे।

# एसबीएस कॉलेज में शिक्षकों ने किया शैक्षणिक कार्य का बहिष्कार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर**। झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज जपला में लंबित पांच सूत्री मांगों को लेकर शैक्षणिक कार्य का बहिष्कार किया। जबकि कॉलेज में काफी संख्या में छात्र व छात्राओं ने ससमय पहुंचकर उनका व्यर्थ बैठना पड़ा है। इनकी मांगों में समान काम के समान वेतन, विभागीय प्रस्ताव के अनुमोदन अनुसार चार गुणा अनुदान देने, वित्तीय वर्ष 2023 - 24 का अनुदान सीधे शिक्षक व कर्मियों के खाते में देने, छतीसगढ़ राज्य के समान सेवानिवृति आयु 62 वर्ष करने व वित्त रहित शिक्षण संस्थानों से डीईओ का राजपाट खत्म करना शामिल है। इन मांगों को लेकर प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता व अध्यक्ष मंडल के सदस्य सह इंटर महासंघ के प्रदेश महासचिव प्रो. अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षक व कमियों ने कॉलेज परिसर में जमकर प्रदर्शन नारेबाजी की। जिसमें प्रो. प्रेमनाथ, सुशील प्रसाद सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह, ममता सिंह, जयराम उपाध्याय, गंगा प्रसाद चौधरी, शंभू शरण सिन्हा, संजीव कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह, आकाश कुमार सिंह, मो. मुस्तकीम, अमित रंजन मिश्रा, अरुण कुामर सिंह, दिग्विजय सिंहअमोद, अंशुल सिंह, नागेन्द्र ठाकुर, हरिहर मेहता सहित अन्य कई शिक्षकेत्तरकर्मी शमिल हैं।

### उपलब्धि

### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के राज्य स्तरीय विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

# खेलकूद से बच्चों में होता है नेतृत्व क्षमता का विकास: सतवीर

**राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के 14 बालक एवं आठ बालिकायें अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शन करेंगी**

**ये छात्र डीएवी के विभिन्न विद्यालयों में प्रतिभाग करने हेतु पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद एवं गाजियाबाद जायेंगे**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी प्रांगण में मंगलवार को एक समारोह का आयोजन कर डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के राज्य स्तरीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए ट्राफी एवं मेडल दिया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। प्राचार्य डा. जीएन खान ने कहा कि आज का यह क्षण विद्यालय ही नहीं, पूरे पलामू के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। विदित हो कि राज्य स्तर पर शूटिंग,भारोत्तोलन, कराटे,स्केटिंग एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं के 14 ,17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक व बालिका वर्ग में उत्तम प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को महत्वपूर्ण उपलब्धि दिलायी। राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के 14 बालक एवं आठ बालिकायें अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शन करेंगी। ये छात्र डीएवी के विभिन्न विद्यालयों में प्रतिभाग करने हेतु पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद एवं गाजियाबाद जाएंगे। इनके साथ विद्यालय के शिक्षक करण सिंह, विक्रम रॉय, मयंक सिंह,काजोल व अनुराधा मिश्रा भी जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुदेषणा राय एवं मौसमी घोष ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक जितेंद्र तिवारी ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा, नंदनी शरण सहाय,प्रीति कुमारी,संगीता माझी एवं दीपिका ने पूर्ण योगदान दिया।


एमके डीएवी में प्रमाण पत्र के साथ विजेता बच्चे

## गागर में सागर

### यात्री बस ने एक मजदूर को टक्कर मार दूर तक घसीटा, रांची रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित चंदाली ग्राम के समक्ष एक यात्री बस की जोरदार टक्कर से कुल्ही शिवपुर टोली ग्राम निवासी 45 वर्षीय प्रमोद उरांव को उक्त बस काफी दूर तक घसीटते ले गया। फलस्वरुप उसके सिर का एक हिस्सा उखड़ गया है। चेहरा गंभीर रूप से खराब हो गया है। उसके दोनों हांथ, दोनों पैर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई हैं। बाद में उसे उसके परिजनों ने इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों को प्राथमिक उपचार में भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। प्रमोद उरांव के परिजनों ने बताया कि सोमवार के देर संध्या में गुमला शहर से मजदूरी का काम कर प्रमोद उरांव अपने किराया के घर कुल्ही शिवपुर टोली जा रहा था। इसी क्रम में लोहरदगा की तरफ से गुमला के तरफ जा रहा। जमुना यात्री बस मजदूर प्रमोद उरांव को अपनी चपेट में ले लिया और उसे काफी दूर तक घसीट कर ले गया। फलस्वरुप प्रमोद उरांव के सर का एक हिस्सा उखड़ चुका है। चेहरा खराब हो गया है। उसके दोनों हाथ, दोनों पैर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई है। प्रमोद उरांव के परिवार एवं परिजनों ने बताया कि उक्त जमुना यात्री बस प्रमोद उरांव को अपनी चपेट में लेकर काफी दूर तक घसीट दिया है, जिससे उसकी स्थिति काफी गंभीर हो गई है। मजदूरी करने वाला प्रमोद उरांव के परिवार के पास पैसे का काफी अभाव है। स्थिति यह है कि उसके परिवार उसका इलाज भी नहीं करा सकते हैं। प्रमोद उरांव को धक्का मारने के बाद जमुना यात्री बस गुमला के तरफ भागने में सफल रही। प्रमोद उरांव की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। उक्त घटना की सूचना मिलते ही गुमला के थाना प्रभारी विनोद कुमार ने छानबीन शुरू कर दिए हैं।

### राष्ट्रीय स्कूली गेम में गुमला के अनीत ने झारखंड को दिलाया स्वर्ण पदक

**गुमला।** लखनऊ में आयोजित 67वीं नेशनल स्कूली गेम्स 2023 में एथलेटिक्स के 14 आयु वर्ग में आवासीय एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र, परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला के प्रशिक्षु अनित उरांव ने 80 मीटर बाधा दौड़ में 11:31 सेकेंड समय के साथ गोल्ड पदक जीता। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में ही 100 मीटर दौड़ में 11:71 सेकेंड के साथ कांस्य पदक झारखंड दिलवाया था। बताते चलें कि खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के अनीत उरांव ने इस वर्ष राष्ट्रीय जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में ट्रायथलन में भी सिल्वर पदक एवम 60 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत चुका है। इस उपलब्धि पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक सुशांत गौरव, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कु गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी गुमला मनोज कुमार, सभी विभागीय प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों ने अनीत और उनके प्रशिक्षक आलोक सिंह को बधाई दी।

### प्रिया स्टील भंडरा में हुई मेसन मीट




**भंडरा।** मंगलवार को प्रिया स्टील भंडरा में मेसन मीट का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के झारखंड बिहार के मार्केटिंग हेड रवि सिंह, रांची जोन के सीएनएफ अमित अग्रवाल, रांची जोन के मार्केटिंग हेड नफीस खान उपस्थित हुए। मौके पर मार्केटिंग हेड रवि सिंह ने कंपनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही कहा कि झारखंड और बिहार शिवम कंपनी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। शिवम कम्पनी के सरिया रॉड सरकार के सभी मानकों पर खरा है। सिसकॉन टीएमटी गुणवतापूर्ण रॉड है, जिसके कारण आज इसकी डिमांड मार्केट में है। राज मिस्त्री आज के युग के विश्वकर्मा है। जिन पर सबसे ज्यादा लोग भरोसा कर अपने मकान बनवाते है। मेसन मीट में प्रखंड क्षेत्र के राज मिस्त्री के बीच कंपनी की और से बेहतर काम करने वाले मिस्त्रियो को टीवी, फ्रीज, मोबाइल फोन, मिक्सी, बैग आदि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर डीलर अनिल साहू, राज मिस्त्री अश्लम अंसारी, जमाल अंसारी, सफीक अंसारी, मेराज अंसारी, अनुल अंसारी, बजरंग साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सर्च ऑपरेशन में एक एके-47 हथियार, चार मैगजीन, 83 कारतूस आदि बरामद

# बड़ी सफलता : मुठभेड़ के बाद एक उग्रवादी को पुलिस ने धर दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के ढेगुरा के जंगल मे नक्सली संगठन जेजेएमपी और रंका पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुठभेड़ के बाद चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में पुलिस ने मुठभेड़ में शामिल एक सदस्य को धर दबोचा है।

गढ़वा पुलिस लाइन में मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए पलामू आईजी राज कुमार लकड़ा एवं एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि पुलिस के पीछे खड़ा यह वहीं नक्सली है जिसने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। वहीं सर्च ऑपरेशन में बरामद यह अत्याधुनिक हथियार है ऐके-47। इन नक्सलियों के पास इतना अत्याधुनिक हथियार का मिलना चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि ये माओवादी नहीं, बल्कि अपराधी दस्ता भी कह सकते हैं। पिछले 24 घंटे से टुनेश उरांव लेवी की मांग को लेकर क्षेत्र में सक्रिय था। लकड़ा ने बताया कि रंका में हुई मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान शिव पूजन मुंडा नामक नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक एके-47 हथियार, चार मैगजीन, 83 कारतूस, वॉकी टोकी एक, मोबाइल फोन चार, वर्दी एक, पीठु बैग सहित छोटे मोटे 18 सामान को बरामद किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि टेनुस उरांव पर पलामू जोन में कुल 13 मामले दर्ज हैं।





ये लेवी को लेकर धमकी दिया करता था। पुलिस ने कांड अंकित किया था जिसके बाद यह मुठभेड़ हुई है। वहीं पुलिस की इस बड़ी सफलता के बाद चिनिया थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार, आरक्षी 776 संजय प्रसाद, हवलदार विवेक चौधरी सैट 4 व रामकंडा थाना प्रभारी पलामू आईजी द्वारा पुरस्कृत भी किए गए हैं।

# समय पर सरसों बीज का वितरण नहीं होने पर किसानों ने उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बीच विलंब से सरसों बीज का वितरण होते ही उस पर सवाल उठना शुरू हो गया है। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव फुलवार और लामी के किसानों ने सरसों बीज वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि पिछले दो महीने से सरसों का बीज प्रखंड कार्यालय में पड़ा हुआ है, लेकिन उक्त बीज को नियत समय पर वितरण न कर उसे उस समय वितरण किया जा रहा है जब सभी किसान अपने-अपने खेतों में सरसों का बीज हो चुके हैं। किसान उदय बारी, सुशील बारी, शंभू रावत, धनु भुइयां, राधा भुइयां, नारायण कोरवा, शालू कोरबा इत्यादि लोगों ने बताया कि प्रखंड के पदाधिकारी या तो हम सभी किसानों को बेवकूफ समझने का काम कर रहे हैं या तो फिर सरसों बीज वितरण के नाम पर खाना पूर्ति करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब सभी किसानों के खेत में सरसों का फसल फूलों से खिल खिलाने लगा तो अब उसका बीज वितरण होने का क्या औचित्य रह गया है। यह सीधे तौर पर जवाब दे ही से बचने का एक नमूना है। किसानों ने कहा कि अगर यह बीज प्रखंड कार्यालय में आते ही हम लोगों के बीच वितरण हो गया होता तो पॉकेट का पैसा हम लोगों को खर्च नहीं करना पड़ता। सरकारी बीज नहीं मिलने के कारण ही हम सभी खुले बाजार से डेढ़ सौ रुपये

**दो महीने से बीज प्रखंड कार्यालय में रखा था, तो फिर बांटा क्यों नहीं गया?**

प्रति किलो से लेकर ढाई सौ रुपये प्रति किलो की दर तक सरसों बीज की खरीदारी की गई। पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए किसानों ने कहा कि मामले की जितनी भी निंदा की जाए वह कम ही होगी। पदाधिकारियों द्वारा हम सभी किसानों के साथ खुल्लम-खुल्ला मजाक करने का काम किया गया है। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले आज तक किसी भी तरह का बीज नियत समय पर प्रखंड कार्यालय में नहीं पहुंच सका था, लेकिन सरसों का बीज इस वर्ष स समय पहुंचा भी तो वह भी किसी काम का नहीं रह गया। पदाधिकारियों द्वारा अंत समय में वैसे किसानों के बीच सरसों का बीज वितरण किया गया जो या तो उसे बाजारों में बिक्री करेंगे या तो फिर उसे अपने घरेलू कार्य में उपयोग करने का काम करेंगे।

मालूम हो कि सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चुनाराम हेम्ब्रम द्वारा डेढ़ सौ किसानों के बीच सरसों का बीज वितरण करने का काम किया गया था। तत्पश्चात पंचायत सचिव विकास कुमार बीटीएम सत्येंद्र कुमार के साथ-साथ प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह के द्वारा किसानों को खेती-बारी को लेकर विशेष रूप से जानकारी दी गई थी।

# प्रखंड नाजीर का रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

राज्य सरकार द्वारा सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत कर्मियों के भ्रष्टाचार पर रोकथाम को लकर कड़े नियम कानून बनाए गये हैं और आये दिन एसीबी द्वारा कई कर्मी व जनप्रतिनिधि तक रिश्वतखोरी में पकड़े भी गए हैं। इसक बावजूद सरकारी योजना में कार्य करने के बदले में कर्मियों द्वारा बेखौफ होकर लाभुकों से रिश्वत मांगी जा रही है। रिश्वत नहीं देने पर कार्य को लटका दिया जाता है। ताजा मामला भवनाथपुर प्रखंड के नाजीर विजय राम के द्वारा एक पूर्ण योजना में रॉयल्टी काटने के एवज में एक प्रतिशत (2500 रुपये) राशि बतौर रिश्वत मांगने का वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बता दें कि भवनाथपुर के बुका गांव में पड़वा चट्टान से नगीना पासवान के घर तक

**नाजीर विजय ने आरोप को बताया निराधार, उप विकास आयुक्त बोले-स्वयं देखूंगा यह मामला**

15वें वित्त आयोग मद से 2 लाख 49 हजार की लागत से बनाए गए फेभर ब्लॉक पथ निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद फाइनल भुगतान के लिए रॉयाल्टी काटने के लिए एक माह से टाल मटोल किया जा रहा था। हालांकि बाद में नाजिर द्वारा बिना पैसे लिए रॉयल्टी काट लिया गया है, जिसमें प्रखंड नाजीर द्वारा बतौर रिश्वत 2500 रुपये की डिमांड की गई है। इस बावत नाजीर विजय राम ने पूछे जाने पर बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार है। इस संबंध में पूछे जाने पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने बताया कि इस मामले को मैं कल जाकर स्वयं देखूंगा।

# वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हो गया। दूसरे बैच में नरही, कुशदंड, चितविश्राम व हुलहुला खुर्द पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई



ग्राम पंचायत होती है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होनी चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दी गई। संविधान के 73वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने की जानकारी भी दी गई। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शारदा पासवान, किशोर कुमार, सलीम अंसारी, फुलझरी देवी, मंजू देवी, लालती देवी, बसंत प्रसाद, मुन्ना मेहता, कविता देवी, छाया सिंह, तेतरी देवी, लालजी राम, शीला देवी, शर्मा राम, मो. इस्लाम, मीना देवी, प्रेमा देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, जुरेदा प्रवीण सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# 25 दिव्यांगों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को 25 दिव्यांगों के बीच दिव्यांगता प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। ट्रॉमा सेंटर में दिव्यांगों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने के लिये शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर का शुभारंभ जिप सदस्य रानी बाला, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में जिला से आये नेत्र विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एस के रमण



ने दिव्यांगों के दिव्यांगता की जांच की। 11 नेत्र रोग से ग्रसित तथा 14 हड्डी रोग से ग्रसित दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र दिया गया। शेष 31 लोगों को अगले दिन सदर अस्पताल ओपीडी में जांच के लिये बुलाया गया है। मौके पर जिला से आये सहायक दिनेश उरांव, विपेश राज तामांग, कार्यालय सहायक राजेश कुमार सिन्हा, करुणा कुमारी, शैलेन्द्र कुमार, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, एमटीएस विजय पाठक, संजय कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रशासन लोहरदगा के समन्वय से आज हरमू हादरा टोली में विधिक जागरूकता शिविर सह कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। डालसा सचिव राजेश कुमार, पीएलवी अजहर एवं रोहित उपस्थित रहे। हरमू हादरा टोली स्थित आदिवासी जनजातीय वृद्ध, दिव्यांग जनों एवं महिलाओं के बीच कंबल वितरण के पश्चात विधि जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

# बिरहोर परिवारों को मिला गर्म वस्त्र, बच्चों को पाठ्य पुस्तक

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत गर्म वस्त्र, कंबल के साथ बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक का



वितरण किया गया। गर्म वस्त्र व पाठ्य पुस्तक का वितरण थाना प्रभारी गुलाम सरवर एवं पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव प्रसाद वर्मा द्वारा किया गया। मौके पर करीब तीन दर्जन बिरहोर परिवारों के बीच कंबल, गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। वहीं करीब दो दर्जन बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक की सामग्री वितरण की गई। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**पहल** खरौंधी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1491 आवेदन

# शिविर में 254 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी प्रखंड के खरौंधी मध्य विद्यालय के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसका शुभारंभ प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, उप प्रमुख देवदत प्रसाद मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया।

शिविर में पंचायत के लोगों के विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा विभाग, पेंशन, कल्याण, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, पशु पालन, बिजली विभाग, बैंक, जेएसएलपीएस, कृषि, श्रम, भूमि



सुधार, पेयजल विभाग, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गये थे। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख आभा रानी ने कहा राज्य सरकार प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है ताकि पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सके। बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुचाना है।

इसके साथ ही ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल की जानकारी दी। बीससूत्री अध्यक्ष, उपप्रमुख ने भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण आवेदन लेकर पहुंचे थे। संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदन का त्वरित रजिस्ट्रेशन कर दिया जा रहा था। इस कार्यक्रम में कल 1491 आवेदन प्राप्त हुए एवं 254 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान बीडीसी रेणु देवी, बीपीओ कमलेश पासवान, बीपीएम नवीन प्रकाश, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी,अमरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव केशर सिंह, रोजगार सेवक आनंद गुप्ता, मुखिया पति कृष्णा गुप्ता, झामुमो नेता विनोद यादव, हिफाजत कंसारी, अभिजीत किशोर, अजय बैठा, लेखपाल अशानंदन राम, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# केतार में पशुपालकों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार पंचायत सचिवालय में मंगलवार को गव्य विकास सह पशुपालन विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला गव्य विकास सह पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर विद्या सागर सिंह ने कहा कि गव्य विकास सह पशुपालन विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा की आजकल जानवरो में अनेक वायरल बीमारी हो रही है, इससे कम समय मे ही मवेशियों की मृत्यु हो जारी है। लंबी स्कीन, डिजीज, खोंरहा, मुहपजाओए, चपका तथा कृमि नाशक बीमारी हो रही है। इस बीमारी के लक्षण एवं उपचार को बारीकी से पशुपालकों को बताया गया। इस मौके पर पशुपालकों को किट वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, बबलू सिंह, कामता प्रसाद, सुरेंद्र पटेल, अमृत कुमार, बबिता देवी, शिला देवी, अंकित कुमार, बीगन साह, रमेश दुबे, साकिर अंसारी आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### वरिष्ठ पत्रकार को पितृ शोक, शोक व्याप्त



**श्री बंशीधर नगर।** वरिष्ठ पत्रकार आशीष कुमार अग्रवाल के पिता व शहर के भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान चौक निवासी महेंद्र लाल अग्रवाल (80) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मंगलवार को करीब 10:00 बजे रांची में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार मृतक महेंद्र लाल अग्रवाल पिछले कई वर्षों से हार्ट के बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज रांची में निजी अस्पताल में चल रहा था। वे पिछले एक सप्ताह से खाना पीना छोड़ दिए थे, जिसके बाद परिजनों के उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची ले गए, जहां उन्होंने मंगलवार को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह धमनी स्थित बाकी नदी के मुक्तिधाम पर किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर लेकर एंबुलेंस रांची से श्री बंशीधर नगर के लिए रवाना हो गया है। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शहर व पत्रकारों में शोक व्याप्त है। सूचना मिलते ही आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया। उधर, पत्रकार के पिता का निधन की खबर मिलते ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी,जेजेए प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय लालबाबू खान सहित बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

### युवा समाजसेवी को हुआ पितृ शोक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत शेरेगड़ा ग्राम निवासी युवा समाजसेवी रंजीत यादव के 90 वर्षिय पिता प्रभुनाथ यादव का सोमवार शाम को निधन हो गया। बताया जाता है कि प्रभुनाथ यादव लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जिनका ग्राम स्थित मुक्तिधाम चेटर नदी के पास अंतिम संस्कार किया गया। लातेहार विस राजद भावी प्रत्याशी सुरेश राम, प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता ने रंजीत के पैतृक आवास पहुंच शोकाकुल परिवार से मिल संवेदना व्यक्त कर अंतिम संस्कार यात्रा में शामिल हुए। शव यात्रा में मनोज यादव, उपेंद्र यादव आदि भी शामिल हुए।

### किसानों में चना बीज किट का वितरण

**कुंदा(चतरा)।** मंगलवार को कुंदा प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत क्षेत्र के बनियाडीह में शिविर लगाकर एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत लगभग एक सौ जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला कृषकों के बीच चना बीज किट का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया भरत यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता, प्रमुख जयराम भारती, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार, जेएसएलपीएस सीआरपी हिरामन कुमार समेत कृषक उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**लातेहार।** जिला प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटना के रोक थाम को लेकर इन दिनों लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के समीप नवरंग चौक में लातेहार सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस अवर निरीक्षक दिवाकर धोबी रोहित कुमार शाहरुख की उपस्थिति में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां बिना हेलमेट पहन कर वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस के द्वारा वाहन जब्त किया गया।

### अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

**बारियातु।** मंडल भाजपा कार्यालय परिसर में युवा मोर्चा द्वारा मंडल कार्य समिति एवं मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी की अध्यक्षथा में बैठक की गई। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य सह बारियातू प्रभारी रवि सिंह, भाजपा अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद ने मंडल सशक्तिकरण एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर महामंत्री प्रभु नारायण, रूपेश सिंह, सतीश केसरी, प्रभु यादव, संदीप यादव, कुलदीप यादव, महेश गंजू, गौतम यादव, मंटू ठाकुर, पंकज सिंह, कृष्णा पासवान, विनोद यादव, नागमणि यादव, निरंजन राम आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य सहियाओं के साथ की बैठक

**बारियातु।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य बारीखाप केंद्र भवन परिसर में स्वास्थ्य सहियाओं के साथ मंगलवार को बैठक की गई। बैठक में बीटीटी हीरामन पांडेय व दिलीप दांगी ने उपस्थित सहियाओं को प्रोफाइल अपडेट एवं कार्य संबंधित, एचबीएनसी, विएचएनसी, नियमित पीएलए बैठक, मैत्री बैठक पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सभी प्रकार के सहिया रजिस्टर अपडेट रखने की नशीहत दी। मौके पर सहिया साथी गौरी देवी, सहिया चंचला देवी, सुनीता देवी, अजमेरी खातून, सीतामणी देवी, क्रिन्ति देवी, हलीमा खातून, पूनम देवी, नमिता पांडेय, कुंती देवी, रीता देवी आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन


**टंडवा(चतरा )।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सराढु पंचायत भवन में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय व बीजेपी नेता सह जिला संयोजक मिथलेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सीओ राजेन्द्र दास, मुखिया सीता देवी, अजय सिंह, जगदीश महतो, इन्द्रजीत सिंह,अक्षयवट पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक जलमीनार निर्माण में 5 से 6 लाख रुपये खर्च, दोनों पंचायत में कुल 48 बनाए गए हैं जलमीनार

# विभागीय लापरवाही से दुआरी व मंझगावां में नल जल योजना हो रही फ्लॉप

**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर**

विभागीय लापरवाही के कारण गिद्धौर प्रखंड के द्वारी व मंझगावां पंचायत में केंद्र घर-घर नलजल योजना फ्लॉप साबित हो रहा है। उपरोक्त दोनों गांव में करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा दर्जनों सोलर आधारित जलमीनार का निर्माण किया गया है। साथ ही साथ घर-घर नल जल का कनेक्शन दिया गया है, परंतु अधिकतर जलमीनार बेकार हैं। जबकि संवेदक द्वारा ग्रामीणों को आधा अधूरा कनेक्शन दिया गया है। कई कनेक्शन में संवेदक द्वारा न तो नल लगाई गई है और न ही जमीन बनाया गया है। यहां तक की कागजी प्रक्रिया में पेयजल आपूर्ति शुरू बताई गई है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि करीब छह से सात महीनो से पेयजलापूर्ति बंद है। ग्रामीणों की माने तो जल मीनार निर्माण के साथ कनेक्शन दिए जाने में संवेदक द्वारा घोर अनियमित बरती गई है। शिकायत करने के बावजूद भी इसे दुरुस्त नहीं किया गया। ऐसे में करोड़ों खर्च के बाबजूद द्वारी व मंझगांवा पंचायत के ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित हो रहे हैं। मिला जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा एक जलमीनार निर्माण में पांच से छह लाख रुपए खर्च किए गए हैं। बताया गया कि द्वारी पंचायत में लगाभा 28 व मंझगांवा पंचायत के तरीघटेरी में 20 जल मीनार का निर्माण किया गया है। द्वारी के अशोक रवानी, बबलू प्रजापति, अनिल यादव, तसलीम अंसारी आदि ग्रामीणों ने बताया कि एक जल मीनार से करीब 25 से 35 घरों को कनेक्शन दिया गया है। परंतु पिछले सात आठ माह से पेजला आपूर्ति बंद है। इसकी शिकायत करने के बावजूद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब तक कई जल मीनार के समीप संवेदक द्वारा डीप बोरिंग भी नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने उपरोक्त मामले की जांच करते हुए संवेदक के साथ विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में अरविंद कुमार सिंह सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, चतरा द्वारा पुछे जाने पर बताया गया कि जल मीनार खराब होने का मामला संज्ञान में आया है। जिसकी जांच करते हुए दुरुस्त किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।





# 'टोरी क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण शुरू कराया जाए'

## माकपा नेता ने 'एक्स' के माध्यम से राज्यपाल से किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

माकपा नेता अयुब खान व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने राज्यपाल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी (फ्लाईओवर ब्रिज) निर्माण कार्य शुरू कराने का आग्रह किया है।

माकपा नेता ने कहा है कि दो वर्ष पहले झारखंड राज्य के लातेहार जिले के टोरी (चंदवा) में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है। टेंडर होने के बाद इसका शिलान्यास 3 अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लातेहार विधायक बैधनाथ राम के हाथों किया जा चुका है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा जानबूझकर बहाने बनाकर दो वर्ष से इसका निर्माण कार्य लटका कर रखा गया है। टोरी रेलवे जंक्शन व्यस्त रेलमार्ग में आता है। यहां से तीन रूट टोरी रांची भाया लोहरदगा, टोरी टू बालूमाथ, हावड़ा से टोरी भाया दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना सैकड़ों गुड्स व एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन होता है। इसके कारण क्रॉसिंग स्थित फाटक अधिकांश समय बंद रहता है। फाटक राहगीरों के लिए सिर्फ तीन चार मिनट के लिए खोला जाता है, वाहनों के पास होते ही पुनः फाटक बंद कर दिया जाता है। उक्त क्रॉसिंग से प्रतिदिन हजारों छोटी बड़ी दो पहिया और चार पहिया वाहन गुजरते हैं जो फाटक जाम में फंसकर आधे से अधिक घंटे तक लंबी कतार में फंसकर खड़े रहते हैं। क्रॉसिंग जाम में एम्बुलेंस भी फंसी रहती है। दर्जनों मरीजों की मौत फाटक जाम पर फंसने की वजह से अबतक हो चुकी है। एनएचएआई के अधिकारी जानबूझकर फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं करा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि एनएचएआई इस कार्य को जानबूझकर रोका हुआ है।



वहीं टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज (एफओबी) की मंजूरी रेलवे विभाग ने एक वर्ष पहले ही दे दी है, लेकिन रेल विभाग के उदासीन रवैये के कारण इसका भी निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। एफओबी निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज समेत मरीजों को अस्पताल आने जाने में परेशानी हो रही है। चंदवा शहर से स्टेशन आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं रहने के कारण पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से कई यात्रियों की असमय मौत हो चुकी है।

### प्रतापपुर ने कान्हाचट्टी को नौ विकेट से हराया

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में मंगलवार को 18वां मैच कन्हाचट्टी बनाम प्रतापपुर के बीच खेला गय। टॉस जीत कर कन्हाचट्टी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खो कर मात्र 73 रन ही बना पाई। प्रतापपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मो. जैद सीनियर ने तीन, ओसामा, गौतम व अक्षय ने दो-दो एवं मो. जैद जूनियर ने एक विकेट लिया।

वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी प्रतापपुर की टीम ने मात्र 8.2 ओवर में एक विकेट खो कर 75 रन बना कर विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस प्रकार प्रतापपुर ने कन्हाचट्टी को नौ विकेट से हराया दिया। प्रतापपुर की ओर से गौतम कुमार ने सर्वाधिक 40 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। मो. जैद सीनियर को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सचिव मनोज सहाय आदि उपस्थित थे।

# 'अबुआ आवास योजना की चयन प्रक्रिया में बरती जा रही है अनियमितता'

### कदगावां मुखिया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से की लिखित शिकायत

**मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

राज्य की हेमंत सरकार द्वारा गरीबों को आवास मुहैया कराने के लिए महात्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना की शुरूआत की गई है।इसके तहत योग्य लाभुकों के चयन के लिए समिति का गठन किया गया है।

समिति द्वारा प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन कर इस योजना का लाभ दिया जाना है,ऐसा सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है। लेकिन कदगावां कला पंचायत में प्रखंड समन्वयक (पीएमएवाई-जी) नागेश्वर यादव द्वारा सरकार द्वारा जारी आदेश के विपरीत बिना समिति के भौतिक सत्यापन और बिना वरीयता सूची जारी किए, पंचायत स्वयंसेवक रमाकांत मिश्रा को अबुआ आवास का भौतिक सत्यापन का जिम्मा सौंपते हुए उनसे प्राप्त सूची से लाभुकों का मनमाने तरीके से चयन करते हुए जियो-टैग किया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायत मुखिया अशोक कुमार भुइयां द्वारा मयूरहंड बीडीओ से की गई है। मुखिया ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इसके पूर्व भीस्वयंसेवक द्वारा पीएम आवास योजना में भी प्राथमिकता वरीयता सूची-क्रम में हेर फेर करते हुए अपने परिजनों सहित अन्य लाभुकों का चयन किया गया था, जिससे योग्य लाभुक पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित हो गए थे।

मुखिया ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि जब प्रखंड समन्वयक और स्वयंसेवक द्वारा ही प्राथमिकता और वरीयता सूची के आधार पर आवास का लाभ दिया जाना है तो, समिति गठित करने का औचित्य ही क्या है। उन्होंने बीडीओ से संबंधितों पर विधि-सम्मत कार्रवाई की मांग की है।

# 'विवाह में दहेज प्रथा और डीजे के उपयोग पर रोक लगाई जानी चाहिए'



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में तहरीक ए बेदारी कांफ्रेंस का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व एमएलसी गुलाम रसूल बाल्यावी व विशिष्ट अतिथि एदारे सरिया झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी एवं हर प्रखंड के अंजुमन कमेटी से सदर व सिक्योरिटी समेत अन्य उपस्थित थे।कार्यकर्म की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अब्दुल सुभान मियां व संचालन अतीक मंसूरी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाम रसूल बल्यावी ने कहा कि हमारे मजहब में दहेज प्रथा एवं शादी विवाह में फिजूल खर्च किया जाता है। शादी में डीजे बाजा के उपयोग, तिलक दहेज पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दाल रोटी खाए और अपने बच्चों को ऊंच शिक्षा दें, झारखंड में मोबलिंचिंग अब तक 64 हुई है। जिसपर राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार का कोई एक्शन नहीं लिया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे समाज में शादी विवाह में फजुल खर्च न करें इससे बचने की जरूरत है। मौके पर हाजी इदरीश अंसारी, इसलाम अंसारी, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद ताज, सचिव इजाजुल अंसारी, कामता अंजुमन सदर मनीर आलम, कामता अंजुमन सेक्रेटरी रौशन अंसारी, जियाउल हक, सहबाज आलम, आशिक अली, कयूम अंसारी, मंजूर आलम, अजीज अंसारी, गुलाम सरवर, साजिद हुसैन, खुर्सिद अंसारी, सकिल अंसारी, मोबिन अंसारी, इरफान अंसारी तस्दीक आलम रफीक अंसारी मोहिब अंसारी, करी मुमताज, मो. सनऊल्लाह, मो. मनान, मो. शाहबान मो. मेराज, मो. कासिम समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बीमा राशि के लिए पांच माह से दर-दर भटक रहा दो बच्चियों का पिता

**बारियातु।** प्रखंड की टोंटी पंचायत के सरहचवा टोला निवासी राजेन्द्र उरांव पत्नी झुनिया देवी (35) की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने के लिए बीते पांच माह से दर-दर भटक रहा है। पीड़ित ने उपायुक्त से बीमा योजना के तहत मिलने वाली राशि दिलाने की मांग की है।

पीड़ित उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पत्नी झुनिया देवी का भारतीय स्टेट बैंक भैंसादोन शाखा में निजी खाता था। बैंक कर्मियों के कहने पर 2021 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत इंश्योरेंस कराया गया था, जिसमें बताया गया था कि प्रति वर्ष 436 रुपये प्रीमियम जमा करना है। इस बीच अगर बीमा धारक की बीमारी या दुर्घटना से मौत हो जाती है तो उनके नॉमिनी को बैंक द्वारा दो लाख रुपये की राशि दी जायेगी। 27 जून 2022 को दूसरा प्रीमियम जमा हुआ था, जिसके बाद 13 जून 2023 को उसकी पत्नी की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। इसके पश्चात मृत्यु प्रमाणपत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज के साथ मैं इंश्योरेंस क्लेम लेने के लिए शाखा गया। तबसे मुझे बैंक द्वारा दौड़ाया जा रहा है और लगभग पांच माह बीत जाने के बाद भी बीमा की राशि नहीं मिल पाई है। थक हार कर 18 दिसंबर को टोंटी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी आवेदन दिया। बताया कि उसकी दो बेटियां है और वह एक मजदूर है। हमारा कोई सहारा नहीं है। अगर बीमा की दो लाख राशि मिल जाये तो बेटियों को सही ढंग से पालन पोषण कर शिक्षा दिला सकूंगा।

# दांगी कुशवाहा समाज के सम्मेलन को सफल बनाने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को दांगी कुशवाहा समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर दांगी ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से समाज के जिलाध्यक्ष केदार प्रसाद, प्रदेश संयोजक देवचरण दांगी, सिमरिया प्रभारी राजू लाल वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, प्रखंड सचिव संतोष निराला मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड से 25 लोग 21 सौ रुपया की रसीद कटवा कर आजीवन सदस्य बने। साथ ही प्रखंड में सक्रिय सदस्य के साथ सामान्य सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 28 दिसंबर को गिरिडीह के सरिया में आयोजित दांगी कुशवाहा समाज के युवा सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में प्रखंड से अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की गई। इस अवसर पर गिद्धौर पंचायत अध्यक्ष दशरथ दांगी को सर्वसमिति से मनोनीत किया गया। बैठक के पश्चात चूड़ा तिलकुट का सभी ने आनंद लिया। बैठक में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, लक्ष्मण दांगी, रवि प्रियदर्शी, सत्येंद्र कुमार दांगी, बहादुर दांगी, राजेश कुमार दांगी, संगीता देवी, मीडिया प्रभारी संजय दांगी, महादेव दांगी, मनोज कुमार वर्मा, बैजनाथ दांगी, चमारी प्रसाद दांगी, बंशी दांगी आदि उपस्थित थे।

**पहल** 

## बालूमाथ में कृषि प्रदर्शनी मेला का आयोजन, कई किसानों को किया गया सम्मानित

# 'सरकार किसानों की आय को बढ़ाने के लिए तत्पर'

**अजीत कुमार। बालूमाथ**

प्रखंड ब्लॉक कैंपस में मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ डॉ. दिवेश कुमार सिंह परियोजना निदेशक लातेहार एवं बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, प्रमुख प्रमिला देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव ने किया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में परियोजना निदेशक ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है गांव-गांव तक किसानों को योजना की पूरी जानकारी देकर उन्हें योजना से जोड़ना। उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि किसानों की उपज से ही देश के लोग जीवित हैं। सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। किसान सरकारी योजना से जुड़कर खुद को समृद्ध बनाएं। बीडीओ ने किसानों के लिए लाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि सरकार आपकी आय वृद्धि के लिए पहल कर रही है। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ने किसानों से योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया। इस दौरान दर्जनों किसानों के




बीच केसीसी लोन, कृषि यंत्र के अलावे प्रदर्शनी में किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉल में अच्छी नस्ल की फसल के किसान को प्रोत्साहन के लिए कृषि उपकरण एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. शमीम एटीम बारियातु ने किया। वहीं कृषि एवं प्रदर्शनी मेले में लातेहार की बैजंती कुमारी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। बैजंती ने बताया कि आत्मा में प्रशिक्षण प्राप्त कर विभाग द्वारा अनुदान में मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स दिया गया था। नियमित संघर्ष के बाद मधु की उपज कर एवं अचार, पापड़ व चिप्स आदि बनाकर बिक्री करते हैं, जिससे महीने की आमदनी लगभग 30 हजार हो जाती है। इससे हम बहुत खुश हैं। सरकार द्वारा उत्थान के लिए इस तरह की योजना चलाकर हम महिला को समृद्ध किया जा रहा है। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, बीटीएम परमानंद कुमार, डॉ. नीलिमा तिर्की, वैजयंती देवी, संजय सिंह, संजय राणा, अरविंद कुमार, राजेश उरांव, राजन यादव आदि उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, जमीन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, खेल कूद, अबुआ आवास, कोविड-19 से संबंधित मानदेय समेत अन्य मामले को लेकर आम लोग पहुंचे थे। उपायुक्त ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनो का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11रू30 बजे से 01रू00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## गागर में सागर

### उपायुक्त ने घायल को अस्पताल भेजवाया

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने हेतु सोमवार को मुरकुंडा पंचायत स्थित छप्पर टोली मैदान जा रहे थे। इसी क्रम में उसकी नजर अरमई बाईपास सड़क के किनारे एक नशे में धुत व्यक्ति गंभीर रूप से घायल और बेहोशी की स्थिति में पड़ा था। उपायुक्त ने काफिले को रुकवाया और स्वयं अपने वाहन से उक्त घायल को इलाज के लिए अपने स्कॉर्ट वाहन से गुमला सदर अस्पताल भेजवाया और अपने मोबाइल फोन के माध्यम से डॉक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### कमलेश उरांव ने जीता कांस्य पदक

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के छात्र कमलेश उरांव ने विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करते हुए लंबी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर देश में विद्या भारती का मान बढ़ाया। 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल एथलेटिक्स प्रतियोगिता 16 से 20 दिसंबर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज में आयोजित हो रही है, जिसमें पूरे देश से चयनित 44 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कक्षा षष्ठ के छात्र कमलेश ने इस उपलब्धि द्वारा विद्या भारती (झारखंड प्रांत) का नाम पूरे देश में रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्या भारती झारखंड परिवार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सभी आचार्य आचार्या, लोहरदगा संकुल के सभी प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के अभिभावकों ने शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की है।

### मुफ्त कोचिंग चलाएगा उर्दू विकास मंच

**लोहरदगा।** उर्दू विकास मंच की एक बैठक हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सभी ने निर्णय लिया की समाज के विकास में शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए। इसी निमित आने वाले मैट्रिक और इंटर का मुफ्त कोचिंग आयशा कच्ची विद्यालय में पूर्वाह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक अनुभवी शिक्षकों द्वारा कोचिंग दी जाएगी। नामांकन जारी है। इच्छुक छात्र अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। बैठक में फिरोज रही, कमरूजामा कुरैशी, मुमताज अहमद, औरंगजेब अहमद, अफरोज कुरैशी, मो इरफानुल्लाह, शिक्षक एनामुल हक, जान मोहम्मद, सहादुत हुसैन, सगीर अंसारी, एजाज अहमद, कबीर उद्दीन, असफाक खलीफा मौजूद थे।

### कला संगम में आकांक्षा को दूसरा स्थान



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्रांतीय कला संगम में सम्मिलित हुए प्रतिभागियों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। प्रांतीय कला संगम उत्सव सरस्वती विद्या मंदिर राजकमल धनबाद में आयोजित हुआ था। किशोर वर्ग बहनों में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में आकांक्षा पांडे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अनिमा कुमारी और अंजली कुमारी ने भाग लिया था। सभी विजेता प्रतिभागियों और संरक्षक आचार्या कविता कुमारी को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें अगर जीवन में लक्ष्य प्राप्त करना है तो सुधार का सबक सीखना होगा और आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्र संघ का चुनाव शीघ्र हो : आजसू



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय छात्र संघ (आजसू) के अध्यक्ष आयुष कुमार मेहता ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मांग पत्र सौंप कर छात्र संघ के चुनाव जल्द करने की मांग की है। लोहरदगा बीएस कॉलेज पहुंचे कुलपति का स्वागत करने के पश्चात ज्ञापन सौंपते हुए आजसू छात्र संघ ने मांग की है कि पिछले लगभग 5 वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है। इसलिए इस शैक्षणिक सत्र में छात्र संघ का चुनाव कराया जाए। इसके अलावा लोहरदगा बलदेव साहू महाविद्यालय में चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए एवं बलदेव साहू महाविद्यालय से महिला कॉलेज बरही तक बस सेवा की व्यवस्था की जाए। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य शिवप्रसाद गुप्ता, प्रोफेसर शशि गुप्ता के अलावा लोहरदगा आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष आयुष मेहता, सचिव आकाश मेहता, छात्र संघ मीडिया प्रवक्ता सोनू राज, नगर सचिव राजन मेहता, विनय कुमार अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

### रांची विवि कॉलेजस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का कुलपति ने किया शुभारंभ, डोरंडा कॉलेज ने संजय गांधी कॉलेज को हराया

# बीएस कॉलेज ने योगदा सत्संग कॉलेज को दी मात





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का बीएस कॉलेज में शुभारंभ हुआ। विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने बी एस कॉलेज स्टेडियम में ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। मैच से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे झारखंड राज्य और खास कर रांची विवि के छात्र खेल प्रतिभा के स्वाभाविक रूप से धनी हैं।

उन्होंने कहा कि रांची विवि प्रशासन खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर प्रकार से कृतसंकल्प है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बीएस कॉलेज लोहरदगा और योगदा सत्संग कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें टॉस जीत कर योगदा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए। जवाब में बी एस कॉलेज लोहरदगा ने 10.5 ओवर में ही 78 रन बनाकर मैच जीत लिया। बी एस कॉलेज लोहरदगा के गेंदबाज सुमित ने 5 विकेट लिए, जिसके कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज रांची और डोरंडा कॉलेज रांची के बीच खेला गया, जिसमें टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज ने 128 रन बनाए। जवाब में डोरंडा कॉलेज ने 17.4 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 129 रन बना कर मैच जीत लिया। डोरंडा कॉलेज के खिलाड़ी आशीष होरो को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उल्लेखनीय है कि रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी पांच दिनों तक बी एस कॉलेज में होना है। 22 दिसंबर को इस प्रतियोगता का फाइनल खेला जाएगा। इन मैचों के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को रांची विवि की टीम के लिए चयनित किया जाएगा।

मैचों के दौरान रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, बी एस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी समेत बी एस कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे।

## विभिन्न पंचायतों में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में लाभुकों को दिया गया योजनाओं का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को सदर प्रखंड की जुरिया पंचायत, कुडू प्रखंड मुख्यालय और पेशरार प्रखंड की रोरद पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/ आय/ आवासीय/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त आयोग, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहतार्धारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप, म्युटेशन अंतर्गत नामांतरण पत्र, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत धोती, लुंगी व साड़ी, मृत्यु प्रमाण-पत्र वितरण का कार्य किया गया। जुरिया पंचायत में सांस्कृतिक कला मंच नारी नवाडीह के कलाकारों ने दल नायक घनश्याम महतो के नेतृत्व में गीत-संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी व जागरूकता के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम प्रखंड/ अंचल के पदाधिकारी व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### भाई का मृत्यु प्रमाणपत्र पाकर भावुक हुए सुकरा उरांव



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड की जुरिया पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में आज जुरिया पंचायत निवासी सुकरा उरांव अपने बड़े भाई का मृत्यु प्रमाण-पत्र पाकर भावुक हो गये। दरअसल, सुकरा के बड़े भाई की मृत्यु कुछ दिनों पूर्व ही हुई थी। उन्होंने शिविर में बड़े भाई के मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन दिया जो स्वीकृत हो गया। इस त्वरित कार्रवाई के लिए सुकरा ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन लोहरदगा को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के कल्याण के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन कर रही जो काफी बढ़िया है। यह कार्यक्रम बहुत सफल हो रहा है।

## कुडू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड मुख्यालय परिसर कुडू में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष रिना कुमारी, कुडू पूर्वी की जीप सदस्य गंगोत्री देवी, जिला अप समाहर्ता प्रमोद कुमार गुप्ता, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोनिया मंजुल, मुखिया शुष्मा लकड़ा, पसस पूणम देवी आदि ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गए थे, जिनमें विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किए गए। मौके पर जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को जन कल्याणकारी योजनाएं, जनसुविधाएं घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इसका सभी को लाभ लेना चाहिए। मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर, बीटीएम ज्ञान साहू, अंचल कर्मी दिलीप कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर, सीएचओ तौसीफ अंसारी, धीरज प्रसाद, विनय साहू, संतोष मांझी, संजय तिलक आदि उपस्थित थे।

### बुधु उरांव को दिया गया सिंचाई कूप



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड की जुरिया पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में मंगलवार को जुरिया पंचायत निवासी बुधु उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप का लाभ मिला। बुधु उरांव ने कहा कि सरकार की ओर से सिंचाई कूप का लाभ मिला है। वे इसका भरपूर लाभ उठाएंगे और खेती को बढ़ाएंगे। बुधु ने इसके लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सिंचाई कूप के नहीं होने से कई बार चाह कर भी खेती नहीं कर पाते थे। सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था करने में बहुत दिक्कत होती थी।

### विजय भगत को मिला सिंचाई कूप



**लोहरदगा।** जुरिया पंचायत निवासी विजय भगत को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप मिला। विजय ने बताया कि सरकार घर-घर पहुंच का योजनाओं का लाभ दे रही है। लोगों को भी चाहिए कि सरकार के द्वारा की गई इस पहल का भरपूर फायदा उठाएं। सिंचाई कूप मिलने पर खुशी जताते हुए विजय ने कहा कि सिंचाई कूप मिलने से अब सिंचाई में सुविधा होगी। अपना सिंचाई कूप होने से किसी अन्य किसान के सिंचाई कूप पर आश्रित रहना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री को इस योजना का लाभ देने के लिए बहुत धन्यवाद।

## कैरो व गजनी में विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को कैरो प्रखंड के गजनी एवं कैरो पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल आईईसी वैन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई।

**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक– 548, दिनांक–29.09.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप(पुरूष एवं महिला) प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक दिनांक– 01 नवम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक किया जाना निर्धारित हैं। उक्त के आलोक में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक– 994, दिनांक–04.11.2023 के द्वारा गत् वर्ष की भाँत्ति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023 में पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी सेट, फुटबॉल शूज, मौजा, सिन गार्ड एवं गोलकिपर ग्लब्स) उपलब्ध कराया जाना हैं। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदादाता दिनांक– 27.12.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक समाहरणालय, चतरा स्थित जिला खेल शाखा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा DROP BOX में जमा करेंगें। उक्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे समाहरणालय के सभाकक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा निविदा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः– निविदा के शर्तें एवं विस्तृत जानकारी जिले के बेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा

PR 313806 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)#D

**कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार**
बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार ई मेल deolatehar1@gmail.com/rmsaltr@gmail.com

**आम - सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 4044/2022 से सम्बद्ध अवमाननावाद संख्या 612/2022 के मामले में पारित न्यायादेश दिनांक 15.12.2022 के क्रमांक –4 एवं क्रमांक –5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या –21/2016 अन्तर्गत संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा –2016 (मुख्य) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर विषयवार चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा कार्यालय को प्राप्त है के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों का दिनांक 22.12.2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाहन 10:30 बजे सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, स्थानीय, जाति, आधार एवं अन्य प्रमाण पत्रों की भौतिक जाँच की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विषय | नाम एवं अनुक्रमांक | प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भूगोल | शैलेन्द्र कुमार– 17112177385, मो0 साह आलम इकबाल – 16116165279, | 22.12.2023 |
| 2 | जीव विज्ञान/रसायण शास्त्र | पुष्पेन्द्र कुमार – 14116137942 | 22.12.2023 |

उपरोक्त सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्वाहन 10:30 बजे सभी प्रमाण पत्रों एव अन्य आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति तथा 02 सेट स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रांक :–
दिनांक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी
लातेहार

PR 313787 Human Resource Developement (23-24)_D

**पहल** डॉक्टर व कर्मियों को रोग से बचाव, फैलने व विकलांगता से बचने के उपाय बताए गए

# कुष्ठ रोग उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर अस्पताल स्थित कार्यालय परिसर में मंगलवार को कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से आए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कुष्ठ रोग के नोडल चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन किया गया।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कुष्ठ रोग एक धीमी गति से फैलने वाली संक्रमित बीमारी है जिसका कीटाणु शरीर में प्रवेश करने के बाद इसके लक्षण आने में करीब 5 से 6 साल लग जाते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर गौतम कुमार स्टेट कोऑर्डिनेटर डीएफआईटी झारखंड से आए प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग का किस तरह पहचान करना है। पहचान कर उनका क्या-क्या इलाज देना है और विकलांगता को कैसे बचाना है और बीमारी को फैलने से कैसे रोका जा सकता है और जो विकलांगता मरीज है उसके विकलांगता ज्यादा नहीं बढ़े, उसकी कैसे रोकथाम करनी है। कहा कि अगर शुरुआती द्वार पर मरीज की बीमारी की पहचान हो जाती है तो और इसका इलाज शुरू हो जाता है तो यह पूर्ण रूप से ठीक हो सकता है और विकलांग होने से बचाए जा सकता है। सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो एवं जिला कुछ निवारण पदाधिकारी डॉक्टर डीएन सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग के मरीज को नियमित रूप से दवा खिलाई जा रही है और सभी मरीजों को सेल्फ केयर, एम सीआर फुटवियर और डीपीएमआर के द्वारा विकलांगता की कैसे देखभाल एवं रोकथाम के लिए जानकारी दी गई। डॉक्टर अशोक कुमार ओड़िया ने बताया कि अब मरीज को डायग्नोसिस और पहचान करने में आसानी होगी। इस मौके पर डीएफआइटी के डीपीएमआर कोर्डिनेटर, कुष्ठ नियंत्रण इकाई के पांच नोडल मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर, फिजियोथैरेपिस्ट, नोडल पर्सन आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### दूरसंचार विधेयक को संसद में किया गया पेश

नई दिल्ली। यदि टेलीकॉम कंपनियां पट्टे की अवधि से पहले अपना स्पेक्ट्रम सरेंडर करती हैं तो वे किसी भी रिफंड के लिए पात्र नहीं होंगे। विधेयक का उद्देश्य अप्रिय कॉलों और अन्य मुद्दों के खिलाफ शिकायतों को संभालने के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र और ऑनलाइन विवाद समाधान प्रदान करना है। लोकसभा में पेश किया गया दूरसंचार विधेयक, 2023 का मसौदा सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में किसी भी या सभी दूरसंचार सेवाओं या नेटवर्क को संभालने, प्रबंधित करने या निलंबित करने की अनुमति देता है।

### विहिप ने आडवाणी और जोशी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने राम मंदिर आंदोलन में महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमिका निभाने वाले भाजपा के दो पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया है। विहिप ने निमंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार की तरफ से बयान जारी कर कहा, ₹राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा लाल कृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

### ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर फिर लैंडस्लाइड, बाधित रहा यातायात

**चमोली।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाइवे पर एक बार फिर लैंडस्लाइड की घटना हुई। मंगलवार को चमोली जिले के बाजपुर नेशनल हाईवे पर पहाड़ी से चट्टान आकर गिरा, जिससे रास्ता बाधित हो गया। जिस वक्त हादसा हुआ उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। कड़ी मेहनत के बाद सड़क से मलबा हटाया गया। चमोली थाना अध्यक्ष कुलदीप रावत ने बताया कि नेशनल हाईवे पर चट्टान का मलबा आने की सूचना मिली तो तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस तरह से सड़क पर मलबा आने से कई बार लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राहगीरों की कोठियाल नंदप्रयाग सड़क से आवाजाही करवाई गई।

### सदन से हटाई गई जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर, गुस्से में कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंबेडकर की तस्वीर स्थापित करना एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन नेहरू की तस्वीर को हटाना इतिहास बदलने की भाजपा की साजिश है। 16वीं मध्य प्रदेश विधानसभा के पहले सत्र में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के स्थान पर डॉ. बीआर अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने को लेकर विवाद हुआ। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंबेडकर की तस्वीर स्थापित करना एक स्वागत योग्य कदम है।

### पहाड़ों पर बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में होगी बारिश

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऊंचे इलाकों में जमकर बर्फबारी हो रही है। वहीं, कई जिलों में माइनस में पारा रिकॉर्ड किया गया है। ऐसे में हिमाचल में इस बार व्हाइट क्रिसमस की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूवार्नुमान के अनुसार राज्य में 22 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई गई है। ऐसे में शिमला सहित प्रदेश के अन्य उच्च क्षेत्र में व्हाइट क्रिसमस की संभावना जताई जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ का असर 26 दिसंबर तक रहने की संभावना जताई गई है। सोमवार को प्रदेश में धूप के खेलने से ठंड से कुछ राहत अवश्य मिली है, हालांकि न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया जा रहा है।

---

33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान रखेंगे विचार

# बोधगया में पहला अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम 20 से 23 दिसम्बर तक, दलाई लामा करेंगे उद्घाटन



**एजेंसी। गया (बिहार)**

बौद्ध धर्म गुरु सह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और बौद्ध केंद्र के सहयोग से 20 से 23 दिसम्बर के मध्य प्रथम अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम (आईएसएफ) का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम बिहार के बोधगया में आयोजित होगा, जिसमें 33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान विचार रखेंगे। इसका उद्घाटन दलाई लामा करेंगे। आईएसएफ ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि दलाई लामा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बौद्ध नेताओं की मौजूदगी में एक सभा होगी। यह आयोजन भारत, थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, बांग्लादेश और इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व और दक्षिण एशियाई देशों के पाली परंपराओं के कलाकारों के साथ-साथ तिब्बत से संस्कृत परंपरा के कलाकारों के एक साथ आने का भी गवाह बनेगा। इसके अलावा भूटान, नेपाल, वियतनाम, चीन, ताइवान, जापान, कोरिया, रूस, मंगोलिया और दुनिया के अन्य हिस्सों से भी कलाकार शामिल होंगे। कहा गया है कि आईएसएफ का लक्ष्य विनय नियमों के जटिल पहलुओं पर बातचीत को बढ़ावा देना और 21वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका का पता लगाना है। कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में भिक्षुओं, ननों और भिक्षु विद्वानों के बीच चर्चा होगी। इसमें बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी। चचाओं के बाद मंच के समापन के अंतिम दिन बोधगया के प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा होगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिसंबर में भारत सहित दुनिया भर से लगभग 5,000 भिक्षु और नन दो से 12 दिसंबर तक 18वें अंतरराष्ट्रीय टिपिटका जप कार्यक्रम के लिए बोधगया में एकत्र हुए थे। संगठन अंतरराष्ट्रीय भिक्षुओं को लाकर और उनकी शिक्षाओं को उनके मूल रूप में सुनाकर भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थानों के पुनरुद्धार की दिशा में काम करता है। यह संघ को एक साथ लाने और प्रतिष्ठित बौद्धों द्वारा धम्म वार्ता आयोजित करने का भी एक प्रयास है।

# छत्तीसगढ़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़



**एजेंसी। बीजापुर**

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से नक्सल घटनाएं बढ़ गई है। बीजापुर में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। चिन्नागेलुर के जंगलों में ये मुठभेड़ हुई। एरिया डॉमिनेशन पर निकले जवानों पर हमलाः बीजापुर में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम चिन्नागेलुर की तरफ एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली हुई ती। इसी दौरान चिन्नागेलुर के जंगल में छिपे बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनड लॉचर) से जवानों पर हमला किया। जवानों ने भी नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की। जिसके बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर जंगल में भाग गए। जवान पूरे क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चला रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ में बढ़ी नक्सली घटनाएंः** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली घटनाएं हो रही है। नई सरकार बनने के बाद सीएम के शपथ ग्रहण के दिन भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया जिसमें नारायणपुर में एक जवान शहीद हो गया। इसके दूसरे दिन कांकेर में बीएसएफ का जवान शहीद हो गया। जवानों के शहीद होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम ने नक्सलियों पर बड़ी कार्रवाई करने को लेकर निर्देश दिए।

**नक्सलियों पर लिया जाएगा बड़ा एक्शनः** सीएम विष्णुदेव साय ने नक्सलियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि₹ छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। बसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। नक्सलियों की बौखलाहट बढ़ गई है। जिसके चलते माओवादी कायराना हरकत कर रहे हैं। जैसे पहले 15 वर्षों में हम नक्सलियों से लड़ाई लड़ी है। इस बार डबल इंजन की सरकार है। उससे भी ज्यादा मजबूती के साथ आने वाले समय में नक्सलियों से लड़ाई लड़ेंगे।

**नई सरकार बनने के बाद सीएम के शपथ ग्रहण के दिन भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया**

पटना में खेल-खेल में कार में लॉक हो गए भाई-बहन

## अचानक लगी आग में जलकर दोनों की मौत

**एजेंसी। पटना**

दर्दनाक खबर राजधानी पटना से आ रही है, जहां खेल-खेल में एक भाई-बहन की जान चली गई। दोनों बच्चे कार की पिछली सीट पर बैठकर खेल रहे थे, इसी दौरान कार किसी तरह से लॉक हो गई और उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग में झुलसकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। घटना गौरीचक थाना क्षेत्र के सोहगी रामपुर इलाके में सोमवार की रात हुई। दरअसल, सोहगी रामपुर निवासी संजीत राम ने तीन महीने पहले ही एक सेकंड हैंड कार खरीदी थी। संजीत कार से घूमकर कहीं से वापस घर पहुंचा था और कार को घर के बाहर खड़ा कर दिया था। इसी दौरान संजीत राम का सात साल का बेटा राजपाल और उनके चचेरे भाई सुक्कन की 6 साल की बेटी सृष्टि कार में घुस गए। दोनों कार की पिछली सीट पर बैठकर खेल रहे थे, तभी कार भीतर से लॉक हो गई और उसमें आग लग गई। कार में आग लगने की घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंकर हंगामा करने लगे। घर के पास हंगामा सुनकर परिवार के लोग बाहर निकले तो कार में आग देखकर उनके होश उड़ गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने कार में लगी आग को बुझाने की कोशिश की लेकर आग की लपटें काफी तेज थी। जबतक दोनों बच्चों को कार से बाहर निकाला गया वे बुरी तरह से झुलस चुके थे। आनन-फानन में दोनों को परिजन बच्चों को संपतचक स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

1,039 बच्चों सहित 7,434 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया

## तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़ने, सेना ने संभाला मोर्चा

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के चार जिलों में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। पिछले 24 घंटे में हुई तेज बारिश ने दक्षिणी जिलों थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी में भारी तबाही मचाई है। भारतीय तट रक्षक बल और वायु सेना ने मदद कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। भारतीय तट रक्षक बल ने दक्षिणी तमिलनाडु में बाढ़ राहत के लिए मदुरै में पहले से ही परिचालन में मौजूद डोर्नियर और एएलएच का समर्थन करने के लिए एक अतिरिक्त उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) तैनात किया है। पिछले 24 घंटों में अभूतपूर्व बारिश होने से तिरुनेलवेली और थूथुकुडी जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई। वायु सेना स्टेशन सुलूर को राहत एवं बचाव कार्यों का ऑपरेशन सौंपा गया है। मौजूदा समय में वायु सेना के एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर से बाढ़ पीड़ितों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी जिलों में बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाखों लोग घरों में फंसे हैं। सुरक्षाबलों की मदद से बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया है। इन चार जिलों का संपर्क तमिलनाडु के बाकी हिस्सों से कट गया है। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार सुबह तक 1,039 बच्चों सहित 7,434 लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। कई जगह बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी है। कुछ स्थानों पर मोबाइल टावर ध्वस्त हो जाने से नेटवर्क में बाधा आ गई है। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात तक जनहानि के आंकड़े जारी नहीं किए। हालांकि, चार जिलों में हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है।

क्रिसमस-न्यू ईयर रहेगा खास, जगह जगह लगेंगे स्टॉल

# शिमला की हसीन वादियों में होगा विंटर कार्निवाल



**स्कूली बच्चे पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

विंटर कार्निवाल में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से सांस्कृतिक गतिविधियां भी पेश की जाएगी। बालिका आश्रम टूटीकंडी की बालिकाओं की ओर से भी प्रस्तुतियां पेश की जाएगी। विंटर कार्निवाल के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम दोनो ही तैयारियों में जुटे गए है। अधिकारियों का कहना है कि शिमला के अंतराष्ट्रीय समर फेस्टिवल की तरह ही शहर में गतिविधियां आयोजित होगी।

**एजेंसी। शिमला**

राजधानी शिमला में 25 दिसंबर से शुरू हो रहे विंटर कार्निवाल के दौरान शहर में देर रात तक लोगों को आने जाने की सुविधा मिलेगी। शहर में ल्फ्छ्ळउ की बसें व टैक्सी सेवा देर रात तक जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने एचआरटीसी प्रबंधन को इस बारे में पत्र लिखा है।

**शिमला में देर रात तक चलेंगी बसें :** पत्र के माध्यम से शहर के अलग अलग क्षेत्रों में टैक्सी व बसों का संचालन करने को कहा है, ताकि लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। शहर के कई क्षेत्रों में शाम 9 बजे के बाद बस सेवा बंद हो जाती है। ऐसे में विंटर कार्निवाल के दौरान लोगों को आने जाने में दिक्कतें पेश आ सकती है।

**एचआरटीसी चलाएगा अतिरिक्त बसें-टैक्सियां :** इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एचआरटीसी की अतिरिक्त बसें व टैक्सियां चलाने को कहा है। वहीं मंगलवार को शिमला विंटर कार्निवाल को लेकर शिमला जिला उपायुक्त आदित्य नेगी विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इस दौरान एचआरटीसी व परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी बैठक में मौजूद रहने को कहा गया है। शिमला में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विंटर कार्निवाल चलेगा। इस दौरान शहर में काफी संख्या में लोगों के मौजूद रहने की उम्मीद जताई जा रही है। शिमला में विंटर कार्निवाल के दौरान जगह जगह स्टॉल लगेंगे। इस दौरान रोटरी टाऊन हॉल और रानी झांसी पार्क में विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। शहर में जगह जगह पर लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

**झूले झूलेंगे बच्चे :** रानी झांसी पार्क में विंटर कार्निवाल के दौरान बच्चे झूले का आंनद भी उठा सकेंगे। इसके अलावा हिमाचल के हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी भी शहर में लगाई जाएगी, ताकि प्रदेश के कारीगरों को अपने उत्पाद देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों तक पहुंचाने का मौका मिल सके।

---

### भारत विश्व गुरु था, आगे भी रहेगा : महाराज

**वाराणसी।** संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज ने कहा कि आज का यह क्षण ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों स्ववेंद महामंदिर के प्रथम चरण का लोकार्पण हुआ। साथ ही द्वितीय चरण के कार्यों की शुरूआत हुई। उत्तर प्रदेश के ऊजार्वान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हैं, जो उत्तर प्रदेश को हर दृष्टि से विकसित करने के लिए निरंतर संकल्प-सेवारत हैं। योगी ही उपयोगी हैं। विहंगम योग के मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत प्रवर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है।

---

**प्रपत्र VI 'क'**

**समाहरणालय, गढ़वा**

**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा),या, समाहर्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या 1240/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 16.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-गेरूआसोती, थाना नं0-413, थाना-मेराल, अंचल-मेराल, जिला-गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **गढ़वा से चिनियाँ पथ चौडीकरण योजना हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-गेरूआसोती, थाना नं0-413, थाना-मेराल, अंचल-मेराल, जिला-गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-2.2085 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0, द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 01 | 160 | बकास्त | – | 0.01000 | स्कूल | उ0– द0– पू0– प0– |
| 2 | 01 | 149 | बकास्त | – | 0.01056 | स्कूल | उ0– द0– पू0– प0– |
| 3 | 01 | 149 | बकास्त | – | 0.02651 | इमामुदीन अंसारी पिता–सकुर अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 4 | 23 | 145 | रैयती | – | 0.00500 | इबराहीम अंसारी वगै0 पिता–दिलजान अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 5 | 1 | 149 | बकास्त | – | 0.04193 | लतीफ अंसारी पिता–रहमत अली अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 6 | 27 | 163 | रैयती | – | 0.01600 | शिव गोविंद मिश्रा वो चन्द्रशेखर मिश्रा पिता–गिरजा मिश्रा | उ0– द0– पू0– प0– |
| 7 | 27 | 163 | रैयती | – | 0.00200 | सुर्यकान्त साह पिता–स्व0 लक्ष्मण साह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 8 | 01 | 166 | रैयती | – | 0.01900 | शिव गोविंद मिश्रा वो चन्द्रशेखर मिश्रा पिता–गिरजा मिश्रा | उ0– द0– पू0– प0– |
| 9 | 25 | 173 | रैयती | – | 0.00500 | मंदीर | उ0– द0– पू0– प0– |
| 10 | 01 | 175 | बकास्त | – | 0.02250 | सिताराम भुईयां पिता–विफन भुईयां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 11 | 01 | 175 | रैयती | – | 0.02050 | सुनिल राम पिता–स्व0 शिवफन राम | उ0– द0– पू0– प0– |
| 12 | 04 | 179 | गै0मा0 | – | 0.00170 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 13 | 04 | 179 | गै0मा0 | – | 0.00430 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 14 | 01 | 201 | बकास्त | – | 0.00700 | नासीर अंसारी पिता–दिलजान अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 15 | 22 | 142 | रैयती | – | 0.02000 | बालदेव सिंह वगैरह पिता–राजपाल सिंह वगैरह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 16 | 22 | 142 | रैयती | – | 0.005500 | खुर्शीद आलम पिता–शहाबुदीन अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 17 | 10 | 137 | रैयती | – | 0.02300 | अहमद अंसारी पिता–हकीम मियां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 18 | 10 | 137 | रैयती | – | 0.04000 | उस्मान अंसारी पिता–हकिम मियां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 19 | 15 | 112 | रैयती | – | 0.10900 | सरफुदीन अंसारी वगैरह पिता–शाह मोहम्मद अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 20 | 2 | 110 | रैयती | – | 0.06500 | दिलजान मियां पिता–बउध मियां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 21 | 2 | 110 | रैयती | – | 0.02400 | नाजीर मियां पिता–हकीम मियां वगैरह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 22 | 2 | 110 | रैयती | – | 0.00800 | जफरूदीन मियां वगैरह पिता–आलिम मियां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 23 | 01 | 09 | रैयती | – | 0.01500 | शरीफ अंसारी वगैरह पिता–वाजुदीन अंसारी | उ0– द0– पू0– प0– |
| 24 | 54 | 161 | गै0मा0 | – | 0.15000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 25 | | 161 | गै0मा0 | – | 0.04300 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 26 | | 146 | गै0मा0 | – | 0.04000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 27 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.02000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 28 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.03000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 29 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.01000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 30 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.01000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 31 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.01000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 32 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.01700 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 33 | 54 | 146 | गै0मा0 | – | 0.01000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 34 | 54 | 150 | गै0मा0 | – | 0.02000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 35 | 54 | 150 | गै0मा0 | – | 0.10000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 36 | 54 | 150 | गै0मा0 | – | 0.05000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 37 | 54 | 150 | गै0मा0 | – | 0.10500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 38 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.04000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 39 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.00300 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 40 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.00300 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 41 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.00400 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 42 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.03000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 43 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.04000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 44 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.01000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 45 | 54 | 151 | गै0मा0 | – | 0.07500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 46 | 01 | 167 | बकास्त | – | 0.00170 | गिरजा देवी पति–कन्हाई साह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 47 | 01 | 167 | बकास्त | – | 0.00300 | लालती देवी पिता–हिरा साह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 48 | 01 | 167 | बकास्त | – | 0.00730 | करवमानी देवी पिता–कृष्णा साह | उ0– द0– पू0– प0– |
| 49 | 54 | 171 | गै0मा0 | – | 0.02500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 50 | 54 | 171 | गै0मा0 | – | 0.01000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 51 | 54 | 171 | गै0मा0 | – | 0.01500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 52 | 54 | 171 | गै0मा0 | – | 0.01100 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 53 | 54 | 171 | गै0मा0 | – | 0.00250 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 54 | 54 | 174 | गै0मा0 | – | 0.01250 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 55 | 50 | 180 | रैयती | – | 0.00200 | लिला कुंवर पति–स्व0 उमेश भुईयां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 56 | 9 | 183 | रैयती | – | 0.00300 | राम बदन भुईयां पिता–स्व0 महावीर भुईयां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 57 | 9 | 183 | रैयती | – | 0.00600 | शम्भु राम भुईयां पिता–स्व0 प्रसाद भुईयां | उ0– द0– पू0– प0– |
| 58 | 54 | 202 | गै0मा0 | – | 0.03400 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 59 | | 138 | गै0मा0 | – | 0.03000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 60 | | 138 | गै0मा0 | – | 0.05000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 61 | | 138 | गै0मा0 | – | 0.01900 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 62 | | 48 | गै0मा0 | – | 0.03000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0– |
| 63 | | 48 | गै0मा0 | – | 0.02300 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 64 | 54 | 48 | गै0मा0 | – | 0.04500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 65 | 54 | 48 | गै0मा0 | – | 0.00500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 66 | 21 | 41 | रैयती | – | 0.02600 | युसुफ अंसारी पिता–स्व0 रहीम अंसारी | उ0– द0– पू0– प0 |
| 67 | 54 | 40 | गै0मा0 | – | 0.00300 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 68 | 54 | 40 | गै0मा0 | – | 0.10700 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 69 | 54 | 40 | गै0मा0 | – | 0.01900 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 70 | 54 | 8 | गै0मा0 | – | 0.00500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 71 | 55 | 144 | गै0मा0 | – | 0.02700 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 72 | 54 | 416 | गै0मा0 | – | 0.08000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 73 | 54 | 416 | गै0मा0 | – | 0.11400 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 74 | | 416 | गै0मा0 | – | 0.03000 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 75 | 54 | 416 | गै0मा0 | – | 0.02500 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| 76 | 54 | 416 | गै0मा0 | – | 0.12600 | गै0मा0 | उ0– द0– पू0– प0 |
| | कुल :- | | | | 2.2085 | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 313845 Land Reforms(23-24)#D

**जो लोग मन को नियंत्रित नहीं करते। उनके लिए मन शत्रु के समान कार्य करता है : अज्ञात**

# सार्थक बहस हो..

***झारखंड*** विधानसभा का शीतकालीन सत्र भारी हंगामे के बाद स्थगित करना पड़ा। बाद में अनुपूरक बजट पेश किया गया। दुर्भाग्य अधिकतर सत्र हंगामें की भेंट चढ़ते हैं। जिस कारण कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो पाते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। कारण संवैधानिक दृष्टिकोण से विधानसभा बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। जहां लोक कल्याण के नियम बनते हैं। ऐसे में आम आदमी की आकांक्षा यहां से ज्यादा जुड़ी रहती है। एक बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि अगर किसी पार्टी को किसी बात पर सहमति नहीं है तो अपनी बात को संवैधानिक तरीके से रखने की परंपरा को बनाये रखनी चाहिए। विरोधी दल जिस प्रकार भ्रष्टाचार, रोजगार और अपराध को लेकर सरकार की खिंचाई किये। यह उनका हक और अधिकार भी है। लेकिन जिस प्रकार निजी हमले किये गये वह कहीं से जायज नहीं माना जा सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि विरोध के लिए विरोध सही नहीं है। विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहीं से नीति का निर्धारण होता है। जनता की भावनाओं का सबको सम्मान करना चाहिए। सवाल करना गलत कतई नहीं है। लेकिन सवालों के जंगल में उत्तर का गायब होना सही नहीं है। सत्र की मर्यादा का ख्याल रखना जहां सत्ता पक्ष को जरूरी है। वहीं विपक्ष भी अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकता है। कहने का अभिप्राय यह कि विधानसभा एक ऐसी जगह है जहां से राज्य की दिशा और दशा का संचालन होता है। यह सही है कि अपराध और भ्रष्टाचार समाज को कमजोर कर रहे हैं। इसके लिए कठोर नियम बनाने की जरूरत है। ताकि कोई भी अपराध करने से डरे। बहरहाल सत्र स्थगित हो गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि सत्र के शुरू होते ही जिस प्रकार शोरगुल और हंगामा का दौर चलता रहा,वह कतई सही नहीं माना जा सकता है। आरोप-प्रत्यारोप के आकाश में तर्क संगत विरोध गलत नहीं है। लेकिन जिस प्रकार का वातावरण बनाया जाता है वह सही नहीं है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू का मामला हो या कोई भ्रष्ट आचरण का विरोध होना चाहिए। दूसरी तरफ इडी के समन के बाद भी मुख्यमंत्री का पेश नहीं होना यह बताता है कि हमारे आंगन की धूप इस ठंड में भी अच्छी नहीं लग रही है। जब कि ठंड अपने मुकाम पर है। एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि आमजन की समस्याओं का निपटारा करना सरकार का दायित्व है। सरकार सकारात्मक सोच के साथ इस दिशा में आगे बढ़े। विपक्ष का काम ही होता है कि उनकी कमियों को उजागर करना। इससे विचलित होने की जरूरत नहीं है। बहरहाल नारेबाजी के बीच शीतकालीन सत्र में विस में 8111 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हो गया है। अब इसके मायने की तलाश जारी है।

**विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहीं से नीति का निर्धारण होता है। जनता की भावनाओं का सबको सम्मान करना चाहिए। सवाल करना गलत कतई नहीं है। लेकिन सवालों के जंगल में उत्तर का गायब होना सही नहीं है। सत्र की मर्यादा का ख्याल रखना जहां सत्ता पक्ष को जरूरी है। वहीं विपक्ष भी अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकता है। कहने का अभिप्राय यह कि विधानसभा एक ऐसी जगह है जहां से राज्य की दिशा और दशा का संचालन होता है। यह सही है कि अपराध और भ्रष्टाचार समाज को कमजोर कर रहे हैं। इसके लिए कठोर नियम बनाने की जरूरत है।**

# भारत ही दुनिया में मानव-एकता को बल देने में सक्षम

**इन दिनों**

ललित गर्ग



***विविधता*** में एकता दर्शाने, मानवीय मूल्यों को बल देने, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नये रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है। 2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 'संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।' अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा।

**संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है। 2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं।**

## आप की बात

### अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा शाहपुर किला

***कोयल*** नदी के सुरम्य तट पर अवस्थित शाहपुर किला पलामू इतिहास के सैकड़ों वर्ष की गाथाओं को समेटे अविचल रूप से खड़ा है। यह इतिहास के 250 वर्षो के कालखंडों का मूक साक्षी बन चेरो साम्राज्य के वैभवशाली इतिहास का स्मरण दिलाता है। इतिहास के पन्नों में किला निर्माण के समय का स्पष्ट विवरण नहीं मिलता। बताया जाता है कि 1765-70 के आसपास किले का निर्माण चेरोवंशीय राजा गोपाल राय ने करवाया था। चेरो सत्ता के अवसान काल में पलामू का साम्राज्य यहीं से संचालित होने की बात इतिहासकारों ने कही है। 21 मार्च 1771 को पलामू किला अंग्रेजों के नियंत्रनाधीन हो जाने के बाद वर्षो तक शाहपुर किला में ही राजा का निवास था। बताया जाता है कि पलामू किला से शाहपुर किला तक सुरंग बना हुआ था। किले से कोयल नदी, मेदिनीनगर शहर समेत मनोहारी प्राकृतिक दृश्य दृष्टिगोचर होता है। फिलहाल शाहपुर का यह बदहाल चलानी किला अपनी दुर्दशा पर आठ आठ आंसू रोता नजर आता है। दरकती दीवारें, गिरते छत व भग्न होती इमारत चेरोवंश राजाओं के सुशासन की मूक दास्तां बयां कर रहा है। एक-डेढ वर्ष पूर्व किले को पुरातात्विक घोषित किये जाने की खबरें भी आई। बावजूद स्थिति यथावत है।

– अजय तिवारी
डालटनगंज

**राजनीति**

# वाराणसी की टूटी उदासी, गोवा से ज्यादा पर्यटक पहुंचने लगे काशी



आर.के.सिन्हा

***अगर*** कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टूरिस्ट समुद्र किनारे तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में 7.02 करोड़ टूरिस्ट वाराणसी पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट। यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ( अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजा-विधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनीतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था। संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी। लेकिन, गंगा की "ब्रांडिंग" तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टूरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे।

**गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था।**



**बोधि वृक्ष**


## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**गीता** अध्याय 4 श्लोक 32 में कहा गया है की सच्चिदानंदघन ब्रह्म ने अपने अमृत भाषण (वाणी) में 'यज्ञों का ज्ञान अर्थात धार्मिक अनुष्ठानों का विस्तार से वर्णन किया है। वही सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान है। जिसे जानकर साधक को समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है। सच्चिदानंदघन ब्रह्म वाणी अर्थात सूक्ष्म वेद (पांचवा वेद) में कहा गया है कि : **औरों पंथ बता वहीं, आप न जाने राह। मोती मुक्ता दर्शत नाहीं, यह जग है सब अन्ध रे, दिखत के तो नैन चिसम हैं, फिरा मोतिया बिंद रे वेद पढ़ें पर भेद ना जानें, बांचे पुराण अठारा पत्थर की पूजा करें, भूले सिरजनहारा।** पहले समय में साधु, ऋषि, महर्षि, संत, आचार्य, शंकराचार्य पूजा की विधि बताते थे लेकिन वे स्वयं सतभक्ति मार्ग से अनभिज्ञ थे। वे बुद्धिमान प्रतीत होते थे क्योंकि वे संस्कृत भाषा के अच्छे जानकार थे लेकिन उनका आध्यात्मिक ज्ञान शून्य था। सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान (तत्वज्ञान) की कमी के कारण पूरी दुनिया पूजा के सतमार्ग से अनजान है। वे पवित्र ग्रंथ पढ़ते जरूर हैं, वेदों को कंठस्थ भी कर लेते हैं लेकिन उनमें छिपे हुए आध्यात्मिक तथ्यों से अनभिज्ञ रहते हैं। सभी शास्त्रों के विरुद्ध पूजा करते हैं। वेद में मूर्ति पूजा का कहीं उल्लेख नहीं है। सृष्टि के पालन-पोषण करने वाले असली परमपिता सृष्टि के रचयिता की उपासना को सब भूल गये हैं, जिसकी उपासना का प्रमाण वेद तथा सभी ग्रंथ देते हैं। गीता अध्याय 4 श्लोक 34 में कहा गया है कि, 'उस तत्वदर्शी संत से उस सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान को समझ, उन्हें प्रणाम करने और विनम्रतापूर्वक प्रश्न करने से वह तत्वदर्शी संत तुम्हें संपूर्ण आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे। उस आध्यात्मिक ज्ञान से वंचित सभी साधक जन्म और पुर्नजन्म के चक्र में फंसे रहते हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का जरिया


***प्रधानमंत्री*** नरेंद्र मोदी ने समाज के अतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं से किस तरह से गरीबों की जिंदगी में बदलाव आ रहा है ये जानने और अब तक जिन लोगों ने इसका फायदा नहीं उठाया है उन्हें प्रेरित और जागरुक करने के मकसद से भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी से उनकी जयंती पर प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह कार्यक्रम महज एक यात्रा नहीं है बल्कि लोगों में 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा करने का एक जरिया भी बन रहा है। खास बात यह है कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये देश भर के सभी पंचायतों में विशेष जागरुकता वैन पहुंच रही हैं और वहां विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कैंप और स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर भी लगाये जा रहे हैं ताकि वंचितों को भी जोड़ा जा सके और उन्हें योजनाओं का फायदा मिले। जगह जगह पंचायतों में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर का भी वितरण किया गया है। लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड भी बांटे जा जा रहे हैं। इस यात्रा के जरिये यह लक्ष्य रखा गया है कि सभी वंचितों को केंद्र की इन कल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित भी किया जा सके। शिविरों यानि कैंपों में सबसे अच्छी बात यह नजर आ रही है कि लाभुक भी मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं से जिंदगी में आये बदलाव की कहानी साझा कर दूसरे ग्रामीणों को जागरुक करने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन जन तक पहुंचने का एक बेहतरीन मॉडल दिखता है क्योंकि गांव के ही एक लाभुक दूसरे के लिए रोल मॉडल बन रहे हैं और वो केंद्र की विभिन्न योजनाओं के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका इस कैंप में निभाते नजर आ रहे हैं। इस उक्ति को अगर हम इस यात्रा के साथ जोड़कर देखते हैं तो यह साफ हो जाता है कि जिस तरीके से मेरी कहानी मेरी जुबानी इन मंचों पर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है वो सफलता की एक नई कहानी गढ़ने को तैयार है।

**■'विनय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार'**

**शिविरों यानि कैंपों में सबसे अच्छी बात यह नजर आ रही है कि लाभुक भी मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं से जिंदगी में आये बदलाव की कहानी साझा कर दूसरे ग्रामीणों को जागरुक कर रहे हैं।**

## टेक वर्ल्ड
### इन तरीकों से जान सकते है प्रदूषण का लेवल

***दिल्ली*** में प्रदूषण का लेवल खरतनाक रूप ले चुका है। दिल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी लगातार खराब होती जा रही है। पिछले दो दिनों से दिल्ली-एनसीआर में धूंध छाई हुई है। कई जगहों पर अदक का स्तर 700 से पार पहुंच गया है। ऐसे में घरों से निकलना तो दूभर हो ही गया है। दिल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी लगातार खराब होती जा रही है। अब आप भी अपने घर और क्षेत्र का अदक आसानी से पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको अपने फोन का इस्तेमाल करना है। आप चाहें तो गूगल पर अपने पूरे इलाके का अदकसर्च करके चेक कर सकते हैं या फिर किसी अदकचेकर ऐप्स की मदद ले सकते हैं, लेकिन इनकी मदद से आप अपने घर का अदक पता नहीं लगा सकते हैं। अपने घर या कमरे का अदक चेक करने के लिए आपको दूसरे प्रोडक्ट्स का सहारा लेना होगा। वो भी आप इसके लिए दो तरीके आजमा सकती हैं। पहले तो आप अदकचेक करने वाला कोई डिवाइस खरीद लें, या फिर दूसरा तरीका ये कि आप एयर प्यूरीफायर से इसका पता लगा सकते हैं।



**अदकचेक करने के लिए कोई डिवाइस :** अगर आप अदकचेक करने के लिए कोई डिवाइस लेते हैं तो उसके लिए आपको कम से कम 5 से 6 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ेंगे। इस पर आपको PM2.5 पार्टिकल्स के साथ टेम्परेचर और ह्यूमिडिटी की जानकारी मिलती है। इन डिवाइस को आपको अपने फोन में कनेक्ट करके कमरे में रखना होगा। फिर ये डिवाइस ऐप के जरिए आपको कई जानकारियां देगा। इनका इस्तेमाल आप अपने घर और वर्क प्लेस दोनों जगहों पर कर सकते हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल के पदों पर निकली बंपर भर्ती

एसएससी द्वारा जारी जीडी कॉन्स्टेबल भर्ती 2024 के लिए 24 नवंबर 2023 से आवेदन शुरू हो गए हैं। ऐसे में इच्छुक उम्मीदवार 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल भर्ती 2024 के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इस भर्ती के जरिए BSF, CISF, CRPF, SSB, ITBP समेत विभिन्न विभागों में 26 हजार से अधिक खाली पदों पर भर्ती की जाएगी। ऐसे में इन पदों पर आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवार एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.nic.in पर जाकर नोटिस चेक कर सकते हैं। बता दें कि 24 नवंबर से जीडी कॉन्स्टेबल भर्ती 2024 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं आवेदन की लास्ट डेट 31 दिसंबर 2023 है। इसके साथ ही 01 जनवरी 2024 तक उम्मीदवार एप्लिकेशन फीस जमा कर सकते हैं। वहीं 04 जनवरी से 06 जनवरी 2024 तक एप्लीकेशन करेक्शन विंडो खुली रहेगी।



### आयोग द्वारा जारी किया गया नोटिस

बता दें कि आयोग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, आवेदन के आखिरी दिन सर्वर पर भारी ट्रैफिक होने की वजह से वेबसाइट पर लॉग इन करने में असमर्थता या विफलता की संभावना होती है। ऐसे में इस स्थिति से बचने के लिए आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार लास्ट डेट से पहले फॉर्म जमा कर दें। क्योंकि किसी भी परिस्थिति में आवेदन की लास्ट डेट में विस्तार नहीं होगा।

### क्वालिफिकेशन

आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या 10वीं पास होना जरूरी है। वहीं कैंडिडेट की आयु सीमा 01 जनवरी 2024 को कम से कम 18 साल और अधिकतम 23 साल होनी चाहिए। सरकारी मानदंड के अनुसार आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा की छूट दी जाएगी।

### फीस

इस वैकेंसी के लिए आवेदन फीस 100 रुपए है। वहीं आरक्षण की पात्र महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पूर्व सैनिक (ईएसएम) जैसे उम्मीदवारों को आवेदन फीस में छूट दी गई है। उम्मीदवार नेट बैंकिंग, वीजा, मास्टरकार्ड, BHIM UPI, मेस्ट्रो, RuPay क्रेडिट या डेबिट कार्ड के जरिए ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। वहीं अधिक जानकारी के लिए आप एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।

### वैकेंसी

| | |
|---|---|
| सीआईएसएफ | : 11025 |
| बीएसएफ | : 6174 |
| सीआरपीएफ | : 3337 |
| आईटीबीपी | : 3189 |
| एआर | : 1490 |
| एसएसबी | : 635 |
| एसएसएफ | : 296 |
| कुल खाली पदों की संख्या | : 26146 पद |

### सिलेक्शन प्रोसेस

एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल भर्ती प्रोसेस में कंप्यूटर आधारित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षण, शारीरिक दक्षता की जांच के बाद मेडिकल जांच होगी। इसमें पास होने वाले उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट्स वैरिफिकेशन होगा। बता दें कि आयोग द्वारा कंप्यूटर आधारिक परीक्षा हिंदी, अंग्रेजी के अलावा 13 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी।

❖ अनन्या मिश्रा

# एमेजॉन से हर महीने कमा सकते हैं 60-90 हजार रुपये

दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट एमेजॉन के बारे में तो सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एमेजॉन लोगों को नौकरी देने का काम भी करता है। भारत देश में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन की नौकरी अवेलेबल हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट एमेजॉन के बारे में तो सभी जानते हैं। यह दुनियाभर में शॉपिंग के लिए सबसे जाना-माना और फेमस ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। दुनियाभर से कई सारे लोग इस शॉपिंग एप्प से शॉपिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एमेजॉन लोगों को नौकरी देने का काम भी करता है। भारत देश में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन की नौकरी अवेलेबल हैं। वहीं इनमें से एमेजॉन एक ऐसी भी नौकरी देता है। जिसमें आपको पूरा दिन नौकरी करने की जरूरत नहीं है।

बल्कि आपको सिर्फ दिन के 4-5 घंटे ही काम करना होगा। जिसके बदले में आपको 60-90 हजार रुपए तक की सैलरी उठाने का मौका मिलेगा। तो ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप एमेजॉन में कैसे सिर्फ कुछ घंटे काम कर हजारों रुपए कमा सकते हैं।

### जानिए कैसे कमाएं

आपको बता दें कि इसमें डिलीवरी बॉय की नौकरी कर आप महीने में 60-90 हजार रुपए तक आराम से कमा सकते हैं। इसमें आपको शॉपिंग करने वाले कस्टमर्स के पास उनका पैकेज डिलीवर करना होगा। डिलीवरी बॉय एमेजॉन के वेयरहाउस से कस्टमर्स के घर तक पैकेज को सही सलामत डिलीवर करना होता है। वहीं डिलीवरी रेंज 10-15 किमी के बीच होती है। जिसमें बहुत अधिक समय नहीं लगता है। यानी की आप सिर्फ दिन के 4-5 घंटे काम कर 100 से 150 पैकेज डिलीवर कर सकते हैं।

वहीं एमेजॉन कंपनी की तरफ से एक डिलीवरी पर 20 रुपए दिए जाते हैं। ऐसे में अगर आप एक दिन में 100 पैकेज डिलीवर करते हैं। तो आपकी एक दिन की कमाई 2000 रुपए होगी। इस तरह से आप महीने में 60,000 रुपए कमा सकते हैं। वहीं एक दिन में 150 पैकेज डिलीवर करने पर आप दिन में 3,000 तो वहीं महीने में 90,000 रुपए तक कमा सकते हैं।

### जानिए कैसे करें अप्लाई

डिलीवरी बॉय की नौकरी के लिए सबसे पहले आप इसके ऑफिशियल वेबसाइट https://logistics.amazon.in/applynow पर क्लिक कर जॉब के लिए अप्लाई करें। फिर अपनी डिग्री, मार्कशीट, खुद की गाड़ी का प्रूफ, ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी के पेपर आदि सबमिट करें।
इसके बाद आपको डिलीवरी के दौरान ध्यान रखने वाली सभी बातों के बारे में बताया जाएगा और ट्रेनिंग दी जाएगी।
यह प्रोसेस पूरा होने के बाद आप नौकरी करना शुरू कर सकते हैं।
हांलाकि डिलीवरी के दौरान होने वाला पेट्रोल-डीजल का खर्चा आपको खुद ही उठाना पड़ता है।

# जेईई परीक्षा के लिए शिक्षा मंत्रालय लाया 45 दिन का क्रैश कोर्स

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से जेईई, एनईईटी और विभिन्न प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए 'साथी' पोर्टल शुरू किया है। इसमें अभी तक 60,000 से अधिक छात्र अपना पंजीकरण करा चुके हैं। छात्रों की सहायता के लिए जेईई जैसी परीक्षाओं को देखते हुए 45 दिनों का क्रैश कोर्स शुरू किया गया है। यह पोर्टल शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की एक पहल है। आईआईटी कानपुर के इस सहयोग से न केवल जेईई व एनईईटी बल्कि विभिन्न राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग और अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकेगी। 'साथी' पोर्टल 'प्रवेश परीक्षा के लिए स्व-मूल्यांकन, परीक्षण और सहायता' है।


केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को इस सुविधा के बारे में शिक्षकों और छात्रों को सूचित करने के लिए लिखा है। मंत्रालय के मुताबिक इस पोर्टल का उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ज्ञान वृद्धि के लिए किया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि जेईई और अन्य इंजीनियरिंग परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का समर्थन करने के लिए, 21 नवंबर 2023 को आईआईटी टॉपर्स, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों द्वारा क्यूरेट किया गया। जेईई का 45 दिनों का क्रैश कोर्स शुरू किया गया है। यह क्रैश कोर्स अंग्रेजी समेत 5 भाषाओं में उपलब्ध है।




अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने कृत्रिम बुद्धिमत्तता आधारित अनुवाद उपकरण विकसित किया है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह उपकरण 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की क्षमता रखता है। इस उपकरण और इसकी उपयोगिता के बारे में जागरूकता के लिए कॉलेजो समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में कई कार्यशालाएं व सेमिनार आयोजित किए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि 12 दिसंबर, 2023 तक 'साथी' प्लेटफॉर्म पर 60,000 से अधिक छात्र पंजीकृत हो चुके हैं। सोमवार को यह जानकारी लोकसभा में शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने एक लिखित उत्तर में दी।

# बिना डिग्री के इन फील्ड में बना सकते हैं अपना करियर

कई बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं।
हर इंसान की यही चाहत होती है कि कॉलेज खत्म होने के बाद उनको एक अच्छी सी जॉब मिल जाए। ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है। वहीं कुछ परिस्थितियों के कारण हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है।



### मेकअप आर्टिस्ट

आज के दौर में हर कोई अच्छा दिखना चाहता है। ऐसे में लोग मेकअप का सहारा लेते हैं। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। बता दें कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए किसी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होती है। हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकते हैं।
इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकते हैं।
मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकते हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

### स्टाइलिस्ट

अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकते हैं। यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

### सेलिब्रिटी मैनेजर

हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

### वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी

अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

### प्रोफेशनल ब्लॉगर

आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6919

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6918 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**20 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2023 वर्ष का 354 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 11.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 22.58 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 15.56 बजे को समाप्त। **करण** बव 11.15 बजे तदनन्तर बालव 22.25 बजे को समाप्त।


| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.20 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मकर | 08.29 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.15 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 11.48 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.19 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 14.59 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 16.57 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.27 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.38 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | तुला | 01.49 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.04 ब.से |

**चन्द्रायु** 7.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 25'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871833
**जूलियन दिन** 2460298.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 06
**विशेष** दुर्गाष्टमी व्रत, संत गाडगे माहाराज निर्वाण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7981




**बाएँ से दाएँ**

1. रमण योग्य-4
4. साल, वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय, वोट-2
9. तकरार, कहासुनी-4
11. अंधकार, अंधेरा-3
12. सरल, आसान-3
13. चील, ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली, क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य, काज-2
23. बाण, तीर-2
24. दबाना, कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. परंपरा, रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा, विश्वास-3
4. दीदी, भगिनी-3
5. समान, एक जैसा-2
8. अंधेरा, अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब, जलाशय-4
15. तमीज, शिष्टता-3
16. मछली, एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन, विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा, अभिमान-2
23. पार्थिव देह, लाश-2

### शब्द पहेली -7980 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृष राशि** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा।

**मिथुन राशि** : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क राशि** : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**सिंह राशि** : पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**कन्या राशि** : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**तुला राशि** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**वृश्चिक राशि** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**धनु राशि** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख।

**मकर राशि** : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**कुंभ राशि** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन राशि** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# लोस व रास से सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा और राज्यसभा से 92 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में मंगलवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। आईएनडीआईए घटक दलों के सांसदों ने आज सुबह खड़गे के साथ बैठक की। उसके बाद सभी सांसद संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है। संसद की सुरक्षा में सेंध के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते। खड़गे ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है। यह सदन की मयार्दा पर गहरी ठेस है।

समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि जिस तरीके से सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है, उससे यह लगता है कि सरकार विपक्ष विहीन संसद चाहती है। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि हम सिर्फ संसद की सुरक्षा में सेंध पर जवाब मांग रहे थे। हमें सदन से बाहर कर दिया गया। जो हो रहा है। यह ठीक नहीं है। सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने वाला है।




## राज्यसभाः सभापति ने मिमिक्री मामले को लेकर जताई आपत्ति



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से उनकी मिमिक्री और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से वीडियो बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताई। धनखड़ ने सदन में कहा कि उनका मजाक बनाया जाना और उस मजाक का कांग्रेस के एक वरिष्ठ सांसद की ओर से वीडियो बनाया जाना दुखद है। यह उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। धनखड़ ने कहा कि इससे ज्यादा गिरावट नहीं हो सकती। धनखड़ ने सदन में कांग्रेस नेता व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उल्लेखनीय है कि आज संसद परिसर के बाहर मकर द्वार पर विपक्षी नेताओं ने धरना दिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करते हुए नजर आए। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनका वीडियो बना रहे थे।

## निलंबित सांसदों के 27 प्रश्न, लोस सूची से हटाए गए

लोकसभा में निलंबित विपक्षी सदस्यों की ओर से पूछे गए 27 सवालों को मंगलवार को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया। इसी तरह, विभिन्न मंत्रियों से एक ही सवाल पूछने वाले सदस्यों के समूह से कई निलंबित सांसदों के नाम हटा दिए गए। राजस्थान विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने वाले हनुमान बेनीवाल का नाम भी हटा दिया गया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की अपरूपा पोद्दार और कांग्रेस की राम्या हरिदास द्वारा पूछे गए दो तारांकित प्रश्न हटा दिए गए।

## क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की कोई जरूरत नहीं

संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले के संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूत्र ने कहा, "हमने वहां के सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर लिए हैं और टीमें उन्हें स्कैन कर रही है। हमने फुटेज के आधार पर आरोपियों से पूछताछ भी की है और अभी तक क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की कोई जरूरत नहीं पड़ी है।" 2001 के संसद हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर को दर्शक दीर्घा से लोकसभा हॉल में प्रवेश करने में कामयाब रहे दो लोगों की पहचान मैसूर के निवासी मनोरंजन डी और सागर शर्मा के रूप में की गई है।

## एक नजर

### गोवा की आजादी में प्राण न्यौछावर करने वालों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्र उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन से गोवा की मुक्ति के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी और साथ ही उन्होंने इस खूबसूरत राज्य के निवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोवा मुक्ति दिवस 1961 में राज्य को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा चलाए ऑपरेशन विजय की सफलता की याद में हर साल 19 दिसंबर को मनाया जाता है। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा मुक्ति दिवस पर देश उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने गोवा को औपनिवेशिक शासन से आजादी दिलाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हम स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे सशस्त्र बलों का उनके अदम्य साहस और बलिदान के लिए सलाम करते हैं।

### एफटीए में देरी पर आलोचना करने वालों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में देरी के लिए भारत की आलोचना पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समझौतों के लिए सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे समझौते लोगों की आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को कहा, बार-बार इस तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं-भारत ब्रिटेन के साथ एफटीए पर जल्दी हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? कोई यह नहीं कहता कि ब्रिटेन भारत के साथ जल्दी से हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? तो कहीं न कहीं, हमें सामंजस्य बनाना ही होगा।

### कांग्रेस विधायक ने विस अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**आणंद।** खंभात विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक चिराग पटेल ने मंगलवार सुबह गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस जब संगठन को मजबूत करने में जुटी है, पार्टी के लिए यह बड़ा झटका है। इससे पहले 13 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के विसावदर सीट के विधायक भूपत भयाणी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा था। कांग्रेस के गुजरात विधानसभा में 17 विधायक थे जबकि आआपा के पास 5 विधायक थे। दोनों ही पार्टियों से एक-एक विधायक के इस्तीफे के बाद अब कांग्रेस के पास 16 और आआपा के पास 4 विधायक शेष बचे हैं। भाजपा के पास 156 विधायक हैं।

### मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 4 जनवरी को

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह सरकारी आवास का आवंटन रद्द करने को चुनौती देने वाली टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर चार जनवरी को सुनवाई करेगा। अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ मोइत्रा की याचिका पर तीन जनवरी को सुनवाई करेगा। इसके बाद इस याचिका पर सुनवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने याचिका पर सुनवाई स्थगित की। मोइत्रा के वकील ने अदालत से संपदा निदेशालय को याचिका पर चार जनवरी से पहले जवाब दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया, लेकिन उसने कहा कि वह अगली तारीख पर ही इस याचिका पर सुनवाई करेगा।

# संघ नेता बोले- हम जाति जनगणना के पक्ष में नहीं

### समाज में शत्रुता और असमानता बढ़ेगी

### राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है

**एजेंसी। नागपुर**

आरएसएस के एक नेता श्रीधर गाडगे ने जाति जनगणना को गैर-जरूरी बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि आखिर इससे क्या हासिल हो जाएगा। जाति जनगणना का आरक्षण से कोई ताल्लुक नहीं है, लेकिन इससे समाज में वैमनस्य बढ़ सकता है। यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में सही नहीं होगा। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के सह-संघचालक गाडगे ने कहा कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है। लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है। उनका यह बयान नई बहस छेड़ सकता है क्योंकि कांग्रेस समेत आरजेडी, सपा, जेडीयू जैसे दल जाति जनगणना के पक्ष में हैं। बिहार में तो जाति जनगणना हो भी चुकी है और अब देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी चर्चाएं हैं। यहां तक कि कई दल तो केंद्र सरकार से देशभर में जाति जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं। भाजपा भी इस पर संभलकर चल रही है। ऐसे में आरएसएस नेता का यह बयान भाजपा को भी घेरने के लिए विपक्ष को एक मौका दे सकता है। राज्य सरकार में शामिल भाजपा और शिंदे गुट वाली शिवसेना के विधायक नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पहुंचे थे।

इसी दौरान आरएसएस के पदाधिकारियों से उनकी बात हुई। इसी बीच हिंदुत्ववादी संगठन के नेता ने जाति जनगणना को विरोध किया। आरएसएस के प्रचारक गाडगे ने कहा कि हम इसमें कोई फायदा नहीं देखते हैं बल्कि नुकसान ही हैं। इससे असमानता पैदा होगी और इसे बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि इसके फायदे समझाए जाएं तो आरएसएस सरकार से बात करने के लिए भी तैयार है। हालांकि जब महाराष्ट्र के विधायक आरएसएस मुख्यालय पहुंचे थे, तब संघ प्रमुख मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले नागपुर में नहीं थे। यही नहीं एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस भी विधायक दल में शामिल नहीं थे, जो आरएसएस मुख्यालय पहुंचा था।



# चीन में भूकंप से अब तक 116 लोगों की मौत

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 116 लोगों की मौत हो गई। पहले 111 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। गांसु प्रांत में मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है। अखबार के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा। किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और नगरपालिका विशेषज्ञों को भी भेजा।

**अलवर में बड़ा हादसा**

## ट्रेलर के नीचे दबी बोलरो, चार की मौत

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में मंगलवार को सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिंदौली घाटी के समीप बोलेरो और सीमेंट से भरे ट्रेलर की टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद बोलेरो के ऊपर ट्रेलर खाई में जाकर पलट गया, जिस कारण बोलेरो में सवार सभी लोग दब गए। हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन और जेसीबी की सहायता से शवों और घायलों को निकाला जा सका। सभी को एम्बुलेंस से अलवर के सामान्य चिकित्सालय भिजवाया गया।

**इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक**

# सीटों का बंटवारा राज्य स्तर पर होगा

### ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रखा, समर्थन आप नेता केजरीवाल ने किया

### ईवीएम का मुद्दा चुनाव आयोग के सामने उठाएंगे

### सांसदों के निलंबन के विरुद्ध सभी राज्यों के राजधानी में 22 को विरोध प्रदर्शन

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में शामिल हुए दलों के बीच कई अहम विषयों पर सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार पर चर्चा हुई। बैठक में प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने किया।लेकिन जब पत्रकारों ने मल्लिकार्जुन खड़गे से यह सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि इस पर फैसला जीत के बाद होगा। उन्होंने कहा, पहले हमें जीतना होगा और बहुमत हासिल करना होगा, उसके बाद सांसद लोकतांत्रिक रूप से फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री सोचते हैं कि शासन करने के लिए उनसे बेहतर कोई नहीं है, हम उस सोच से मुकाबला करेंगे। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चौथी बैठक में 28 दल शामिल हुए और उन्होंने अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि बैठक में यह फैसला हुआ कि सभी दल मिलकर 8 से 10 बैठक करेंगे।सीट बंटवारे के सवाल पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चाहे यह तमिलनाडु हो, केरल, तेलंगाना, बिहार, उप्र, दिल्ली या पंजाब झ्र सीट बंटवारे संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा राज्य स्तर पर किया जाएगा, यदि कोई मुद्दा होगा तो उसे केंद्रीय स्तर पर सुलझाया जाएगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने सांसदों को निलंबित किए जाने को अलोकतांत्रिक बताने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है। हम सभी को मिलकर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़नी होगा और हम सभी इसके लिए तैयार हैं। हमने संसद में सुरक्षा चूक की घटना का विषय उठाया। हम गृह मंत्री अमित शाह या पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बयान दिए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन वो तैयार नहीं हैं।खड़गे ने कहा कि यह पहली बार है कि 151 सांसदों को सस्पेंड किया गया। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे, यह गलत है। उन्होंने कहा कि हम इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हैं। हमने तय किया है कि हम 22 दिसंबर को सांसदों के निलंबन के खिलाफ प्रोटेस्ट करेंगे।

मीटिंग के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही सीट शेयरिंग पर काम होगा। उन्होंने कहा कि हम पीडीए के मार्फत भाजपा को हराएंगे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में वामपंथी नेता डी राजा ने कहा कि अभी यह तय हुआ है कि पहले सांसदों के निलंबन के विषय को उठाया जाएगा क्योंकि यह लोकतंत्र पर हमला है। यह हमारी संसदीय प्रणाली पर हमला है। इसलिए पूरे देश में प्रदर्शन होना चाहिए। इसको लेकर बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। पीएम कैंडिडेट पर कुछ भी तय नहीं हुआ है। 22 दिसंबर को सभी स्टेट हेड क्वार्टर पर बड़े प्रदर्शन होंगे। हम जल्दी से जल्दी सीट शेयरिंग अरेंजमेंट कर लेंगे। हमें मिलकर बीजेपी से लड़ाई करनी होगी।कांग्रेस के सांसद व महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह बैठक काफी सफल रही। सबने खुलकर बात की। अब फोकस सीट शेयरिंग पर है। काफी चीजों पर चर्चा हुई लेकिन हर विषय एक ही दिन में डिस्कस नहीं किया जा सकता। सीट शेयरिंग पर चर्चा जल्द शुरू होनी चाहिए। ऐसी बात हुई है। मीटिंग में शामिल हुए माकपा नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि बैठक में ईवीएम का विषय भी उठाया गया। हम इस विषय को चुनाव आयोग के सामने उठाएंगे।




## जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने स्वयं इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना के कुछ लक्षण हैं, मुझे उम्मीद है कि यह हल्का होगा और शुरूआत में मैं बस अपने डेस्क से काम करूंगा। ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पाजिटिव की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

**फिल्म जगत**

## शाहरुख की 'डंकी' का धमाकेदार प्रमोशन, वीडियो रिलीज




**राजकुमार** हिरानी की फिल्म डंकी की रिलीज नजदीक आ रही है और फैंस बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में हर गुजरते दिन के साथ उत्साह बढ़ता जा रहा है, क्योंकि दर्शक इस फिल्म को बड़े पर्दे पर एंजॉय करने के लिए बेकरार बैठे हैं। रिलीज करीब होने के साथ फिल्म का प्रचार भी जोरों पर है। शाहरुख ने एक ग्रैंड इवेंट में फिल्म का प्रचार करने के लिए दुबई के ग्लोबल विलेज का दौरा किया, जिसमें 100,000 से अधिक फैंस शामिल हुए। ऐसे में पहले से ही बढ़े एक्साइटमेंट लेवल को और बढ़ाते हुए मेकर्स ने फैंस के लिए डंकी डायरीज जारी कर सभी को एक खास तोहफा दिया है। इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा, ह्लपेश है यादों, हंसी और बहुत सारे दिल से भरी एक डायरी जो डंकी की दुनिया का खुलासा करती है। डंकी गुरुवार, 21 दिसंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की तीन तिकड़ी राजकुमार हिरानी, एसआरके, और तापसी पन्नू डंकी डायरीज के लिए एक साथ आए, जहां उन सभी ने बहुप्रतीक्षित डंकी पर कुछ दिलचस्प जवाब दिए और मजेदार बातें की, जो निश्चित रूप से हर किसी का दिल जीत लेगा। डंकी में शानदार कास्ट है, जिसमें शाहरुख खान के साथ-साथ सुपरटैलेंटेड अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं।

**सोशल मीडिया पर सक्रिय** | **डांस वीडियो पर ईरान में मचा बवाल**

# सरकार को बदलना पड़ा अपना आदेश

**एजेंसी। ईरान**

आम तौर पर डांस के जरिए हमलोग खुशी जताते हैं। लेकिन जब यह विरोध का जरिया बन जाए, तो शायद आपको भी यकीन नहीं होगा। पर ऐसा हो रहा है और यह ईरान में हो रहा है। ईरान के एक बुजुर्ग शख्स सादेग बना मोतजद्देह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उन्होंने डांस के जरिए संदेश फैलाने की कोशिश की थी। लेकिन उनका यह प्रयास उस समय विवादों में आ गया, जब सरकार ने उनसे सवाल-जवाब किया। ईरान सरकार ने उनके इस वीडियो पर पाबंदी लगा दी। सादेग बना मोतजद्देह फुटबॉल के एक चीयर लीडर रह चुके हैं। वह 70 साल के हैं। उनका यह वीडियो मछुआरों के साथ शुरू हुआ था। उनके इस वीडियो में कई मछुआरे दिख रहे हैं। सादेग ने मीडिया को बताया कि वह मछुआरों को खुश देखना चाहते थे, इसलिए डांस का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। लेकिन उनको यह पता नहीं था कि उनका यह वीडियो उनके लिए संकट बन जाएगा।

दरअसल, यह पोस्ट जैसे ही वायरल हुआ, ईरानी अधिकारियों ने इस वीडियो पर रोक लगा दी। वीडियो को सोशल मीडिया से हटाया गया। इंस्टाग्राम पोस्ट पर पाबंदी लगा दी गई। सरकार ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपराधिक गतिविधियां निगरानी में हैं, इसलिए वीडियो को हटा दिया गया। पुलिस ने 12 लोगों को वीडियो शेयर करने का आरोप लगाया। वैसे, आपको बता दें कि ईरान में सड़कों पर डांस करने की वजह से अक्सर कार्रवाई की जाती है। स्थानीय प्रशासन अक्सर ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करती है। लेकिन सादेग के वीडियो पर रोक लगाए जाने के बाद इसका विरोध बढ़ता ही जा रहा है। सरकार खुद भी अचरज में पड़ गई। इस वीडियो के विरोध में पूरे देश में कई जगहों पर युवाओं ने डांस करके वीडियो बनाया और उसे वायरल करने लगे। इन लोगों ने सादेग के ही गाने और डांस को अपने-अपने तरीके से शूट किया और उसे पोस्ट कर दिया। अब सरकार अपने ही दांव में उलझती हुई नजर आने लगी। इसका असर यह हुआ कि अब अधिकारियों को एक की जगह पर कई वीडियो से जूझना पड़ गया। आखिरकार सरकार ने सादेग का इंस्टाग्राम पेज अनब्लॉक कर दिया। उनका वीडियो एक बार फिर से धूम मचा रहा है। वह फिर से सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं।



**आज का पंचाग**

20.12.2023

बुधवार 2023 को मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। इस तिथि पर पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र और सिद्धि योग का संयोग रहेगा। दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त 11:58 से 12:39 मिनट तक रहेगा।

## एक नजर

### रांची में निर्माणाधीन पुल से नीचे गिरे बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रांची।** रांची-डालटनगंज मार्ग पर मांडर इलाके में एक निमार्णाधीन पुल से नीचे गिरे एक बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार की सुबह हुआ। मृत दोनों युवक रांची जिले के डकरा के रहने वाले थे। बताया गया कि बाइक सवार मलटूटी नामक जगह पर निमार्णाधीन पुल से गुजर रहे थे। कुहासे की वजह से उन्हें सही रास्ते का अनुमान नहीं लग पाया और वे बाइक समेत पुल के नीचे गड्ढे में जा गिरे। सुबह कुछ लोगों ने दोनों के शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रांची-डालटनगंज मार्ग पर पुल का निर्माण हो रहा है, लेकिन वैकल्पिक रास्ता नहीं बनाया गया है। इस वजह से अक्सर हादसे हो रहे हैं।

### रांची नगर निगम के दो वार्डों में 82 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 41 और वार्ड नंबर 42 में कुल 82 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 180 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आकर ले सकते हैं।

### राज्य की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाए : बाबूलाल

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। बैठक में राज्य के विभिन्न जिला मंडलों से आए प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कलाकार शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा सिर्फ भाजपा ही है जो प्रकोष्ठ एवं हर तरह से कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करती है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से गांव गांव में झारखंड की समृद्ध संस्कृति के बारे में जनता को जागरूक करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रकोष्ठ को छोटा नहीं समझना है इसकी जिम्मेदारी बड़ी है। मंडल एवं पंचायत स्तर में बालक बालिकाओं को जोड़कर कलाकार की टीम बनाएं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशेष बारला ने कहा कि झारखंड की समृद्ध संस्कृति दिनों दिन विलुप्त होते जा रही है। इसको संरक्षित रखते हुए समृद्ध बनाना है। बैठक में पद्मश्री जमुना टुडु, वनमाली महतो,अमित गुप्ता एवं आकाश सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### मडुआ का लड्डू खाकर खुश हुए कश्मीरी युवा

**रांची।** कश्मीर से आये छह जिले से 122 युवाओं ने झारखंड में राजभवन का भ्रमण किया एवम महामहिम से सभी ने मुलाकात की, विधानसभा अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की,खेल मंत्री से सौजन्य मुलाकात की, एवं जे एस सी ए स्टेडियम ,फुटबॉल स्टेडियम, पतरातू रिसोर्ट व डैम कक भ्रमण किया। रांची विश्वविद्यालय के टी आर एल विभाग में झारखंड के वीरो पर आधारित नाट्य मच व झारखंड की नृत्य को भी देखा एवम अन्य अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला साथ ही कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी किया। यह कार्यक्रम का समापन सत्र वाई बी एन विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ था।

# शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व बच्चों में आत्मविश्वास पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य शिक्षा परियोजना परिषद एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। डव समर्थित 'जीवन कौशल, अपने शरीर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं बच्चों में आत्मविश्वास' विषय पर आधारित इस राज्यस्तरीय कार्यशाला के दूसरे दिन आज सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर अनुभव साझा किये। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालयों की बच्चियों द्वारा लिंग भेद, जीवन कौशल समेत अन्य विषयों पर नाटक पेश किया गया। बच्चियों ने अपने प्रस्तुतियों में बताया कि पितृ सत्तात्मक समाज में अपने आत्म-सम्मान के साथ-साथ एक सकारात्मक शारीरिक आत्मविश्वास का निर्माण कैसे किया जाए। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने शारीरिक बनावट से संबंधित रूढ़िवादिता को चुनौती देने और किशोरों को सक्षम बनाने के लिए इस तरह की कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर जोर दिया। साथ ही यूनिसेफ और राज्य शिक्षा परियोजना का आभार भी व्यक्त किया। कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी कनीनिका मित्रा, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी लक्ष्मी रंजन, यूनिसेफ की एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार, यूनिसेफ के पदाधिकारी संजीव कुमार, पल्लवी आदि पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

# शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन शुरू किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। अमित कुमार मंगलवार को होटल रेडिशन ब्लू में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर आयोजित स्टेकहोल्डर्स बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकांश नगर निकायों में या तो सिवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित पीएसयू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि हमारी सरकार हर शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है और इसलिए हम सभी को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दे रहे हैं लेकिन यह कार्य नगर निकायों की आंशिक जिम्मेदारी है और केवल इतना करने से हमारी जिम्मेदारियां पूरी नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों को सशक्त बनाना है और इसके लिए री यूज प्रणाली को अपनी जीवनशैली में अपनाना पड़ेगा।

# राज्य में पर्यटकों के लिए टूरिज्म डेवलपमेंट का कार्य तेज हो : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड की आकर्षक टूरिज्म नीति के तहत राज्य में टूरिज्म डेवलपमेंट का कार्य तेजी से हो, इसपर झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा निजी कंपनियों को सहभागी बनाये जाने की बात कही गई। चैंबर भवन में संपन्न हुई बैठक में कहा गया कि हमारे राज्य की खूबसूरती ही है कि प्रदेश में प्रवासी पक्षियों का आवागमन होता है। नेतरहाट और अन्य स्थलों पर बर्ड सेंचुरी डेवलप किया जाना चाहिए। यह भी कहा गया कि जोन्हा समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर सरकार ने गेस्ट हाउस बनाया है, अन्य स्थलों पर भी प्राइवेट इटरप्रिन्योर के लिए विंडो खोलना चाहिए ताकि स्थानीय उद्यमी भी टूरिज्म डेवलपमेंट में अपना योगदान दे सकें।



नेतरहाट जिसे क्वीन ऑफ छोटानागपुर भी कहा जाता है वह अन्टच्ड एरिया है। जबकि नेतरहाट एक ऐसी ब्यूटी है जिसे लोग दूर दूर से देखने आते हैं। इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग को योजना बनाकर प्राइवेट एंटरप्रिन्योर को सहभागी बनाने की पहल होनी चाहिए ताकि अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में यह क्षेत्र शामिल हो सके। महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि सारंडा फॉरेस्ट में प्राइवेट एन्टरप्रिन्योर के लिए विंडो खोला जाना चाहिए ताकि वहां होटल, रिसॉर्ट बन सकें। खामोशी में डूबे इस जंगल में हरियाली और खूबसूरती का बेजोड मेल देखने को मिलता है, यहां कई फॉल्स हैं जहां सैलानियों के ठहरने की उपयुक्त व्यवस्था होने से सरकार के राजस्व में वृद्धि के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार का भी सृजन संभव है। सह सचिव अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि पारसनाथ और ईटखोरी क्षेत्र में टेम्पल टूरिज्म को बढावा देने की पहल होनी चाहिए। चतरा में प्रत्येक वर्ष मनाये जानेवाले ईटखोरी महोत्सव को और वृहद् रूप देना चाहिए ताकि देश-विदेश के सैलानी आकर्षित हो सकें। चर्चाओं के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के टूरिज्म डेवलपमेंट के मुद्दे पर झारखण्ड चैंबर द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों से मिलकर वार्ता की जायेगी। आज की बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल और सदस्य संतोष अग्रवाल उपस्थित थे।

## कोर्ट की खबरें

### 84 सिख दंगा मामले में हाईकोर्ट में सरकार का बयान, जल्द देंगे मुआवजा

**रांची।** वर्ष 1984 के सिख दंगे के प्रभावितों को मुआवजे और इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग के लिए दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव और डीजीपी वर्चुअल मोड में उपस्थित हुए। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से मुआवजे के भुगतान पर राज्य सरकार की ओर से उठाए गए कदम के बारे में पूछा। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पूरे राज्य में करीब 600 केस दर्ज किए गए थे, इनमें से कई केस में फाइनल फॉर्म दाखिल हो गए हैं। जो केस बचे हैं उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सिख दंगों के पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करें। प्रार्थी के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर करने वाले सतनाम सिंह गंभीर को सुरक्षा दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया, जिस पर कोर्ट ने उन्हें सुरक्षा के संबंध में जमशेदपुर एसएसपी के पास आवेदन देने को कहा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में इस मामले में अपडेटेड रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा, जबकि हस्तक्षेप कर्ता की ओर से फैसल अल्लाम ने पैरवी की। कोर्ट को बताया गया कि सिख दंगा के कई पीड़ित बीमार हैं।

### झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 24 जनवरी तक विस्तार दिया है। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। अब अदालत इस मामले में 24 जनवरी को सुनवाई करेगा। सांसद ने सचिवालय घेराव को लेकर धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की है।

### वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात के दरम्यान प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27% आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की जमीन लूट पर रोक, भदानीनगर थाना प्रभारी धनंजय प्रसाद पर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए। महामहिम राज्यपाल श्री राधाकृष्णन ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को ध्यान से सुना और आश्वस्त किया कि उनकी ओर से सभी मामलों पर यथाशीघ्र सकारात्मक पहल की जायेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**एक-एक पाई इकट्ठा कर...**

कि केंद्र सरकार ने पात्र वंचित गरीबों के आवास को स्वीकृति नहीं दी, परंतु आपकी सरकार राज्य के जरूरतमंद आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराएगी। हर गरीब का अपना आवास होगा। सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख गरीबों का अपना घर होने के सपने को पूरा करेगी। अगर जरूरत हुई तो योजना का दायरा और भी बढ़ाया जाएगा ताकि कोई भी जरूरतमंद बिना अपना आवास के न रहे। एक-एक पाई इकट्ठा कर जरूरतमंदों को आवास देंगे।

**हुनरमंद होना जरूरी है...**

ले लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा खेल के क्षेत्र में राज्य के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहें हैं। हाल ही में महिला एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी की मेजबानी झारखंड ने की। यहां के खिलाड़ियों को आपकी सरकार सिर्फ आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि सरकारी नियुक्ति में भी आगे लाने पर विचार कर रही है।

**लोस में राहुल-सोनिया समेत...**

के सांसद सदन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**बसपा सांसद को भी किया निलंबित :** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सभी तीन सांसद, वीसीके और आरएसपी के अकेले सांसद, डिंपल यादव सहित समाजवादी पार्टी के तीन में से दो सांसद, सीपीआई (एम) के तीन में से दो सांसद और सीपीआई के दो में से एक सांसद को निलंबित कर दिया गया है। निचले सदन से निलंबित होने वाले सांसदों में दानिश अली भी शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में बसपा से निलंबित किया गया था। हालांकि, बसपा विपक्षी गुट का हिस्सा नहीं है।

**कुल 141 सांसद हो चकु हैं निलंबित :** मालूम हो कि लोकसभा में सुरक्षा चूक ममाले पर हंगामा करने पर 14 दिसंबर को 13 लोस सांसदों को निलंबित किया गया था। वहीं सोमवार को लोकसभा से 33 और राज्यसभा से 45 सांसदों को निलंबित किया गया था। मंगलवार को, कार्यवाही में बाधा डालने के लिए लोकसभा से 49 विपक्षी सांसदों को बचे हुए सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। बसपा से निष्कासित सांसद दानिश अली को भी निलंबित कर दिया गया है। इस तरह दोनों सदनों को मिलाकर अब तक 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं।

**लोगों को डराकर लोकतंत्र खत्म करना चाहती है भाजपा : खरगे :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सांसदों के निलंबन को लेकर सरकार को घेरा है। बहुत सारे सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा अध्यक्ष ने निलंबित किया है, देश के इतिहास में पहली बार इतने सांसदों को निलंबित किया गया है। लोगों को डराकर लोकतंत्र खत्म करना चाहते हैं।

**'हमारी एक साधारण मांग थी'- अधीर रंजन चौधरी :** 92 विपक्षी सांसदों के निलंबन में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। उन्होंने इस मामले पर कहा, ...जब हम राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला उठाते हैं तो सत्तारूढ़ दल असुरक्षित महसूस करता है... हमारी एक साधारण मांग थी कि अमित शाह संसद में (सुरक्षा उल्लंघन मामले पर) बयान दें...। संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन की वर्तमान स्थिति अभूतपूर्व है। अब तक कुल 95 लोकसभा सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है। इससे पहले गत सप्ताह गुरुवार को 13 सदस्यों को और सोमवार को 33 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। इस शीतकालीन सत्र के दौरान ही 141 सांसदों को निलंबन कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

**संसद सुरक्षा उल्लंगन जितना ही...**

उज्ज्वल भविष्य बनाना है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को बताया कि अगर वह दिल्ली में हैं तो 2014 के बाद से उन्होंने एक भी (संसदीय पार्टी) बैठक नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद सुरक्षा उल्लंघन को उचित ठहराने के प्रयासों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि कुछ दल एक तरह से संसद में सुरक्षा उल्लंघन का समर्थन कर रहे हैं, यह संसद की सुरक्षा उल्लघंन जितना खतरनाक है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में 13 दिसंबर को संसद के उल्लंघन के लिए बेरोजगारी और महंगाई को जिम्मेदार ठहराया था, जब दो प्रदर्शनकारी निचले सदन कक्ष में कूद गए और धुएं के डिब्बे खोल दिए। मोदी ने कहा कि लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाले सभी लोगों को सामूहिक रूप से संसद में सुरक्षा उल्लंघन की निंदा करनी चाहिए थी। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के मुताबिक, "लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाली पार्टी खुलेआम या छुपे तौर पर इसे कैसे उचित ठहरा सकती है।" उन्होंने कहा कि संसद में जो हुआ, उस पर प्रधानमंत्री जी ने बहुत पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह 2023 की आखिरी मंगलवार की बैठक है।

**यूनिवर्सल पेंशन की तरह हम...**

पांच साल राज्य में डबल इंजन की सरकार थी। हमारी सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार ने कई योजनाओं की राशि में कटौती की, सौतेला व्यवहार किया। इसके बावजूद हमारी सरकार ने गत वित्तीय वर्ष में केवल 1.25 प्रतिशत ही लोन लिया। यह हमारी हेमंत सरकार का बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भूखे को खाना और अर्धनग्न लोगों को तन ढंकने का काम किया। हमने पिछले वित्तीय वर्ष में 21 हजार करोड़ राजस्व कामिर्शियल टैक्सेज से अर्जित किया जबकि इस वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 24 हजार करोड़ करना है। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों से भी राजस्व संग्रहण में सुधार हो रहा है।

**सोशल मीडिया से फैलता...**

और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं ।झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े,धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं।

सिंहभूम,पलामू,गुमला और माओवाद प्रभावित अनेक जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी गाड़ी सुरक्षा कारणों से भले ना घुस पाए पर समाज सेवा,चिकित्सा और जागरूकता के नाम पर विशिष्ट कोड अंकित वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से होता है ।माओवादी, जातीय और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक गतिविधियों वाली कुछ गाड़ियां नियमित रूप से घूमती है ।यह नहीं कहा जा सकता कि सभी की गतिविधियां संदिग्ध हैं पर कुछ संदिग्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में चर्चा है कि वे गांवों से प्राप्त आंकड़ों को विकास कार्यों के अलावा विदेशों तक पहुंचाती हैं जिनकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं । सरकारी एजेंसियों के अलावा राजनैतिक पार्टियों और समाजसेवियों को भी इस मामले पर गहन चिंतन और सुधारात्मक उपायों पर विचार करना चाहिए वरना सदियों पुरानी सद्भावना और सौहार्द बिगाड़कर एकाध चुनाव तो जीते जा सकते हैं पर जातीय उन्माद और विद्वेष से विकास की दौड़ में आगे चल रहे भारत को गहरी चोट लगेगी जो इसके दुश्मन ईर्ष्यालु देश चाहते भी हैं ।सबसे बड़ी भूमिका तो अब आम जनता को निभानी है जो इसी सोशल मीडिया के कारण सच्चाई भी जानती है और भविष्य के खतरों से भी अवगत है । वैसे स्थिति इतनी भी नहीं बिगड़ी कि संभाली न जा सके क्योंकि जातीय,धार्मिक और क्षेत्रीय राजनीति के दबावों के बावजूद लोग बहुत सी बातों की आपसी में चर्चा करते हैं और अपने अलावा देश समाज का भला सोचते हैं। इन्हें यह भी पता है सामाजिक तानाबाना ऐसा है कि भारतीय परंपरा में सभी एक दूसरे पर निर्भर हैं और लड़ाइयों से लाभ कुछ स्वार्थी लोगों का भले हो जाए नुकसान हमेशा आम आदमी का ही होता है। सरकार साइबर सेल का गठन कर इस दिशा में पहल की है पर उनका फोकस साइबर ठगी पर ही केंद्रित है जबकि शत्रु पड़ोसी देशों से जातीय,धार्मिक और क्षेत्रीय उन्माद फैलाने के कई मामले गड़बड़ी वाले मामले सीमावर्ती राज्यों में पकड़ में आए हैं जहां मिलिट्री इंटेलिजेंस इनपर नजर रखती है ।आज की आवश्यकता है कि जिस प्रकार राज्यों में कार्यरत विशेष पुलिस फोर्स को मिलिट्री की ट्रेनिंग दी गई है उसी प्रकार राज्यों की साइबर सुरक्षा गतिविधियों को प्रशिक्षण और सुविधाएं देकर तेज किया जाए जो समाज में फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर नजर रख सके अन्यथा घृणा का यह खेल गोला बारूद से भी अधिक घातक सिद्ध होगा । हम सभी को भी बिना तथ्यों को परखे हुए किसी भी सोशल मीडिया के वायरल मैसेज को फॉर्वर्ड करने से बचना चाहिए।भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से फैक्ट फाइंडिंग वेबसाइट भी चलाई जा रही है जिसमें झूठी खबरों और चित्र या वीडियो की जानकारी तुरंत मिल जाती है ।इसी प्रकार रिवर्स सर्च की सुविधा गूगल प्रदान करता है जिससे इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है ।भ्रामक या घृणास्पद बातों को वायरल करने वाले अनेक लोग पकड़े गए हैं साइबर लॉ के शिकंजे से बचने के लिए सावधानी सभी को रखनी चाहिए ।संदिग्ध लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करने से भी बचना चाहिए। ऐसे संदिग्ध लोग वीडियो कॉल कर नग्न वीडियो के माध्यम से जाल में फंसाकर ब्लैक मेल करते हैं या लालच दिखाकर फर्जी लोन एप के जाल में फांसकर धमकी देते हैं ।अभी तक ऐसे मामलों में अकेले भारत में 60 लोग परेशान होकर आत्महत्या कर चुके हैं ।कुछ लोग पकड़े भी गए जिनके तार चीन पाकिस्तान से जुड़े थे ।का बारूद नब्बे के दशक में जब रंगीन टीवी और इसके सास बहू टाइप कार्यक्रमों के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जोरदार प्रवेश भारत में हो रहा था तो कई समाचार पत्रों में इसे सांस्कृतिक हमला बताया था क्योंकि तब इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को रंगीन टीवी की चकाचौंध के बीच अपने उपभोक्ता उत्पादों के लिए बाजार बनाना था,जैसा इन्होंने यूरोपीय देशों में समाज की परंपरा के आगे सॉप ऑपेरा के माध्यम से एक नया बाजारवाद ही विकसित किया था और वही प्रयोग यहां भी होने वाला था ।बहुत से लोगों को लगा था कि टीवी चैनल जनता के मनोरंजन के लिए खुल रहे हैं पर यहां भी एक नए प्रकार का बाजारवाद और दिखावा भरे रहन-सहन की नींव रखी जा रही थी जो धीरे- धीरे गांवों तक पहुंच गई है । तब कुछ भारतीय लड़कियों को मिस वर्ल्ड और यूनिवर्स चुनी गईं और बाद में यह क्रम रुक गया। आज भारतीय परिवार भारतीय परंपराओं के इतर और बोल्ड कथानक या दृश्यों वाले धारावाहिक या फिल्मों का आदी ही चुका है।

जब सस्ते स्मार्ट फोन और फ्री डाटा के साथ सूचना क्रांति " एक और हमला हुआ तो इसे किसी ने वैसा खतरा नहीं बताया जैसा अभी सोशल मीडिया रूप ले चुका है । आज देश के किसी भी हिस्से में कोई भी मामूली घटना सनसनी बनकर कब देश विदेश में फैल जाएगी कोई नहीं जानता ।किसी भी घटना को मोबाइल में कैद करते अनगिनत हाथ कब उसे लाइव या अपनी समझ से किस रूप में फैला देंगे कोई नहीं जानता ।अनेक ऐसे मामलों में निहित स्वार्थ में झूठी और नफरत फैलाने वाली बातें जानबूझकर फैलाई गईं जिससे दंगे फसाद हुए ।हर हाथ में मोबाइल के इस नए युग में एक अनूठी बेलगाम गैर जिम्मेदार नए ढंग की पत्रकारिता में कोई संपादन नहीं होता और सबसे खतरनाक यह है कि इसके भयंकर कुपरिणाम अभी आने शेष हैं जिससे ऐसा भ्रम फैलेगा कि मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगेंगे।

पढ़ा लिखा परिपक्व वर्ग इसे व्हॉट्सएप यूनिवर्सिटी बोलकर गंभीरता से नहीं लेता पर भारत का एक बहुत बड़ा वर्ग जो बहुत पढ़ा -लिखा या मानसिक रूप से परिपक्व नहीं है वह झूठी गढ़ी हुई या फोटोशॉप की हुई तस्वीरों या आधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा तैयार सोशल मीडिया सामग्री को सच मान लेता है और उसपर चर्चा भी करता है उसे फैलाता है ।जाति,धर्म,राजनीति और अन्य संवेदनशील मुद्दों पर आधारित ये यह जहर तेजी से समाज में फैल रहा है जिसमें कहीं धर्म संकट में है तो कहीं मजहबी पहचान खतरे में है ।इतिहास भूगोल की झूठी जानकारी और चरित्र हनन के हजारों फोटो,वीडियो इंस्टा,फेसबुक,रील और यूट्यूब के अलावा व्हॉट्सएप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक पार्टियों,धार्मिक उन्माद फैलाने वाले षड्यंत्रकारियों से लेकर देश के दुश्मनों द्वारा फैलाई जा रही हैं जिससे समाज के अंदर एक जहरीला बारूद फैलता जा रहा है जिसे बस किसी घटना की माचिस का इंतजार है और जिस दिन ये आग लगेगी उस दिन नफरत का दावानल कहां तक पहुंचेगा कहना मुश्किल है। इस आग को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की ताक में पहले देश के दुश्मन रहा करते थे पर इससे भेदभाव फैलाकर या अपना पक्ष उज्ज्वल बताकर चुनाव जीतने की दौड़ में अनेक राजनैतिक दल भी शामिल हो गए हैं। इसका प्रमाण है अनेक जातीय धार्मिक दंगों की रिपोर्ट। झारखंड जैसा साफ सुथरा राज्य भी अब जातीय धार्मिक पहचान के रंग में रंगता जा रहा है ।गांव से लेकर सुदूरवर्ती दुर्गम इलाकों तक में झंडों से लेकर जातीय धार्मिक पोशाक और पर्व त्योहारों में शक्ति प्रदर्शन और उसके वीडियो एक प्रतिस्पर्द्धा का रूप ले चुके हैं ।झारखंड के अनेक गांवों में आपसी सौहार्द और सद्भावना के बजाय बातचीत में छींटाकशी से लेकर पलामू सहित माओवाद प्रभावित जिलों में अगड़े पिछड़े,धर्म और जातीय विद्वेष फैलाकर राजनीति चमकाने के संगठित प्रयास अभियान का रूप ले चुके हैं। सिंहभूम,पलामू,गुमला और माओवाद प्रभावित अनेक जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में सरकारी गाड़ी सुरक्षा कारणों से भले ना घुस पाए पर समाज सेवा,चिकित्सा और जागरूकता के नाम पर विशिष्ट कोड अंकित वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से होता है ।माओवादी, जातीय और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक गतिविधियों वाली कुछ गाड़ियां नियमित रूप से घूमती है ।यह नहीं कहा जा सकता कि सभी की गतिविधियां संदिग्ध हैं पर कुछ संदिग्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में चर्चा है कि वे गांवों से प्राप्त आंकड़ों को विकास कार्यों के अलावा विदेशों तक पहुंचाती हैं जिनकी जांच से बहुत से खुलासे हो सकते हैं । सरकारी एजेंसियों के अलावा राजनैतिक पार्टियों और समाजसेवियों को भी इस मामले पर गहन चिंतन और सुधारात्मक उपायों पर विचार करना चाहिए वरना सदियों पुरानी सद्भावना और सौहार्द बिगाड़कर एकाध चुनाव तो जीते जा सकते हैं पर जातीय उन्माद और विद्वेष से विकास की दौड़ में आगे चल रहे भारत को गहरी चोट लगेगी जो इसके दुश्मन ईर्ष्यालु देश चाहते भी हैं । सबसे बड़ी भूमिका तो अब आम जनता को निभानी है जो इसी सोशल मीडिया के कारण सच्चाई भी जानती है और भविष्य के खतरों से भी अवगत है । वैसे स्थिति इतनी भी नहीं बिगड़ी कि संभाली न जा सके क्योंकि जातीय,धार्मिक और क्षेत्रीय राजनीति के दबावों के बावजूद लोग बहुत सी बातों की आपसी में चर्चा करते हैं और अपने अलावा देश समाज का भला सोचते हैं ।इन्हें यह भी पता है सामाजिक तानाबाना ऐसा है कि भारतीय परंपरा में सभी एक दूसरे पर निर्भर हैं और लड़ाइयों से लाभ कुछ स्वार्थी लोगों का भले हो जाए नुकसान हमेशा आम आदमी का ही होता है। सरकार साइबर सेल का गठन कर इस दिशा में पहल की है पर उनका फोकस साइबर ठगी पर ही केंद्रित है जबकि शत्रु पड़ोसी देशों से जातीय,धार्मिक और क्षेत्रीय उन्माद फैलाने के कई मामले गड़बड़ी वाले मामले सीमावर्ती राज्यों में पकड़ में आए हैं जहां मिलिट्री इंटेलिजेंस इनपर नजर रखती है ।आज की आवश्यकता है कि जिस प्रकार राज्यों में कार्यरत विशेष पुलिस फोर्स को मिलिट्री की ट्रेनिंग दी गई है उसी प्रकार राज्यों की साइबर सुरक्षा गतिविधियों को प्रशिक्षण और सुविधाएं देकर तेज किया जाए जो समाज में फैल रही भ्रामक सूचनाओं पर नजर रख सके अन्यथा घृणा का यह खेल गोला बारूद से भी अधिक घातक सिद्ध होगा । हम सभी को भी बिना तथ्यों को परखे हुए किसी भी सोशल मीडिया के वायरल मैसेज को फॉर्वर्ड करने से बचना चाहिए।भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की तरफ से फैक्ट फाइंडिंग वेबसाइट भी चलाई जा रही है जिसमें झूठी खबरों और चित्र या वीडियो की जानकारी तुरंत मिल जाती है ।इसी प्रकार रिवर्स सर्च की सुविधा गूगल प्रदान करता है जिससे इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है ।भ्रामक या घृणास्पद बातों को वायरल करने वाले अनेक लोग पकड़े गए हैं साइबर लॉ के शिकंजे से बचने के लिए सावधानी सभी को रखनी चाहिए ।संदिग्ध लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करने से भी बचना चाहिए। ऐसे संदिग्ध लोग वीडियो कॉल कर नग्न वीडियो के माध्यम से जाल में फंसाकर ब्लैक मेल करते हैं या लालच दिखाकर फर्जी लोन एप के जाल में फांसकर धमकी देते हैं ।अभी तक ऐसे मामलों में अकेले भारत में 60 लोग परेशान होकर आत्महत्या कर चुके हैं ।कुछ लोग पकड़े भी गए जिनके तार चीन पाकिस्तान से जुड़े थे ।

**10 वर्षों के लिये...**

विचार किया जायेगा। साथ ही टाइगर रिजर्व की व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा।

**भारत में हैं 53 टाइगर रिजर्व :** भारत में इस समय 53 टाइगर रिजर्व है। झारखंड राज्य में केवल एक पलामू टाइगर रिजर्व है। एनटीसीए की दो दिवसीय बैठक में देश के टाइगर रिजर्व वाले सभी 17 राज्य भाग ले रहे हैं। इनमें कर्नाटक, उत्तराखंड ,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,असम, महाराष्ट्र,झारखंड, राजस्थान, उड़ीसा, वेस्ट बंगाल, केरल, छत्तीसगढ़ ,अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और बिहार शामिल हैं।

**रांची सर्राफा**

सोना (बिक्री) 58.850

चांदी (किलो) 75.500

## एक नजर

### आईपीएल नीलामी में बैठेंगे ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दुबई में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की नीलामी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। पिछले साल एक घातक कार दुर्घटना के बाद पंत एक साल के लिए एक्शन से बाहर हो गए हैं और उनके आईपीएल 2024 में फिर से खेलने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए नीलामी टेबल पर बैठने को लेकर पंत उत्साहित महसूस कर रहे हैं। पंत ने कहा, मैं सोचता था कि एक दिन मैं टेबल पर बैठ पाऊंगा, किसी तरह टीम की मदद कर सकूंगा या ऐसा ही कुछ। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कर पाऊंगा लेकिन किसी तरह चीजें ठीक हो गईं और मैं यह करने में सक्षम हूं।

### भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साईं सुदर्शन

**जोहान्सबर्ग।** आईपीएल 2023 और इमर्जिंग मेन्स एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के दम पर साईं सुदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। इस बांए हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 55 रन बनाकर नाबाद रहे। बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में साई सुदर्शन ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर किसी का सपना है। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया। 117 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, साईं सुदर्शन ने एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी और अपने पहले वनडे मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला।

### मुंबई में रोहित का कद सीएसके में धोनी के समान है : इरफान

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की विरासत की सराहना की है और इसकी तुलना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में एमएस धोनी के कद से की है। जैसे ही मुंबई इंडियंस के साथ रोहित की कप्तानी के युग का अंत हुआ, एक नए अध्याय की शुरूआत हुई। 15 दिसंबर को फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पांड्या को रोहित का उत्तराधिकारी घोषित किया। यह परिवर्तन न केवल नेतृत्व में बदलाव का प्रतीक है बल्कि एक ऐसे युग का अंत भी है, जहां रोहित ने टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के कद और महान एम.एस. के बीच समानताएं बताईं। 2013 सीजन के बीच में कप्तानी संभालने वाले रोहित ने मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक फाइनल में सीएसके के खिलाफ अपनी पहली चैंपियनशिप जीत दिलाई। 2015, 2017, 2019 और 2020 के बाद के वर्षों में रोहित की कप्तानी की क्षमता देखी गई, जिसने मुंबई इंडियंस को आगे की जीत के लिए प्रेरित किया।

### आईपीएल अनसोल्ड खिलाड़ी

# स्टीव स्मिथ, मनीष पांडे व करुण नायर को नहीं मिला कोई खरीदार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे को भी किसी ने अपनी टीम में नहीं लिया। मनीष का बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। आईपीएल के 170 मैचों में उन्होंने 29.07 की औसत से 3808 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 120.97 का है। आईपीएल के आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में हो रही है। 333 खिलाड़ी नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। सभी टीमों के पास कुल 77 स्थान ही बाकी हैं। ऐसे में अधिकतम खिलाड़ी अनसोल्ड हो जाएंगे। इस लिस्ट में कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम जुड़ते जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को किसी ने नहीं खरीदा। हालांकि, पहले राउंड में जिन खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगी है उनके नाम नीलामी के अंत में फिर से लिए जा सकते हैं। स्मिथ आईपीएल में पुणे सुपर जाएंट्स और राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर चुके हैं। स्मिथ का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। वह दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, कोच्चि टस्कर्स केरला और पुणे वॉरियर्स इंडिया की टीम का भी हिस्सा रहे हैं। स्मिथ ने आईपीएल के 103 मैचों में 34.51 की औसत से 2485 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 128.09 का रहा है।

**मनीष पांडे के पास 170 आईपीएल मैचों का अनुभव :** भारत के अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे को भी किसी ने अपनी टीम में नहीं लिया। मनीष का बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। आईपीएल के 170 मैचों में उन्होंने 29.07 की औसत से 3808 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 120.97 का है। पांडे आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, पुणे वॉरियर्स इंडिया, कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

**करुण नायर को भी नहीं मिला खरीदार:** भारत के बल्लेबाज करुण नायर भी नहीं बिक पाए। नायर का बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। वह आईपीएल में 76 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 23.75 की औसत से 1496 रन बनाए हैं। नायर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइटराइजर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम का हिस्सा रहे हैं।

**रिले रूसो भी रहे अनसोल्ड :** दक्षिण अफ्रीका के रिले रूसो को भी किसी ने नहीं खरीदा। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। रूसो आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा रहे हैं। रूसो ने 14 मैच खेले हैं।




**ये खिलाड़ी भी नहीं बिके**

**इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिलिप सॉल्ट, ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश, श्रीलंका के विकेटकीपर कुसल मेंडिस, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन, अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान, दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी, न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी, वेस्टइंडीज के अकील हुसैन, इंग्लैंड के आदिल रशीद, अफगानिस्तान के वकार सलामखिल और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेडलवुड को भी किसी ने नहीं खरीदा।**

# भोपाल बनी कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल क्रिकेट चैंपियन

**एजेंसी। रांची**

कोल इंडिया सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल क्रिकेट टूनार्मेंट के दसवें संस्करण के फाइनल मैच में भोपाल टाइगर्स ने सी ए आइकॉन इंदौर की टीम को 34 रनो से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली । टोरियन स्कूल के मैदान में खेले गए फाइनल मैच में टॉस जीतकर इंदौर की टीम ने गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल की टीम ने 20 ओवर्स में 8 विकेट खोकर 166 रन बनाय। भोपाल के शिवम्‍ द्विवेदी ने सर्वाधिक 31 रन बनाये क जवाब में इंदौर की टीम 20 ओवर्स में 132 रन ही बना पायी । इंदौर के भुमित के 36 एवं राहुल की 33 रन की पारी भी इंदौर को जीत नहीं दिला पायी । फाइनल मैच में भोपाल के ऋषि लोया ने 24 रन बनाये और 1 विकेट भी लिया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया । इस से पहले खेले गए सेमीफइनल में इंदौर ने उदयपुर एवं भोपाल ने जयपुर को हराकर फाइनल में जगह बनायीं ।




## झारखंड के अनित उरांव को 80 मीटर हार्डल में गोल्ड

**एजेंसी। रांची**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा लखनऊ में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के अंडर 14 ऐथलेटिक्स के 80 मीटर हार्डल में राज्य के अनीत उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अनित उरांव का चयन खेलो झारखण्ड अंतर्गत राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वारा राज्य टीम में किया गया था। गुमला जिला के लूथरें स्कूल का छात्र अनीत ने 11.31 सेकेंड का टाइम निकलते हुए स्वर्ण पदक जीता है। अनित ने इससे पहले इसी प्रतियोगिता 100 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस मौके पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।



### ऑस्ट्रेलिया ने जॉनसन के खिलाफ लिया एक्शन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने अपने कॉलम के जरिए डेविड वार्नर पर हमला बोला था। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए जॉनसन को ऑप्टस स्टेडियम में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं करने का फैसला लिया। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में मिचेल जॉनसन को ऑप्टस स्टेडियम में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं होने दिया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने फैसला किया कि वह पर्थ टेस्ट के दौरान जॉनसन को गेस्ट के रूप में शामिल करने की अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान नहीं कर सकता।

# इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**एजेंसी। त्रिनिदाद**

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले अंतिम दो टी-20 मैचों के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और अनुभवी शिमरॉन हेटमायर को 15 खिलाड़ियों के समूह से बाहर कर दिया गया है। कैरेबियाई टीम वर्तमान में पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है और मंगलवार को त्रिनिदाद में चौथे मैच में जीत या गुरुवार को उसी स्थान पर अंतिम मुकाबले में जीत के साथ श्रृंखला जीत सकती है। जहां वेस्टइंडीज एडिलेड और ब्रिस्बेन में मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेताओं के खिलाफ दो टेस्ट खेलेगा और कुल छह सफेद गेंद तीन वनडे और तीन टी20 खेले जाने हैं। जोसेफ तीनों प्रारूपों में वेस्टइंडीज की तेज गेंदबाजी इकाई के एक प्रमुख सदस्य हैं और वर्तमान में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान छह विकेट के साथ समान रूप से अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



**वेस्टइंडीज टीम**

**रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, काइले मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड और ओशेन थॉमस।**

### एसए20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है : ग्रीम

**नई दिल्ली।** एसए20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की। स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं। एसए20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें।

# पुरुष-महिला सीएम आमंत्रण फुटबॉल में रांची ने पलामू को 9-0 से हराया

**एजेंसी। रांची**

पर्यटन ,कला ,संस्कृति ,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के तत्वाधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन का मैच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी एवं मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला गया। दूसरे दिन का मैच के शुरूआत में जिला खेल पदाधिकारी, रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि प्रतियोगिता एवं मंच का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।

**दूसरे दिन के सभी मैचों का परिणाम इस प्रकार है :** महिला वर्ग में रांची जिला उपविजेता टीम ने पलामू जिला उपविजेता टीम को आसानी पूर्वक 9-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में रांची विजेता टीम ने पलामू विजेता टीम को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।



## व्यापार

# 2023 में 125 बिलियन डॉलर के प्रवाह के साथ भारत वैश्विक प्रेषण सूची में शीर्ष पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भारत में आवक प्रेषण 12.3 प्रतिशत बढ़कर 125 बिलियन डॉलर हो गया, जो 2022 में 111.22 बिलियन डॉलर था। भारत का आवक प्रेषण अब देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है। सोमवार को जारी विश्व बैंक की माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ‌ में कहा गया है कि भारत विश्व स्तर पर प्रेषण का सबसे अधिक प्राप्तकर्ता बना हुआ है, इसके बाद मेक्सिको (67 बिलियन डॉलर) और चीन (50 बिलियन डॉलर) हैं। वर्तमान में दक्षिण एशिया में भेजे जाने वाले कुल प्रेषण में भारत की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत है, जो 2022 में 63 प्रतिशत से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, प्रेषण की वृद्धि दर लैटिन अमेरिका और कैरेबियन (8 प्रतिशत) में सबसे अधिक है, इसके बाद दक्षिण एशिया (7.2 प्रतिशत) और पूर्वी एशिया और प्रशांत (3 प्रतिशत) का स्थान है। भारत में बढ़ते प्रेषण के पीछे मुख्य कारक मुद्रास्फीति में गिरावट और उच्च आय वाले देशों में मजबूत श्रम बाजार हैं, जिसने अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में कुशल भारतीयों से प्रेषण को बढ़ावा दिया। भारत में कुल प्रेषण प्रवाह में इन तीन देशों का हिस्सा 36 प्रतिशत है। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) से उच्च प्रवाह ने भी वृद्धि में योगदान दिया, विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से, जो भारत के कुल प्रेषण का 18 प्रतिशत हिस्सा है, जो अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में प्रेषण प्रवाह को सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने और भुगतान और मैसेजिंग सिस्टम को इंटरलिंक करने के लिए सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ फरवरी 2023 के समझौते से विशेष रूप से लाभ हुआ।सीमा पार लेनदेन में दिरहम और रुपये का उपयोग औपचारिक चैनलों के माध्यम से अधिक प्रेषण को प्रसारित करने में सहायक होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक दक्षिण एशिया में कम प्रेषण लागत है। 4.3 प्रतिशत पर, दक्षिण एशिया में 200 डॉलर भेजने की लागत 2023 की दूसरी तिमाही में वैश्विक औसत 6.2 प्रतिशत से 30 प्रतिशत कम है।




### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शहीद चौक पर खोली नई शाखा


**रांची।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एसएफबी) ने रांची में शहीद चौक पर अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। बैंक का लक्ष्य डिजिटल बैंकिंग को प्राथमिकता देकर और राजस्व धाराओं में विविधता लाकर एक विविध और स्थिर ग्राहक आधार बनाना है। उज्जीवन एसएफबी अपनी 20 शाखाओं के माध्यम से झारखंड में 2 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इतिरा डेविस ने कहा कि हमें रांची में अपनी नई शाखा के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बचत और जमा पर प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों सहित वैयक्तिकृत बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की हमारी विस्तृत



## उधार लेने वाले 18% ही डेटा गोपनीयता के बारे समझते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2023 में उधार लेने के लिए कंज्यूमर ड्यूरेबल और बिजनेस की जरूरतें अब भी मुख्य कारण बनी हुई हैं। फाइनैंशियल सर्विसेस के डिजिटलाइजेशन की बढ़ती स्वीकृति की वजह से उधार लेने वालों में से 29% लोग ऑनलाइन लोन का विकल्प चुनते हैं। 51% अपने अगले लोन के लिए ऑनलाइन चैनलों पर जाना चाहते हैं। उधार लेने वालों में सिर्फ 18% डेटा गोपनीयता के नियमों के बारे में समझते हैं, उनमें से ज्यादातर (88%) इस मामले में सिर्फ ऊपरी समझ रखते हैं। लोन लेने के लिए ईएमआई कार्ड अब भी सबसे पसंदीदा माध्यम बने हुए हैं, जिन्हें उधार लेने वालों में से 49% लोग स्वीकार करते हैं। रांची में जवाब देने वालों में 21% लोग लोन कंपनियों की ओर से अपने व्यक्तिगत डेटा के इस्तेमाल के बारे में समझते हैं रांची में, ज्यादा डिजिटल उधार देने वाली कंपनियों के आने की वजह से फिनटेक में बढ़ोतरी के बारे में 81% आशावादी हैं; 77% ऑफलाइन चैनलों की तुलना में ऑनलाइन लोन को ज्यादा सुविधाजनक मानते हैं रांची, 2023: अग्रणी ग्लोबल कंज्यूमर फाइनैंस प्रोवाइडर की स्थानीय शाखा, होम क्रेडिट इंडिया ने मंगलवार को अपना वार्षिक कार्यक्रम हाउ इंडिया बॉरोज-सर्वेक्षण 2023 लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य लगातार विकसित हो रहे कंज्यूमर के उधार लेने से जुड़े व्यवहार को समझना है। 2021 के बाद से, उधार लेने का चलन घर चलाने से लेकर स्मार्टफोन और घरेलू उपकरणों (2023 में 44%) जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल खरीदने में बदल गया था।



### जेजेयू प्रोफेसर की पुस्तक विमोचन में बोले विदेशमंत्री

# पीछे मुड़कर देखना, खुद को सही करना जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा आजादी के 75 साल बाद विदेश नीति के बारे में अधिक आत्मनिरीक्षण करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि अक्सर हम सोचते हैं कि जो निर्णय लिए गए, वे ही एकमात्र निर्णय थे जो लिए जा सकते थे, जो शायद पूरी तरह सच नहीं हो। तो, मुझे लगता है कि काल्पनिक होने की आवश्यकता नहीं है। पीछे मुड़कर देखना, तरोताजा रहना, खुद को सही करना महत्वपूर्ण है। विदेश नीति को सही करने के लिए पीछे मुड़कर देखना महत्वपूर्ण है, पीछे मुड़कर देखते रहें, तरोताजा होते रहें और खुद को सही करते रहें।''विदेश मंत्री जयशंकर ओ. पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल इनिशिएटिव्स के डीन पूर्व भारतीय राजनयिक, प्रो. मोहन कुमार की पुस्तक, इंडियाज मोमेंटः चेंजिंग पावर इक्वेशन अराउंड द वर्ल्ड के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। पुस्तक का प्रकाशन हार्पर कॉलिन्स द्वारा किया गया है। जयशंकर ने कहा, विदेश नीति के संदर्भ में हम सभी वातार्कार हैं। निश्चित रूप से जब कूटनीति की बात आती है। आज जब हम प्रौद्योगिकी मुद्दों या सुरक्षा मुद्दों को देख रहे हैं, या रणनीतिक स्वायत्तता पर बहस कर रहे हैं, तो छह कारक हैं, जिन्हें डॉ. मोहन कुमार ने अपनी पुस्तक में एकीकृत ढांचे के रूप में संदर्भित किया है। इसमें से पहला वह गांधी लिटमस टेस्ट कहते हैं, गरीबी वीटो। दूसरा एक नीतिगत स्थान है और अन्य में घरेलू राजनीति, भूराजनीतिक अनिवार्यताएं, बहुपक्षवाद और अंत में भौतिक लाभ शामिल हैं, क्योंकि अंत में यह सबके अच्छे के लिए है। मंत्री ने विस्तार से कहा, जैसा कि भारत 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के करीब पहुंच रहा है, हमारे हितों की सीमा, हमारे विकास की सीमा को देखते हुए, शायद हम निर्णय लेने में दो अन्य कारकों पर भी विचार कर सकते हैं। एक वास्तव में व्यापक राष्ट्रीय शक्ति है, क्योंकि यह हमेशा वह नहीं है, जिसका आप बचाव कर रहे हैं, यह वह भी है, जो आप प्राप्त कर रहे हैं। डब्ल्यूटीओ शब्दावली में आक्रामक हित भी एक ऐसी चीज है, जिसे हमें ध्यान में रखना होगा और दूसरा यह है कि जैसे-जैसे हम बढ़े हैं, यह विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में है, मुझे लगता है कि इस पर जोर देना अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है। किसी भी समझ के हिस्से के रूप में इसका कितना हिस्सा इसे भारत में बनाया जाएगा और भारत में नियोजित किया जाएगा। अगर मुझे अमृत काल और विकसित भारत की ओर यात्रा को देखना हो, तो मैं निश्चित रूप से आज यह तर्क दूंगा कि अगर मुझे एक बनाना होता निर्णय के अनुसार, मैं निश्चित रूप से उन निर्णयों पर गौर करूंगा, जो व्यापक राष्ट्रीय शक्ति में जोड़ या घटाव करेंगे और यह वास्तव में भारत के भीतर गहरी ताकत बनाने में योगदान देगा।




### टॉप-10 स्टील कंपनियों की सूची में शामिल होगा सेल : अमरेन्दु प्रकाश

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के देश के प्रतिष्ठित उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को दुनिया के टॉप 10 स्टील कंपनियों की सूची में शामिल कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। वर्तमान में सेल स्टील उत्पादक कंपनियों की विश्वस्तरीय सूची में 21वें स्थान पर है। सेल के अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने दिल्ली स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में खास बातचीत में कहा कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में स्टील की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेल न केवल अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा बल्कि उत्पादन को बढ़ाने के लिए आधुनिक तरीकों को अपनाएगा और इस दिशा में नए-नए अन्वेषण पर भी जोर देगा।



## देश को वैश्विक विकास का स्टार परफॉर्मर बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक सुदृढ़ता और विकास की सराहना की है। कोष ने अपनी वार्षिक आर्टिकल क्ष्ग परामर्श रिपोर्ट में कहा है कि भारत एक ह्यस्टार परफॉर्मरह्व के रूप में उभरा है। कोष ने अनुमान जताया है कि भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों की सहायता से भारत इस साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए ठोस आधार प्रदान करने के क्रम में सरकार द्वारा अवसंरचना में निवेश करने और आवश्यक लॉजिस्टिक्स विकसित करने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। इसमें कहा गया है, ह्लसरकार ने कई संरचनात्मक सुधार किए हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रमुख सुधार डिजिटलीकरण है, जो कई वर्षों से विकसित हो रहा है और इसने भारत को भविष्य में बेहतर उत्पादकता और विकास के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान किया है।ह्व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। आईएमएफ का कहना है, यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं, तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है।



**चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया**

### आईएमएओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

**कोलकाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने अपने सदस्यों के बीच व्यावसायिकता और विशेषज्ञता बढ़ाने के प्रयासों के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (आईएमएओ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बैंगलुरू में आयोजित आईसीएसआई-सीआईआरसी के कॉरपोरेट सीएस पर दूसरे क्षेत्रीय सम्मेलन में आईसीएसआई और आईएमएओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस मनीष गुप्ता ने बताया, 'हितधारकों की बढ़ती जरूरतों और अपेक्षाओं को समझना और पेशेवर ज्ञान और कौशल में लगातार सुधार करना जरूरी है। आईएमए के साथ सहयोग इसमें मददगार साबित होगा। इससे दक्षता बढ़ेगी और कामकाजी पेशेवरों की विभिन्न चुनौतियों के लिए नए मौके मिलेंगे।